समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 62,917.63 | 18,688.10 |

तापमान

अधिकतम 41 °c

न्यूनतम 31 °c

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



यूपी में बिजली कटौती से योगी नाराज पेज-02

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण पेज-03

वर्ष 10 | अंक 298 | लखनऊ, 18 जून रविवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

# सरकार और उद्यमियों के बीच सेतु बनेंगे उद्यमी मित्र : योगी

## सीएम ने सौंपा तीसरी आंख के रूप में कार्य करने का दायित्व, सर्विस में एज रिलैक्सेशन के साथ मिलेगा स्पेशल वेटेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच उद्यमी मित्र सेतु की तरह काम करेंगे। वो उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। उनका कनेक्शन जिले से लेकर शासन में बैठे अफसरों तक होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा,अगर स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन को दी जाएगी। जिस तरह सीएम फेलोशिप से जुड़े युवा आकांक्षात्मक विकासखंडों में शासन की तीसरी आंख की तरह कार्य करते हैं, उद्यमी मित्रों को भी उसी तरह काम करना होगा। मुख्यमंत्री योगी ने आज शनिवार को लोकभवन में 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र व 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण करते हुए यह बात कही। सीएम ने उद्यमियों से भी न केवल प्रदेश में और अधिक निवेश की अपील की बल्कि अपने सीएसआर फंड से युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्यमियों ने भी प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार के साथ सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी निवेश फ्रेंडली सुविधाओं की सराहना की और अपने अनुभव के साथ सुझाव भी साझा किए। शीर्ष उद्यमी मित्रों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव सीएम के साथ साझा किए। सीएम ने कहा कि हमारे 100 से अधिक उद्यमी मित्र यहां चयनित हुए हैं, आपने 14 दिन की ट्रेनिंग के साथ ही कुछ औद्योगिक स्थलों का भी निरीक्षण किया है।

आप जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। अगले तीन वर्ष के अंदर आप इन कार्यक्रमों के अंदर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने में पूरी मजबूती से योगदान देंगे। प्रत्येक माह कार्यों का मूल्यांकन होगा। तीन वर्ष के सफलतम कार्यकाल के बाद जो भी उद्यमी मित्र औद्योगिक विकास से जुड़े या विभिन्न अथॉरिटी या शासन की किसी भी सर्विस से जुड़ने के लिए इच्छुक होगा तो एज रिलैक्सेशन के साथ ही स्पेशल वेटेज




### अधिक से अधिक निवेश करिए

उन्होंने उद्यमियों से अपील भी की कि बदले हुए उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करिए और रोजगार का सृजन करिए ।अपनी सीएसआर की निधि का उपयोग उत्तर प्रदेश में ही करिए। हर इंडस्ट्री अपने साथ एक इंस्टीट्यूशन को जरूर जोड़े। आपकी आवश्यकता के अनुरूप स्किल डेवलपमेंट के कार्य से यहां के युवाओं को जोड़िए। इंस्टीट्यूशन से जुड़े लोगों को अपने यहां ट्रेनिंग दिलाएं। हमने सीएम इंटर्नशिप की स्कीम भी निकाली है। इस स्कीम के तहत यदि आप अपने यहां अनस्किल्ड मैनपावर को रखते हैं, उसकी ट्रेनिंग करवाते हैं तो आधा पैसा राज्य सरकार आपको देगी और आधा पैसा आप मानदेय के रूप में उसे देंगे। एक निश्चित समय में वो आपके यहां कार्य करेगा और बाद में उसका कहीं और समायोजन होगा। यह एक बड़ा प्रयास होगा। उत्तर प्रदेश के अंदर अगले एक वर्ष के अंदर साढ़े 7 लाख नौजवानों को इसके साथ जोड़ने का लक्ष्य हमने तय किया है।

भी प्रदान किया जाएगा। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आपको देखना होगा कि कहीं भी आप पर कोई उंगली न उठा सके। आपको लालच देने का प्रयास होगा, आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास होगा। इन दोनों परिस्थितियों में बिना डिगे, बिना झुके, बिना बहके आपको 25 करोड़ जनता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और प्रदेश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए अपने योगदान को रेखांकित करते हुए कार्य करना होगा। वही आपके मूल्यांकन का सबसे बड़ा आधार होगा।

उन्होंने सीएम फेलोशिप में चयनित युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम फेलोशिप योजना के तहत चयनित विकासखंडों में जाकर उन्हें आकांक्षी विकासखंड से उभारकर सामान्य विकास की प्रक्रिया से जोड़ने वाले विकासखंड के रूप में स्थापित करने में योगदान दे रहे हैं। इसके परिणाम अच्छे और सकारात्मक रहे हैं। उद्यमी मित्रों की योग्यता का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि 1,500 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 105 का चयन किया गया। इनमें 87 पुरुष और 18 महिलाएं हैं। इस सूची में 15 को हमने वेटिंग में भी रखा है। यहां पर जो अभ्यर्थी चुने गए हैं, वो सभी सम्मानित यूनिवर्सिटी से आए हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वेल्स, यूके, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम इंदौर, बीएचयू, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज, एनआईटी प्रयागराज समेत शीर्ष शिक्षण संस्थानों से ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। आप सबसे अपील है कि यह अवसर है आपके लिए कार्य करने का, अपने आपको साबित करने का, अपनी क्षमता को प्रदेश के हित में लगाने का। आपके द्वारा जो भी प्रयास होंगे उनके बेहतर परिणाम को अपनी आंखों से देखने का। इस बार आपने देखा होगा कि इन्वेस्टर्स समिट में हमें 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन्वेस्टर्स समिट कैसे होना चाहिए, उत्तर प्रदेश ने मानक तय कर दिया है। सीएम योगी ने उद्यमियों को आश्वासन दिया कि यदि आपने प्रदेश सरकार पर विश्वास किया है तो विश्वास के साथ किसी को भी विश्वासघात करने की छूट नहीं देंगे।

## संक्षिप्त

### संविधान हमारे लिए गीता, बाइबिल या कुरान की तरह: गडकरी

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** संविधान हमारे लिए भगवद गीता, बाइबिल या कुरान की तरह है और अगर समाज को उसके सिद्धांतों के अनुसार आकार देना है, तो हर हितधारक को खुश और संतुष्ट किया जाना चाहिए। भाजपा इस दिशा में काम कर रही है। यह टिप्पणी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भाजपा व्यापारी संवाद सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान की। गडकरी ने कहा कि भाजपा को तीन मुख्य लक्ष्यों द्वारा परिभाषित किया जाता है। पहले लक्ष्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद पार्टी की आत्मा है और वह राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, भाजपा चाहती है कि देश की सीमाएं सुरक्षित रहें। पार्टी चाहती है कि देश आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से मजबूत बने।

### भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में 25 लाख लोगों के आने की उम्मीद

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन को विश्व प्रसिद्ध पुरी रथ यात्रा उत्सव के दौरान इस बार करीब 25 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रथ यात्रा महोत्सव 20 जून से शुरू होगा। यह बात श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने कही। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने पीटीआई-से कहा कि इस महापर्व को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से आशान्वित है। उन्होंने कहा, '' हम 20 जून को श्री गुंडिचा दिवस के अवसर पर पुरी में लगभग 10 लाख लोगों के जुटने की उम्मीद कर रहे हैं, इस दौरान भक्तों द्वारा रथ खींचे जाएंगे। ''

### कांग्रेस समेत 10 विपक्षी दलों के नेताओं ने पीएम से मुलाकात का आग्रह किया

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस समेत 10 विपक्षी दलों के नेताओं ने मणिपुर में हिंसा के मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि वह अमेरिका के दौरे पर रवाना होने से पहले उन्हें मिलने का समय दें ताकि वे राज्य से जुड़े मुद्दों को उनके समक्ष रख सकें। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), तृणमल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) की मणिपुर इकाइयों के नेताओं ने 10 जून को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर और फिर 12 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र सौंपकर मिलने का समय मांगा है।

### भारतीय सेना ने उत्तरी सिक्किम में फंसे 3500 पर्यटकों को बचाया

**गंगटोक।** पूरे सिक्किम में शुक्रवार को भारी बारिश हुई। इस कारण उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग के पास भूस्खलन और एक पुल के बह जाने के कारण लगभग 3500 पर्यटक फंस गए। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर और सीमा सड़क संगठन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश और खराब मौसम में पर्यटकों के बचाव की सुविधा के लिए फ्लैश फ्लड क्षेत्र पर एक अस्थायी क्रॉसिंग बनाने के लिए रात भर काम किया।

# ओपरेशन गंगा हमारे लोगों के साथ खड़े होने के संकल्प को दर्शाता है: पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन गंगा' सरकार के अपने लोगों के साथ खड़े होने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी कठिन चुनौती क्यों न हो, सरकार अपने लोगों के साथ हमेशा खड़े रहेगी। उनकी टिप्पणी ''हिस्ट्री टीवी 18'' द्वारा अपने नये वृत्तचित्र ''द इवैक्यूएशन-ऑपरेशन गंगा'' पर किये गये एक ट्वीट पर आई है। ''हिस्ट्री टीवी 18'' ने एक ट्वीट किया, ''यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हजारों भारतीयों ने खुद को एक युद्ध क्षेत्र में फंसा हुआ पाया था। इसके ठीक दो दिन बाद, भारत ने 21वीं सदी में सबसे बड़े हवाई



निकासी अभियानों में से एक की शुरुआत की। इतिहास रचने वाले इस मिशन के तहत 90 विशेष उड़ानों के जरिये 18 देशों से 22,000 से अधिक भारतीयों और 147 विदेशी नागरिकों

### आपरेशन गंगा भारत की अदम्य भावना को भी प्रदर्शित करता

ट्वीट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''ऑपरेशन गंगा हमारे लोगों के साथ खड़े होने के हमारे दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, चाहे चुनौती कितनी भी कठिन क्यों न हो। यह भारत की अदम्य भावना को भी प्रदर्शित करता है। यह वृत्तचित्र इस ऑपरेशन से संबंधित पहलुओं पर बहुत जानकारीपूर्ण होगा।'' सरकार ने रूस के साथ युद्ध के दौरान यूक्रेन से भारतीय नागरिकों, ज्यादातर छात्रों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन गंगा' की शुरुआत की थी।

## माफिया विनोद के घर पर चला बुलडोजर, ढहाया गया अवैध निर्माण

**गोरखपुर (समृद्धि न्यूज़)।** फरार चल रहे 50 हजार के इनामी माफिया विनोद उपाध्याय का गुलरिहा के मोगलहा में स्थित आलीशान आशियाना ध्वस्त किया गया। बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराने पर जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) ने माफिया को नोटिस भेजा था। तय समय सीमा के भीतर जवाब न देने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। मौके पर जीडीए के अधिकारियों के अलावा गुलरिहा थाना पुलिस व पीएसी के साथ एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई मौजूद रहे। माफिया विनोद उपाध्याय ने गुलरिहा के सलेमपुर उर्फ मोगलहा में स्थित 500 वर्ग मीटर में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण कराया था। शिकायत पर 27 अप्रैल को जीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।मकान में रह रहे लोगों से मानचित्र के बारे में पूछा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया।

**आत्मनिर्भरता एक विकल्प नहीं, इस देश की जरूरत है...**

# कब कौन धोखा दे दे, भरोसा नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हुए है। जहां पर आज उन्होंने 1971 के युद्ध और कारगिल युद्ध का उदाहरण देते हुए तेजी से बदल रहे वैश्विक परिदृश्य में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता एक विकल्प नहीं, बल्कि इस देश की जरूरत है। वह शनिवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को याद करते हुए बोले कि 1971 के युद्ध के समय देश को रक्षा उपकरण देने से मना कर दिया गया था और देश को दूसरा रास्ता तलाशना पड़ा था। यही हाल कारगिल युद्ध के दौरान था, जब सशस्त्र बलों ने उपकरणों की भारी जरूरत महसूस की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''1971 के युद्ध में जब हमें उपकरणों की सबसे अधिक जरूरत थी, हमें उपकरण देने से मना कर दिया गया। हमें दूसरा रास्ता तलाशना पड़ा। मैं उन देशों का नाम नहीं लेना चाहता जिन्होंने हमारा अनुरोध ठुकरा दिया था।



### किसी भी समाज, साम्राज्य या देश के लिए दूसरों पर निर्भर रहना अनुचित

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसी भी समाज, साम्राज्य या देश के लिए दूसरों पर निर्भर बने रहना अनुचित है और रोमन साम्राज्य के पतन का कारण यही है। यहां आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, यदि आप प्राचीन समय के रोमन साम्राज्य को देखें तो आप पाएंगे कि चौथी शताब्दी से पूर्व रोमन दुनिया के सबसे ताकतवर साम्राज्यों में से एक था।

**भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ, कहा-**

# नरेन्द्र मोदी ने नौ साल में देश की किस्मत बदल दी

**शांतिरबाजार (त्रिपुरा) (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास का गवाह रहा है जिन्होंने गत नौ साल में ''भारत की किस्मत बदल दी है।'' उन्होंने मोदी सरकार की कसौटी के तौर पर अवसंरचना विकास और 'चहुंओर' हो रहे विकास का हवाला दिया। नड्डा ने केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर त्रिपुरा के शांतिरबाजार स्कूल मैदान में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा, '' पहले भारत को भ्रष्टाचार, नीतिगत जड़ता और कुशासन के लिए जाना जाता था। लेकिन अब पूरी दुनिया यहां चारों ओर हो रहे



विकास और सुशासन के लिए देश का सम्मान करती है।'' केंद्र के अवसंरचना विकास में उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए 13,125 किलोमीटर लंबी सीमा सड़कों का निर्माण किया गया है। नड्डा ने दावा किया कि मोदी ने प्रदर्शन आधारित राजनीति की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मोदी वह व्यक्ति हैं जिन्होंने वोट बैंक की राजनीति को बदलकर विकास केंद्रित राजनीति की शुरुआत की।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कहा-**

# आप आज जो कर रहे हैं उसे कल से बेहतर कीजिए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भारतीय उद्योग जगत से महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों को लाने पर ध्यान केंद्रित करने और अपने कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का आह्वान किया ताकि देश की विकास यात्रा को आगे ले जाया जा सके। डोभाल ने भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा आयोजित 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' स्मृति व्याख्यान देते हुए वैश्विक स्तर पर कार्यबल मुहैया कराने में भारत की बढ़ती महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि यदि मानव संसाधन पर्याप्त



कुशल है तो देश और अधिक सफलता हासिल कर सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने कहा, ''हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा मानव संसाधन है जो अत्यधिक प्रेरित और प्रतिबद्ध कार्यबल है। हमें उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उनके कौशल को विकसित करने की आवश्यकता है।'' डोभाल ने जीवन के सभी पहलुओं में निरंतर सुधार का भी आह्वान करते हुए कहा, ''आप जहां भी हैं, जो भी कर रहे हैं, उसे कल से बेहतर कीजिए।'' उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डोभाल ने कहा, ''हमें महत्वपूर्ण एवं उभरती और विविध प्रौद्योगिकियों को लाना चाहिए। आपको वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होना होगा, आपको नवोन्मेषी होना होगा, आपको किफायती होना होगा और यदि आपको यह करना है, तो आपको इनमें निवेश करना होगा।''

# न्यायपालिका कानून नहीं बना सकती : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय विधायिका सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शनिवार को कानून बनाने की विधायिका की सर्वोच्चता को बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में न्यायपालिका की कोई भूमिका नहीं है। नायडू ने कहा कि संविधान ने कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है और किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि वे सर्वोच्च हैं और न ही उन्हें अपनी सीमाएं लांघनी चाहिए।

कानूनी शक्तियां केवल कानूनी निकायों को ही दी जाती है। कानून, संवैधानिक प्रावधान के अनुसार है या नहीं इसका फैसला कोर्ट को करने



दिया जाए। लेकिन कोर्ट कानून नहीं बना सकती है। न्यापालिका कानून नहीं बना सकती है और इसे ध्यान में रखना होगा। न्यायपालिका फैसला करती है, कार्यपालिका लागू करती है और यदि अंत में कोई प्रावधानों का उल्लंघन करता है तो वह अदालत जा सकता है। न्यायपालिका गतिशील होनी चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति ने यह प्रतिक्रिया शक्तियों के संवैधानिक बंटवारे को लेकर उठे विवादों पर दी है।

**हवाई दौरा | बिपरजॉय तूफान से प्रभावित इलाकों का गृहमंत्री शाह ने किया हवाई सर्वेक्षण, राहत शिविर का किया दौरा**

# कई लोगों को किया गया रेस्क्यू, कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कच्छ (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ शनिवार को गुजरात के कच्छ में चक्रवात बिपरजॉय से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। बाद में दिन में अमित शाह, सीएम पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। शाह इसके बाद मांडवी जाएंगे और चक्रवात से प्रभावित लोगों से मिलेंगे और फिर भुज में स्वामीनारायण मंदिर जाएंगे और प्रभावित लोगों के लिए दी जा रही खाद्य सामग्री और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने इलाकों का जायजा लेने के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ कर्मचारियों से भी मुलाकात की। बिपरजॉय तूफान के दौरान टीम ने लोगों को बचाने के लिए काफी कोशिश की। इस तबाही के दौरान बचावकर्मी काफी सक्रीय रहे थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज तड़के कहा कि चक्रवात कमजोर होकर गहरे दबाव में बदल गया है और अगले 12 घंटों में इसके कमजोर होकर अवसाद में बदलने की संभावना है।



आईएमडी के अनुसार, चक्रवाती तूफान दक्षिण पूर्व पाकिस्तान के ऊपर शुक्रवार रात 11: 30 बजे कमजोर हो गया। आईएमडी ने एक ट्वीट में कहा, दक्षिण पश्चिम राजस्थान और कच्छ धोलावीरा से लगभग 100 किमी उत्तर पूर्व में यह कमजोर पड़ गया है। इस बीच, पहले यह बताया गया था कि चक्रवात के प्रभाव के कारण भुज, कच्छ में कई पेड़ उखड़ गए। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने शुक्रवार को निकासी का काम किया। कुल छह राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों ने रूपेन बंदर सरकारी प्राथमिक विद्यालय से 127 नागरिकों को निकाला और चक्रवात बिपरजॉय के गुरुवार शाम राज्य के तटीय क्षेत्रों में आने के बाद एनडीएच स्कूल से लोगों को स्थानांतरित कर दिया गया। एनडीआरएफ के मुताबिक, निकाले गए नागरिकों में 82 पुरुष, 27 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के गुजरात में आने के बाद अगले दो दिनों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई थी। इसके बाद, पश्चिम रेलवे ने शुक्रवार को चक्रवात संभावित इलाकों में एहतियात के तौर पर कुछ और ट्रेनों के संचालन को रद्द करने, आंशिक रूप से रद्द करने का फैसला किया। गुजरात के मुख्यमंत्री ने चक्रवात बिपरजॉय के आने के मद्देनजर राज्य में स्थिति का जायजा लेने के लिए गांधीनगर में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र में एक बैठक की।

### वादे हर कोई करता है, मोदी सरकार का 'मजबूत पहलू' वादों को पूरा करना है

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लोगों से वादे हर कोई करता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार का ''मजबूत पहलू'' यह है कि वह दी गई समयसीमा में सेवाएं उपलब्ध कराती है और परियोजनाओं को पूरा करती है।

उन्होंने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोगों तक पहुंचने के अभियान 'संपर्क से समर्थन' के तहत यहां बदरपुर में आयोजित एक समारोह में यह बात कही।

# यूपी में बिजली कटौती से योगी नाराज

## रात में ऊर्जा मंत्री-सभी बड़े अफसरों को तलब किया बोले यह बर्दाश्त नहीं करेंगे, तत्काल सुधार करें

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी में लगातार चल रही बिजली कटौती ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर रात ऊर्जा मंत्री से लेकर विभाग के बड़े अफसरों को तलब किया। उनसे कटौती का कारण पूछा और नाराजगी जताई। कहा, यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे, इसमें तत्काल सुधार करें और तत्काल अघोषित कटौती को रोका जाए। योगी ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से कहा कि अगर जरूरत हो तो बिजली खरीदारी को बढ़ाकर पब्लिक को राहत पहुंचाई जाए।

सीएम ने कहा कि अफसरों की फीडर वाइज जवाबदेही तय की जाए। यही नहीं, संबंधित अधिकारी रोज हर जिले की समीक्षा करें। हर जिले में कंट्रोल रूम बनाएं। जिले में नियमित रूप से डीएम बिजली व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें। सीएम योगी ने कहा, तत्काल विद्युत व्यवस्था में सुधार लाएं। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि यूपी में कहीं भी फाल्ट हो तो तुरंत उसे अटेंड किया जाए। शहर हो या गांव, जहां कहीं भी ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना मिले, जल्द वहां ट्रांसफॉर्मर बदला जाए। सीएम योगी ने ऊर्जा मंत्री, विभाग के अध्यक्ष, एमडी और अधिकारियों से कहा, बिजली व्यवस्था के तय शेड्यूल का ध्यान रखें। जिला मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालय को 22 घंटे और गांवों को 18 घंटे बिजली हर हाल में दें। स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं होनी चाहिए। यूपी में रोज 500 से 550 ट्रांसफॉर्मर खराब हो रहे हैं।

अधिकारियों का कहना है कि 2 साल से ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ाने और पोल के साथ तार बिछाने का काम नहीं किया गया। लखनऊ में ही रोज 15 से ज्यादा छोटे-बड़े ट्रांसफॉर्मर खराब हो रहे हैं। यूपी राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का आरोप है कि फीडर को 30 से 45 मिनट के लिए बंद कर दिया जा रहा है। उपकेंद्र पर 7 से 10 फीडर होते हैं। एक फीडर से 1000 से 2000 उपभोक्ताओं को बिजली मिलती है। ऐसे में एक बार में इतने घर अंधेरे में चले जाते हैं। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इसकी जांच की जाए तो विभागीय स्तर पर बड़ी लापरवाही सामने आएगी।

बिजली कटौती को लेकर लखनऊ के इस्माईलगंज वार्ड नंबर 2 के लोगों ने कमता उपकेंद्र पर हंगामा और धरना दिया था। पूर्व पार्षद रूद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया था। रूद्र प्रताप ने बताया था कि रात 11 बजे से ही करीब दस से ज्यादा इलाकों में वासुदेव नगर कल्याणी विहार, शंकर विहार, कैलाश विहार, इस्माइलगंज गांव, स्वप्नलोक कॉलोनी में हजारों उपभोक्ता पूरी रात बिजली कटने से परेशान हैं। बिजली को लेकर कानपुर शहर में मचा हाहाकार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

शुक्रवार देर रात तक 17 लाख लोगों ने बिजली संकट झेला। 82 मोहल्लों की बिजली गुल रही। पूरी रात शहरवासियों ने बिजली संकट झेला। पनकी बी ब्लॉक में 12 घंटे तक बिजली गायब रही। देहली सुजानपुर का ट्रांसफार्मर फुंकने से 15 घंटे तक बिजली नहीं मिल सकी।

### रक्षा मंत्री से महासमिति का मिला प्रतिनिधि मंडल

लखनऊ। इंदिरानगर आवासीय महासमिति का प्रतिनिधि मंडल 6 सूत्री मांग पत्र को लेकर लखनऊ के सांसद व भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर इंदिरानगर की जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि महासमिति की लगातार मांग है कि सी ब्लॉक वाले अस्पताल में 100 बेड का आधुनिक अस्पताल बने जिससे शीघ्र चालू कराया जाए।ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते सर्विस लेन पर आवागमन बढ़ गया है। इस पर अतिक्रमण होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होने के साथ जाम की काफी समस्या होती है। अमराई गांव शहीद भगत सिंह वार्ड से होता हुआ बंद नाला जेएनएनयूआरएम के तहत बना था, करोड़ों की लागत से बने इस नाले पर अतिक्रमण पत्थर तथा विधिवत सफाई ना होने से जलभराव हो रहा है।




हजरतगंज स्थित इलाहाबाद बैंक परिसर में आयोजित बैठक में बैंक पेंशनरों ने केंद्र सरकार से अपनी सभी मांगे को स्वीकार किए जाने की बात रखते हुए जोरदार नारेबाजी की बैंक पेंशनरों ने दी निर्णायक आंदोलन की चेतावनी वहीं हजरतगंज इंडियन बैंक में भी प्रदर्शन रिटायर्ड पेन्शनरों ने किया प्रदर्शन

## खबरें एक नजर में

### 25 लाख व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से जनता से जुड़ेगी सुभासपा

लखनऊ **समृद्धि न्यूज**। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्वमंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आईटी सेल के पदाधिकारियों तथा जिलाध्यक्षों की बैठक में कहा कि जनता से जुडे हुए मुद्दो तथा पार्टी की नीतियों तथा विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया अत्यंत ही जरूरी साधन है। इसका सहजता एवं सरलता से प्रयोग करते हुए हम अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने का कार्य कर सकते है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की नीतियों तथा विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष धर्म प्रकाश चौधरी ने 25 लाख व्हाट्सप ग्रुप बनाने का लक्ष्य लिया ताकि प्रदेश के जिले, विधानसभा, ब्लाक, तथा ग्राम स्तर तक पार्टी की नीतियों एंव ओम प्रकाश राजभर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकें ताकि प्रदेश के लोगों के तकलीफें तथा परेशानियों को सुभासपा के माध्यम से सरकार तथा अधिकारियों के समक्ष उठाया जा सकें। विभिन्न दलों से आये सैकड़ों नेता तथा कार्यकर्ताओं ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ओम प्रकाश राजभर के हाथों ग्रहण की। नए सदस्यों में अनुराग तिवारी, रोहित दिक्षित, रोहित सिंह, अवनीश पाण्डेय, राजवीर सिंह, विजय कुमार, राजेश रावत, माया देवी, रामकुमार पासी, राजेश पाण्डेय, शैलेन्द्र शर्मा, उषा देवी, नसीम खान, अफ्सर खां, मो0 शेर, श्रीमती मंजू सिंह, राहुल सिंह, राजा सिंह, अखिलेश कश्यप, आशीष कुमार गौतम, सूरज शर्मा, करन वर्मा आदि प्रमुख हैं। कार्यक्रम में पूर्व मेयर प्रत्याशी अलका पाण्डेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष चन्द्र यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ राजेन्द्र जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष मध्य अमरमणि कश्यप, प्रदेश प्रमुख महासचिव मध्य सचिन सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष मध्य योगेन्द्र अर्कवंशी, मनोज पाण्डेय, अल्कांश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष लखनऊ नितिन उपाध्याय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अहमद हसन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बैंक पेंशनरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

लखनऊ **समृद्धि न्यूज**। हजरतगंज स्थित इलाहाबाद बैंक परिसर में बैठक में बैंक पेंशनरों ने केंद्र सरकार से अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। आल इंडिया बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज कांफेडरेशन के संयुक्त सचिव आरएल गुप्ता ने कहा कि अब पूरे भारत के बैंक पेंशनरों के पास प्रधानमंत्री मंत्री कार्यालय का घेराव करने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं रह गया है। धरना प्रदर्शन में शामिल सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी दिलीप बाजपेई ने कहा कि भारत के बैंककर्मियों का लाखों करोड़ रुपया भारत सरकार के पास पड़ा है जिसके ब्याज से सभी पेंशन विसंगतियां दूर की जा सकती हैं लेकिन सरकार जानबूझकर इस मामले को लटकाये हुए हैं। बैंक पेंशनर्स के धरने को संबोधित करते हुए एमएल वर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में तमाम बैंक संगठन पेंशन विसंगतियों के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके क्रम में यह प्रदर्शन लखनऊ में किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में शामिल बैंककर्मियों को मंच से संबोधित करते हुए हरिहर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा सुविधाओं से लेकर समानुपातिक पेंशन प्राप्ति तक की सभी मांगों को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। बैंक पेंशनर्स कंफेडरेशन के नेताओं ने पत्रकारों को जानकारी दी कि इस समय इस आंदोलन में पूरे देश के छह लाख से अधिक बैंककर्मियों के परिवार शामिल हैं जिनके कार्मिक हितों की अनदेखी का सिलसिला न्यायालय से लेकर संसद तक जारी है, सेवानिवृत्त बैंककर्मियों को इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन की जरूरत पड़ी है।

### मेजबान लखनऊ ने दूसरे दिन आठ स्वर्ण पदक जीतकर जमायी धाक यूपी स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप-2023

लखनऊ **समृद्धि न्यूज**। मेजबान लखनऊ ने सब जूनियर वर्ग में खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के सहारे यूपी स्टेट ताइक्कांडो चौंपियनशिप-2023 के दूसरे दिन क्योरगी की स्पर्धाओं में आठ स्वर्ण पदक जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित 39वीं सब जूनियर, 7वीं कैडेट, 41वीं जूनियर, सीनियर क्योरगी एवं 7वीं पूमसे चौंपियनशिप में साई लखनऊ के खिलाड़ियो ने भी तीन स्वर्ण पदक जीते। दूसरी ओर मुजफ्फरनगर, बागपत, आगरा, कानपुर देहात, इटावा, लखीमपुर, जालौन, संभल, गाजियाबाद को एक-एक स्वर्ण पदक मिले। आज मेजबान लखनऊ के लिए वैभव कुमार बनौधा, अंशिका शाही, लक्ष्य मिश्रा, दीपांशु सिंह, बैभव सिंह, अक्षिता गौतम, मिहिरा रस्तोगी, दिशू सिंह ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसके अलावा लखनऊ के खिलाड़ियों न 9 रजत व 13 कांस्य पदक भी जीते। दूसरी ओर साई लखनऊ को सुधीर कुमार, संदीप प्रसाद, प्रतिभा यादव ने स्वर्ण दिलाए। चैंपियनशिप में लखनऊ अब तक कुल 9 स्वर्ण, 11 रजत व 13 कांस्य के साथ सबसे आगे चल रहा है। वहीं लखीमपुर और इटावा के खाते में 4-4 स्वर्ण पदक हो चुके हैं। चौंपियनशिप में दूसरे दिन के विजेताओं को ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफइंडिया के पर्यवेक्षक मनोज कुमार ने पदक प्रदान कर सम्मानित किया।



### आवश्यकता

मदरसा गुलशने वारासिया तिलोइया खुर्द सण्डीला हरदोई (उ0 प्र0) में आधुनिक शिक्षक हेतु 1 पद रिक्त हैं योग्यता स्नातक,एम.ए, बी.एड, न्यूनतम आयु 21 वर्ष आवेदन पत्र तथा शैक्षिक दस्तावेज पंजीकृत डाक द्वारा उक्त पते पर दिनांक 19/06/2023 शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे साक्षात्कार दिनांक 20/06/2023 को सुबह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक होगा

**प्रबंधक**
**मदरसा गुलशने वरिसिया तिलोइया खुर्द**
**सण्डीला -हरदोई, मो. 9628928016**


## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, अमृत सरोवरों पर होगा योग कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

- ग्रामीण पर्यटन केन्द्र के साथ योगा केंद्र के रूप में परिलक्षित हों अमृत सरोवर
- सेल्फी विद योगा को सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए टैग किया जाये: केशव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून को अमृत सरोवरो पर आयोजित किया जाएगा। योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन कराया जाएगा और योग दिवस के दो दिन पूर्व से ही अमृत सरोवरो व गांवों में सफाई अभियान चलाया जाएगा अमृत सरोवरो पर योग करते हुये फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किये जायेंगे ।ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि अमृत सरोवर ग्रामीण पर्यटन केन्द्र के साथ योगा केंद्र के रूप में परिलक्षित हों। सेल्फी विद योगा अमृत सरोवर को सोशल मीडिया में जमकर पोस्ट करते हुए टैग किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को सुचारू व सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह 21जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन अमृत सरोवरो पर योग करने का भव्य आयोजन किया जाय। अमृत सरोवरो के पास बने ओपन जिम ,खेल मैदान आदि में योग दिवस मनाने की विधिवत तैयारी अभी से की जाए। 21 जून को ग्रामीण ,समूह की महिलाएं ,मनरेगा श्रमिक सभी योग करेंगे ,इसके लिए ग्रामीणो, समूह की महिलाओं को अभी से प्रेरित किया जाए । मनरेगा साइटो,जहां पर काम चल रहा हो, वहां भी योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। योग की महत्ता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री मौर्य ने कहा की योग से होने वाले फायदों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। अमृत सरोवर पानी से लबालब रहने चाहिए ,जहां पर पानी कम हो, वहां पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए और वहां पर खाली जमीन पर वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्री मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि कि जिस तरह 15 अगस्त व 26 जनवरी को अमृत सरोवरो पर स्वतन्त्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के आकर्षक व प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किये गये, उसी प्रकार से नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य व आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जांय। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अमृत सरोवर लोगों के स्वस्थ और स्वच्छ



जीवन का आधार बनेंगे, वाटर रिचार्जिंग के तो अच्छे स्रोत बनेंगे ही, ग्रामीणो के जीवन में खुशहाली लाने का माध्यम बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और जन आकांक्षाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश में लक्ष्य से दोगुना अमृत सरोवरो का निर्माण किया गया है और अमृत सरोवरो के निर्माण में उत्तर प्रदेश ,देश में लगातार प्रथम स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में 12044 अमृत सरोवर कम्प्लीट हो गये हैं। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उनके आह्वान पर आज पूरी दुनिया में योग को अपनाया जा रहा है। सेल्फी विद योगा अमृत सरोवर कार्यक्रम से योग को गांव-गांव व घर-घर पहुंचाने की अपील की है। अमृत सरोवरो पर योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीणो व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## बैंक पेंशनरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

हजरतगंज स्थित इलाहाबाद बैंक परिसर में बैठक में बैंक पेंशनरों ने केंद्र सरकार से अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। आल इंडिया बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज कांफेडरेशन के संयुक्त सचिव आरएल गुप्ता ने कहा कि अब पूरे भारत के बैंक पेंशनरों के पास प्रधानमंत्री मंत्री कार्यालय का घेराव करने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं रह गया है। धरना प्रदर्शन में शामिल सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी दिलीप बाजपेई ने कहा कि भारत के बैंककर्मियों का लाखों करोड़ रुपया भारत सरकार के पास पड़ा है जिसके ब्याज से सभी पेंशन विसंगतियां दूर की जा सकती हैं लेकिन सरकार जानबूझकर इस मामले को लटकाये हुए हैं। बैंक पेंशनर्स के धरने को संबोधित करते हुए एमएल वर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में तमाम बैंक संगठन पेंशन विसंगतियों के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके क्रम में यह प्रदर्शन लखनऊ में किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में शामिल बैंककर्मियों को मंच से संबोधित करते हुए हरिहर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा सुविधाओं से लेकर समानुपातिक पेंशन प्राप्ति तक की सभी मांगों को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। बैंक पेंशनर्स कंफेडरेशन के नेताओं ने पत्रकारों को जानकारी दी कि इस समय इस आंदोलन में पूरे देश के छह लाख से अधिक बैंककर्मियों के परिवार शामिल हैं जिनके कार्मिक हितों की अनदेखी का सिलसिला न्यायालय से लेकर संसद तक जारी है, सेवानिवृत्त बैंककर्मियों को इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन की जरूरत पड़ी है।

### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप और एक्शन प्लान से बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

लखनऊ। बिजली के बढ़ते संकट के बीच मुख्यमंत्री द्वारा किए गए हस्तक्षेप के बाद विभागीय मंत्री द्वारा अधिकारियों को फटकार लगाए जाने पर उपभोक्ता परिषद की तरफ से कहा गया कि अधिकारियों की उदासीनता और उपभोक्ताओं की उपेक्षा से बिजली संकट खड़ा हुआ। समय रहते अगर अधिकारी गर्मी में हर वर्ष बढ़ने वाली मांग पर पहले से काम करते तो इतनी दिक्कत न होती। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद निश्चित तौर से कुछ सुधार दिखाई पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी में विगत कई दिनों से लोकल ब्रेकडाउन के चलते बडे पैमाने पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को समस्याएं उठानी पड रही है। पूरे मामले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हस्तक्षेप किए जाने के बाद आज जिस प्रकार से पावर कारपोरेशन सहित प्रदेश की बिजली कंपनियों में त्वरित गति से एक्शन प्लान को आगे बढाया जा रहा है ।

## रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज का 7वां स्थापना दिवस सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज प्रो राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 7वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। कुलाधिपति एवं राज्यपाल कार्यक्रम में राजभवन से ऑनलाइन जुड़ीं। राज्यपाल ने कहा विश्वविद्यालयों को अपना स्थापना दिवस मनाते समय अपनी प्रगति के साथ-साथ विद्यार्थियों की प्रगति को भी आंकना चाहिए। विश्वविद्यालय का काम विद्यार्थियों को मात्र डिग्री या सार्टिफिकेट देना नही है, ना ही शिक्षा का मकसद सिर्फ डिग्री प्राप्त करना है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। इसके लिए राज्यपाल जी ने शिक्षा के दौरान ही विद्यार्थियों में विविध क्षमताओं का विकास, परिसर से बाहर की गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता, व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें विविध प्रकार के कौशल विकास के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागिता पर जोर दिया। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने कमजोर विद्यार्थियों, दूर-दराज के क्षेत्रों में अवसर के आभावों आवासित विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनको भी विश्वविद्यालय को कार्यक्रम का हिस्सा बनाने को कहा। आगामी योग दिवस के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में मनाये जा रहे योग-सप्ताह को लेकर राज्यपाल ने योग को दिनचर्या में शामिल कराने को कहा है। उन्होंने इस



बार योग सप्ताह पर विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति के लिए किए गए हवन को संकल्प की तरह आजीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालयों को 10वीं अथवा 12वीं कक्षा में फेल होने के कारण अथवा अन्य परिस्थितियों में पढ़ाई छोड़ चुके विद्याथियों को भी अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों से जोड़ने, उनमें कौशल विकास का संवर्द्धन करके रोजगार परक योग्यता विकसित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं कुलपति उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज प्रो सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस की शुभाकनाएं देते हुए कहा कि अपनी शिक्षा को सामाजिक, मानवीयता और र्प्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने वाला बनाएं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने समारोह में विश्वविद्यालय की प्रगति साझाा करते हुए मुख्य अतिथि एवं कुलाधिपति का आभार व्यक्त किया ।समारोह में कुलपति ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति की ऑनलाइन उपस्थिति में विश्वविद्यालयों के सभी उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा अन्य महानुभावों को जीवन में कभी नशा न करने हेतु संकल्प भी कराया।

## अबादी के अनुसार विश्वकर्मा समाज को केंद्र व राज्य सरकार में हिस्सेदारी नहीं: रामआसरे

**समृद्धि न्यूज।लखनऊ**

- विश्वकर्मा समाज और पिछड़ी जातियों की सुरक्षा के लिये बनाया जाये कानून

अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा पूरे देश के विश्वकर्मा समाज को एकजुट करके बड़ी ताकत बनायेगी तथा दिल्ली में विश्वकर्मा समाज की विशाल रैली कर समाज की केन्द्र और प्रदेश सरकार में अपनी समुचित भागीदारी सुनिश्चित करायेगी। अभाविशिम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने आज नार्थ एवेन्यू में अभाविशिम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि पूरे देश में विश्वकर्मा समाज की आबादी 10 प्रतिशत है लेकिन आबादी केअनुरूप विश्वकर्मा समाज को केन्द्र और राज्य सरकार में कोई हिस्सेदारी नहीं है। सरकारी नौकरियों और प्रतिष्ठानों में विश्वकर्मा युवकों को नौकरी रोजगार व्यवसाय में भागीदारी न के बराबर है। पूर्वमंत्री ने मांग की कि सरकार देश स्तर पर विश्वकर्मा समाज और पिछड़ी जातियों की जातीय जनगणना करायें और जातियों को उनकी आबादी के अनुरूप राजनीति,सरकार, नौकरियों,तथा रोजगार में विश्वकर्मा समाज की समुचित हिस्सेदारी तय करे।विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा और अन्याय अब बर्दाश्त नहीं



करेंगे।श्री विश्वकर्मा ने कहा, इस सरकार में विश्वकर्मा समाज पर लगातार उत्पीड़न और शोषण हो रहा है लेकिन सरकार कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रही है।उन्होंने ने कहा कि विश्वकर्मा समाज और पिछड़ी जातियों की सुरक्षा के लिये कानून बनाया जाना चाहिए। हमारी पहचान भगवान विश्वकर्मा के पंचपुत्र मनु मय त्वष्टा दैवज्ञ और शिल्प के रूप में होती है। विश्वकर्मा समाज के गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस पर केन्द्र सरकार ने अभी तक राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया। उत्तर प्रदेश में सपा सरकार ने 2003 में ही17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित करके विश्वकर्मा समाज की पहचान बनायी थी। विश्वकर्मा समाज विभिन्न उपजाति शर्मा पांचाल धीमान जांगिड़, रामगढ़िया, टाक, मैथिल, तरखान, शिल्पकार, ताम्रकार स्वर्णकार, सुथार गज्जर राना में विभक्त होने के एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। हम चाहते हैं कि सभी लोग विश्वकर्मा उपनाम लगायें ताकि पूरे देश में विश्वकर्मा अपनी जनसंख्या प्रदर्शित करे तथा केन्द्र से लेकर राज्यों में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कराये।जब तक विश्वकर्मा समाज के सांसद विधायक और मन्त्री नहीं बनेंगे तब तक विश्वकर्मा समाज का भला नहीं हो सकता। श्री विश्वकर्मा ने चेताया कि विश्वकर्मा संगठनों को कामन मिनिमम प्रोग्राम के आधार पर एक मंच पर आने से और साझा कार्यक्रम चलाने से ही विश्वकर्मा की ताकत बनेगी। उन्होंने बिहार में लोहार समाज को अनुसूचित जाति में सम्मिलित होने की मांग को लेकर लोहार समाज के आन्दोलन का समर्थन किया हिमांचल राज्य में धीमान और तरखान समाज को अनुसूचित जाति में सम्मिलित होने की मांग का भी समर्थन किया। श्री विश्वकर्मा ने केन्द्र सरकार को देश के सभी विश्वकर्मा लोहार बढ़ई को नौवीं अनुसूची में सम्मिलित करने तथा अनुसूचित जाति के बराबर आरक्षण और सुविधाएं देने की मांग की। श्री विश्वकर्मा ने केन्द्र सरकार से विश्वकर्मा समाज के बच्चों को शिक्षित करने और उन्हें नौकरी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये विशेष अभियान चलाने की मांग की। उन्होंने ने कहा कि सरकार विश्वकर्मा समाज के युवकों को आईएएस पीसीएस की परीक्षा की तैयारी के लिये नि:शुल्क कोचिंग और छात्रावास का निर्माण करायें। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार भगवान विश्वकर्मा के नाम पर विश्वकर्मा पुरस्कार की घोषणा की करें और कला विज्ञान तकनीक सामाजिक सेवा राजनीति क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले सर्वश्रेष्ठ विश्वकर्मा व्यक्ति को विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया जाये।देश में भगवान विश्वकर्मा के नाम पर विश्वविद्यालय इंजनीरिंग और तकनीकी संस्थान की स्थापना की जाये।भगवान विश्वकर्मा के नाम पर सरकारी योजनाओं का नामकरण किया जाय ताकि पूरे देश में विश्वकर्मा समाज की पहचान बन सकें और समाज विकास की ओर अग्रसर हो सके।

### डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील समाधान दिवस

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के तहसील बीकेटी आज तहसील समाधान दिवस आयोजित हुआ।जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार द्वारा की गई। तहसील समाधान दिवस में क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। कमला सिंह निवासिनी मानपुर बाना ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी भूमि को कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम मरपा निवासी राम दुलारे ने भैसामऊ निवासी शोभित यादव के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया उनका आरोप है कि शोभित यादव ने जबरन उसकी भूमि का बैनामा करवा लिया है, बैनामा निरस्त किए जाने का शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम पंचायत खेसरावा की ग्राम प्रधान आशा द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर दबंगों से सरकारी भूमि को खाली कराया जाने का प्रार्थना पत्र दिया गया।

# मुख्य सचिव ने आगरा मेट्रो परियोजना के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**मुख्य सचिव ने आगरा मेट्रो परियोजना की प्रगति की सराहना की**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आज आगरा मेट्रो रेल परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ताज ईस्ट गेट स्टेशन का दौरा किया और कॉनकोर्स और प्लेटफार्म क्षेत्र पर फिनिशिंग कार्यों, डिजाइन और ट्रैक कार्य का निरीक्षण किया और समयबद्धता और सटीकता के साथ परियोजना को पूरा करने के लिए यूपीएमआरसी अधिकारियों की टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आगरा, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों दोनों के लिए एक व्यस्त पर्यटन स्थल होने के नाते बहुत जल्द एक विश्व स्तरीय मेट्रो रेल प्रणाली प्राप्त करने वाला है। यूपीएमआरसी की टीम परियोजना को समय पर पूरा करने की दिशा में लगन से काम कर रही है। आगरा मेट्रो रेल परियोजना को सरकार के अनुरूप निष्पादित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत आगरा मेट्रो परियोजना के लिए रेलगाड़ियों का निर्माण सरकार के अधीन सावली, गुजरात में किया गया है। यह मेक इन इंडिया पहल का सबसे अच्छा उदाहरण है। मेट्रो स्टेशनों को सुंदर डिजाइन और आर्किटेक्ट के साथ डिजाइन और निर्मित किया गया है। जी20 प्रतिनिधिमंडल के आगरा दौरे के दौरान की गई कलाकृति प्रशंसनीय थी।एमडी यूपीएमआरसी सुशील कुमार ने बताया कि पहले कॉरिडोर पर तीन एलिवेटेड स्टेशन तैयार हैं, और फिनिशिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। बिजली का काम भी अंतिम अवस्था में पहुंच गया है। जबकि भूमिगत स्टेशनों के लिए सिविल कार्य पूरा हो चुका है, यह ध्यान देने योग्य है कि आमतौर पर एक भूमिगत मेट्रो स्टेशन को पूरा होने में 4-4-1½2 साल लगते हैंय लेकिन आगरा मेट्रो को 2 साल से भी काम समय के रिकॉर्ड मे भूमिगत सेक्शन को पूरा करने की तैयारी है. प्राथमिक कोरिडोर के 3 भूमिगत



स्टेशनों के लिए सिविल निर्माण मार्च 2022 में शुरू हुआ था, लेकिन केवल एक वर्ष 3 माह में सुरंग के काम के साथ-साथ स्टेशनों पर काम तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि डिपो के अंदर कम गति के परीक्षण पहले ही शुरू हो चुके हैं और सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। मेनलाइन (वायडक्ट) पर हाई स्पीड ट्रेन का परीक्षण भी बहुत जल्द शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना का उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया गया था। वर्तमान में ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा तक चलने वाले पहले कॉरिडोर पर निष्पादन किया जा रहा है। परियोजना का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है और टीम यूपीएमआरसी ने उद्घाटन के बाद से कई मील के पत्थर हासिल किए हैं।टीम यूपीएमआरसी ने प्राथमिकता खंड (ताज ईस्ट गेट से जामा मस्जिद के बीच चिह्नित) के 3 किमी लंबे एलिवेटेड सेक्शन पर सिविल निर्माण पूरा कर लिया है और फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है। रैंप एरिया भी तैयार है और कट एंड कवर एरिया (तीसरा साइट जहां टीबीएम लॉन्च होगा) पर भी काम तेजी से चल रहा है। अंडरग्राउंड सेक्शन में ताजमहल से लेकर आरबीएस कॉलेज तक सभी 7 अंडरग्राउंड स्टेशनों पर सिविल वर्क चल रहा है। टीबीएम गंगा और यमुना वर्तमान में अप और डाउन लाइन के लिए प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के 3 किमी भूमिगत खंड पर काम कर रहे हैं और सुरंग बनाने का काम भी तेजी से पूरा होने की ओर बढ़ रहा है। टीबीएम यमुना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 6 फरवरी 2023 को लॉन्च किया गया था। 72 दिनों के रिकॉर्ड समय में इसने आगरा फोर्ट मेट्रो स्टेशन पर अपनी पहली सफलता हासिल की। टीबीएम गंगा ने भी अपनी पहली सफलता हासिल कर ली है और दोनों टीबीएम को अब ताजमहल मेट्रो स्टेशन के पास से निकाला जाएगा। डिपो के साथ-साथ सभी स्टेशनों में ट्रैक और तीसरी रेल व्यवस्था एक साथ चल रही है। टेस्ट ट्रैक पर मई में पहला मेट्रो ट्रायल भी सफलतापूर्वक किया गया था, जहां ब्रेकिंग, ट्रेन सिस्टम और तीसरी रेल पावर का परीक्षण किया गया था।यूपीएमआरसी निर्धारित समय-सीमा से 6 महीने पहले परियोजना को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जो पहले अगस्त 2024 थी, लेकिन अब यह परियोजना फरवरी 2024 तक पूरी होने वाली है। इस मौके पर एमडी यूपीएमआरसी सुशील कुमार, निदेशक रोलिंग स्टॉक अतुल कुमार गर्ग और परियोजना निदेशक आगरा अरविंद राय उपस्थित थे।

# मेजर एसडी सिंह मेडिकल कालेज की टीम ने योग शिविर में छात्राओं को दिया प्रशिक्षण



योग का अभ्यास करतीं छात्राएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**योग सप्ताह के तीसरे दिन कृष्णा देवी बालिका पीजी कालेज में लगा शिविर**

विश्व योग दिवस से पूर्व मनाये जा रहे योग सप्ताह के तीसरे दिन मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के आयुर्वेदाचार्यों की टीम ने प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता के निर्देशन में नगर के आवास विकास स्थित कृष्णा देवी बालिका पीजी डिग्री कालेज में शिविर लगाकर छात्राओं को योग प्रशिक्षण कराया तथा प्रतिदिन योग करने और निरोग रहने का परामर्श दिया।जानकारी के अनुसार मेजर एस0डी0 सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता एवं स्वस्थवृत्त एवं योगा विभाग के प्रवक्ता डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय के साथ नगर के लोहियापुरम आवास विकास स्थित कृष्णा देवी बालिका पीजी कालेज में योग शिविर लगाया। शिविर में प्राचार्य डा0 गुप्ता ने छात्राओं को योग के फायदों के बारे में विस्तार से बताया और निरोग रहने के लिए योग के महत्व को समझाया। डा0 अरुण कुमार पाण्डेय ने छात्राओं को विभिन्न आसनों की जानकारी दी तथा उनसे होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाते हुए कई प्रकार के आसन लगवाये। इस अवसर पर डॉ0 अरिमर्दन सिंह एवं कृष्णा देवी पीजी कालेज के शिक्षक व अन्य स्टाफके लोग भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गरीब बच्चों को मैगी बिस्कुट वितरित

लखनऊ । आशा फाउण्डेशन तथा मानवाधिकार जनसेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कंचनपुर, मटियारी स्थित डूडा कालोनी तथा खरगापुर, गोमतीनगर विस्तार के बच्चों को मैगी, बिस्कुट व टॉफी वितरित किया गया। एच एन गुप्ता व वीणा गुप्ता द्वारा चिन्हित कंचनपुर, मटियारी के लगभग 100 से अधिक बच्चों को डूडा कालोनी जाकर आशा फाउण्डेशन की अध्यक्ष आशा सिंह तथा मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा के साथ हेमा गुप्ता, रेखा शर्मा तथा जितेन्द्र सिंह नेगी ने मैगी, बिस्कुट व टॉफी का वितरण किया। इसके पश्चात चिन्हित बच्चों को भी मैगी, बिस्कुट व टॉफी वितरित किए गए।

### विश्वविद्यालय के 11 छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 11 छात्र-छात्राओं का टीचनूक कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. ए.के सिंह ने सभी चयनित छात्रो को इस सफलता के लिए बधायी देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि टीचनूक कम्पनी में बीटेक कंप्यूटर साइंस एवम् इंजिनियरिंग के 6 छात्र-छात्राओं अक्षय श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, क्षमा दुबे, प्रियंका, सार्थक एवं शिवांगी सेठ, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 2 छात्रों गरिमा सिंह और राज जायसवाल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 2 छात्रों शंकर कुमार और स्नेहलता एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र आदर्श कुमार का चयन एकैडमिक काउंसलर के पद पर हुआ। कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15 हजार रुपये से 10 हजार रुपये इंसेंटिव एवं ट्रेनिंग के पश्चात अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं।



### 21 जून को राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

लखनऊ । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 28 प्रतिष्ठित कम्पनियों के आने की सम्भावना है। एम ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि जो मात्र केवल हाईस्कूल व केवल इण्डटमीडिएट व केवल आईटीआई व केवल कौशल विकास केवल स्नातक व केवल डिप्लोमा से पास अभ्यर्थी विभिन्न कम्पनियों में नौकरी के पात्र होंगे। जिसमें आयुसीमा 18 से 40 वर्ष एवं वेतन 9000 से 18000 रुपये प्रति माह, पीएफ ईएसआईसी कैन्टीन एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में पुरूष व महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनियों द्वारा कुल लगभग 4063 पदों पर चयन किया जायेगा। साथ ही इच्छूक अभ्यर्थी 21 जून को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ सुबह 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर सेवायोजित हो सकते है।

### इप्सेफके प्रतिनिधियों ने की अपर मुख्य सचिव नियुक्ति से भेंट,किया स्थानांतरण नीति का विरोध पुरानी पालिसी ही अपनाने पर दिया जोर

लखनऊ । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमण्डल ने इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन इप्सेफके राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र नेतृत्व में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक से लोकभवन में भेंटकर मांग की कि वर्ष 2023-24 के लिए कर्मियों के लिए जारी स्थानान्तरण नीति निरस्त कर विगत वर्ष में बनी नीति के अनुरूप लागू किया जाए वर्नाआंदोलन होगा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आन्दोलन कर भी रहे है। इप्सेफ उनमें पूरा समर्थन करेगा।परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने अपर मुख्य सचिव को ज्ञापन देते हुए बताया कर्मचारी संगठनों के प्रदेशीय मण्डलीय जनपदीय अध्यक्ष मंत्री के निर्वाचन पर दो वर्ष के लिए स्थानान्तरण पर रोक थी और यदि कोई पदाधिकारी दुबारा निर्वाचित हो जाता है तो उसपर भी रोक लागू रहेगी। स्थानान्तरण में यह व्यवस्था थी कि जिलाधिकारी की संस्तुति बिना स्थानान्तरण नहीं होगा। दिव्यांग, दाम्पत्य नीति, गंभीर रोग से ग्रसित का स्थानान्तरण नहीं होगा। उक्त सुविधा नीति में संशोधन कर लगभग समाप्त कर दी गई है। समूह 'ग' व 'घ' के स्थानान्तरण करके सरकार की मंशा से यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकारी कर्मचारी संगठनों को कमजोर करना चाहती है, जिससे पुरानी पेंशन एवं अन्य मांगों पर आन्दोलन न कर सके। श्री मिश्र ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों का स्थानान्तरण कर संगठनो को कमजारे करने की नीति में बदलाव लाये और कर्मचारी संगठनों के रोष को देखते हुये स्थानान्तरण नीति में संशोधन कर जारी करे तथा कर्मचारियों की मांगों पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके सकारात्मक निर्णय करके आपसी सहमति बनाये। वीपी मिश्र ने खेद व्यक्त किया कि वर्तमान मुख्य सचिव ने अपने कार्यकाल में एक भी बैठक नहीं की तत्कालीन मुख्य सचिव ने 08 सितम्बर 2021 में ने जो सभी निर्णय किये थे वे आज भी लम्बित है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है और इसका असर लोकसभा चुनाव में पड़ेगा। आन्दोलन करने पर कर्मचारी मजबूर है।

# रक्षामंत्री से मिले भीकमपुर के निवासी की आशियाने न उजाड़े जाने की मांग

## राजनाथ ने दिया आश्वासन, नही हटेगा किसी का आशियाना

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

केंद्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से पेपर मिल वार्ड के पार्षद राजेश सिंह कॉल्विन तालुकदार वार्ड के पार्षद प्रमोद राजन विवेकानंद पुरी के पार्षद नूपुर शंखधर व समाजसेवी नागेंद्र तिवारी के नेतृत्व में प्रात: 9 बजे उनके आवास पर जाकर एक मांगपत्र न हटाए जाने को लेकर दिया। भीकमपुर गांववासियों को जानकारी हुई है कि कुकरैल सौंदर्यीकरण की योजना के अंतर्गत बंधे के बगल में बसे गांव भीकमपुर को हटाए जाने का कुछ विभाग लखनऊ विकास प्राधिकरण नगर निगम सिंचाई विभाग डूडा के कुछ अधिकारी गांव में सौंदर्य करण के नाम पर सर्वे करने के लिए आ रहे हैं। इस तरह की जानकारी गांव वालों को हुई है। यह गांव लगभग 115 साल पुराना है। यहां दूसरी तीसरी पीढ़ी निवास कर रही है ।तब से यहां के निवासियों को अपना आशियाना छीनने की चिंता सता रही है। कुछ बुजुर्ग पुरुष व महिलाओ को हार्ट सांस की दिक्कत की वजह से हॉस्पिटल में एडमिट होना पड़ा। गांववासियों ने मिलकर भीकमपुर गांव का नक्शा व मांग पत्र दीया। रक्षामंत्री ने आश्वासन दिया की कुकरेल सौंदर्यीकरण के कार्य योजना के तहत किसी भी भीकमपुर निवासी का आशियाना नहीं हटाया जाएगा।

# मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अटल आवासीय विद्यालय सिठोली कला (मोहनलालगंज) का निरीक्षण किया। संपूर्ण परिसर का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सबंधित को निर्देश दिए कि अटल आवासीय विद्यालय की बिल्डिंग की फिनिशिंग अच्छे से करे। उन्होंने कंप्यूटर लैब, केमिस्ट्री लैब व लाइब्रेरी में किताबों की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करा लिया जाये।



मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने चिलचिलाती धूप के बीच अटल आवासीय विद्यालय सिठोली कला मोहनलालगंज का औचक निरीक्षण किया

विद्यालय के इलेक्ट्रिक सेफ्टी के लिए संबंधित को दूरभाष पर वार्ता करके तत्काल कराने के निर्देश दिए। संबंधित द्वारा बताया गया कि अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य 68 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। मंडलायुक्त ने संबंधित को निर्देश दिए वृहत स्तर पर विद्यालय कैम्पस में छायादार पेड़ों का वृक्षारोपण और विभिन्न प्रकार के फूलों की रोपाई कराया जाए। खेलकूद मैदान का विकास कोच के उपस्थिति में पंचायती राज विभाग द्वारा कराया जाएगा। शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही छात्रावास में बने लाइब्रेरी और अध्यापक क्वाटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल फैसिलिटी का विशेष ध्यान रखते हुए मूलभूत औषधियों की उपलब्धता भी विद्यालय में सुनिश्चित करा ली जाए। सबसे नजदीकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से समन्वय स्थापित कर लिया जाए।

# भाषण से बिजली गिरा तो सकते हैं बिजली बना नहीं सकते: प्रमोद तिवारी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

प्रमोद तिवारी सांसद, उप नेता, राज्य सभा एवं सदस्य कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी ने कहा है कि आज संपूर्ण उत्तर प्रदेश अघोषित बिजली संकट से गुजर रहा है, और पूरे प्रदेष में अभूतपूर्व बिजली कटौती से त्राहि- त्राहि है, भीषण गर्मी पड़ रही है, नहरों में पानी नहीं है, और सिंचाई के लिये बिजली नहीं उपलब्ध है यदि समय रहते धान की बेहन नहीं डाली गयी और धान की रोपाई नहीं हुई तो किसानों को अपूर्णनीय क्षति होगी।

गरम-गरम भाषणों से या जुमलों से अथवा गुस्सा दिखाने से अखबारों की सुर्खियाँ तो बन सकती है, और जनता को भ्रम में डालकर वोट तो मिल सकते हैं परन्तु इससे बिजली नहीं बनती। उत्तर प्रदेश में जब से भारतीय जनतापार्टी सत्ता में आयी हे तो इन 6 सालों में इन्होंने कितने थर्मल पॉवर प्लाण्ट लगाये हैं ? और कितने पॉवर प्लाण्ट लगाकर उसका उद्घाटन किया है ? तथा बिजली का उत्पादन बढ़ाया है, या फिर कितने सौर ऊर्जा के प्लाण्ट लगाये हैं ? इस बींच प्रदेश में बिजली की कितनी मांग बढ़ी है? प्रदेश में बिजली के उत्पादन और बिजली की मांग को सार्वजनिक किया जाय। श्री तिवारी ने कहा है कि जब बिजली के बिल का थोड़ा सा भी बकाया रहता है तो उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्षन बेरहमी से काट दिये जाते हैं, जब आम उपभोक्ता समय से भुगतान करता है बिजली का बिल जमा करता





है तो फिर उन पर यह जुर्म क्यों ? ट्रांसफार्मर सरकार के स्टाक में उपलब्ध नहीं है, ओवर लोडिंग के कारण जब ट्रांसफार्मर जल जाते हैं, विशेषरूप से कस्बों या ग्रामीण क्षेत्रों में, तो कई-कई दिन तक ट्रांसफार्मर बदले नहीं जा रहे हैं, ऐसी स्थिति में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, इसमें न तो कर्मचारियों का दोष है और न ही अधिकारियों का ही दोष है, यदि इसमें दोष है तो मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार के मांग और बिजली आपूर्ति के बींच लम्बे अंतराल का दोष है। श्री तिवारी ने कहा है कि भारतीय जनतापार्टी के जो मा. सांसद चुनाव के अंतिम साल में भ्रमण पर जाते हैं तो वे जनता को बतायें कि प्रदेश में कितना विद्युत उत्पादन बढ़ा है? या कितने नये थर्मल पॉवर प्लाण्ट प्रदेश में लगाये गये हैं, या

**गरम-गरम भाषणों से या जुमलों से अथवा गुस्सा दिखवाने से अखबारों की सुर्खियाँ तो बन सकती है, और जनता को भ्रम में डालकर वोट तो मिल सकते हैं परन्तु इससे बिजली नहीं बनती: तिवारी**

उनके क्षेत्र में लगाये गये हैं, अथवा सौर ऊर्जा के कितने प्लाण्ट लगाये हैं ? जो भा.ज.पा. सरकार की 9 साल की उपलब्धियों का गाना गा रहे हैं वे खासतौर से जनता को यह बतायें। भा.ज.पा. सरकार अपनी अकर्मण्यता की सजा जनता को न दे, नेशनल पॉवर ग्रिड और पूर्वोत्तर राज्यों में जहाँ अतिरिक्त बिजली उपलब्ध है वहाँ से उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल बिजली खरीदे, जिससे मांग के अनुरूप प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़े, ताकि जनता को तथा किसानों को, खासतौर से ग्रामीणांचल में और अर्द्ध शहरी इलाकों में लोगों को बिजली के संकट से मुक्ति मिल सके। आज उत्तर प्रदेश में बिजली का जो संकट है उसके लिये उत्तर प्रदेश सरकार की अव्यवहारिक और अदूरदर्षी नीति पूरी तरह से जिम्मेदार है। श्री तिवारी ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल मांग के अनुरूप प्रदेश में बिजली की उपलब्धता सुनिष्चित कराये, जिससे आम उपभोक्ता को पर्याप्त बिजली मिल सके, और किसानों को धान की रोपाई के लिये बिजली सुलभ हो सके।

# 29 जून को बिजनौर आ रहे शाह, जनसभा कर बनायेंगे पक्ष में सियासी माहौल

## *वेस्टर्न यूपी की सात लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने को बीजेपी बेताब*

**लखनऊ समृद्धि न्यूज** ।इलेक्शन कोई हो,बीजेपी के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह के बिना सियासी माहौल बनता नही। न माहौल बनता न समीकरण और न लिखी जाती चुनावी पटकथा। वेस्टर्न यूपी की सात लोकसभा सीटों पर भाजपा की नजर गड़ी है। 29 जून को इसी लिहाज से शाह का बिजनौर दौरा माना जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश की सात सीटों पर कमल खिला नही था। आगामी लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर कमल खिलाने के लिए 29 जून को भाजपा के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बिजनौर जिले में जनसभा होने वाली है। शाह की जनसभा को पश्चिमी उप्र में लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद माना जा रहा है। जनसभा के लिए बिजनौर को केंद्र में इसलिए रखा गया है जिससे इसके आसपास की संसदीय सीटों पर असर हो। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी 14 लोकसभा सीटों पर खिला था, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद , अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर, नगीना और सहारनपुर संसदीय सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को हारना पड़ा था। रामपुर लोकसभा सीट आजम खान के इस्तीफे के बाद रिक्त हो गई थी जिसपर 2022 में उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी विजयी हो गए। पश्चिमी उप्र की इन सातों लोकसभा सीटों को भाजपा संगठन आसान नहीं मानता है। पार्टी के प्रदेश और क्षेत्र के पदाधिकारी सांगठनिक प्रभारी के रूप में नियुक्त किए गए हैं वहीं केंद्र सरकार के मंत्रियों और केंद्रीय पदाधिकारियों पर इन लोकसभासीटों पर कमल खिलाने का जिम्मा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक माह का महासंपर्क अभियान चल रहा है। प्रतिदिन जिले में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। 29 जून को गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा बिजनौर जिले में होगी।



कैंट रोड सूर्या क्लब में आत्मनिर्भरता भारत पर सेमिनार व दोहरे सीमा खतरे और युद्धकला के नए आयाम विषय को लेकरसंबोधन से पहले दीप प्रज्वल्लित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# अतीक अहमद के सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, नकदी, संपत्ति संबंधी दस्तावेज बरामद

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

दो महीने पहले एक हमले में मारे गए गैंगस्टर-नेता अतीक अहमद से जुड़े कुछ ''जाने-माने बिल्डर, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों के ठिकानों पर इस सप्ताह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई छापेमारी में संपत्तियों की बिक्री और खरीद से संबंधित दस्तावेज, 17.80 लाख रुपये नकद और कुछ अन्य सामग्री बरामद हुई है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 14 और 15 जून को प्रयागराज, लखनऊ और दिल्ली में 10 परिसरों पर छापे मारे गए। इसने कहा कि ''जाने माने बिल्डर और चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित अतीक अहमद के विभिन्न सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की गई और इस दौरान 17.80 लाख रुपये नकद, संपत्तियों की बिक्री एवं खरीद से संबंधित दस्तावेज, कंपनियों के वित्तीय दस्तावेज, बैंक स्टेटमेंट, मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए गए। एजेंसी ने कहा कि जब्त किए गए सबूतों का भौतिक और फॉरेंसिक विश्लेषण जारी है। माफिया से नेता बने अहमद और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से जुड़ा है। उच्चतम न्यायालय ने अपहरण, जबरन वसूली और हमले के आरोपों की जांच का निर्देश दिया था, जिसके बाद सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी।'अतीक अहमद एक हिस्ट्रीशीटर था और वह माफिया गिरोह चलाता था जो लंबे समय से गंभीर प्रकृति के विभिन्न अपराधों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या, जबरन वसूली, जमीन हड़पने आदि से जुड़े अपराधों को लेकर लगभग 100 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।श् जांच के दौरान यह पाया गया कि 1989 से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर और सरकार एवं अन्य लोगों की भू-संपत्तियों को हड़पकर अतीक अहमद ने अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों और अपने सहयोगियों तथा अन्य बेनामीदारों के नाम पर बड़ी संपत्ति एकत्र की। ईडी ने इस मामले में पहली बार 12-13 अप्रैल को छापेमारी की थी, जिसमें 84.68 लाख रुपये नकद, 60 लाख रुपये की सोने की छड़ें, 2.85 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के आभूषण, डिजिटल उपकरण और विभिन्न भौतिक दस्तावेज एवं रिकॉर्ड जब्त किए गए थे। प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने 15 अप्रैल को उस समय हत्या कर दी थी जब दोनों को पुलिस सुरक्षा के बीच चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण करने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

तहसील करनैलगंज में कुल 106 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आइजीआरएस की लॉगिन को बराबर सभी विभागीय अधिकारी चेक करते रहे ताकि कोई भी शिकायत डिफाल्टर ना होने पाए समय रहते ही शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वयं के द्वारा अरगा ब्रांड का तैयार किये गये सामग्रियों का विभिन्न स्टाल लगाये गये, जिसका जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अवलोकन करते हुए कहा कि इसी प्रकार जनपद के सभी तहसीलों में तथा अन्य स्थानों पर समूह की महिलाओं के द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को किया जाय ताकि इससे जनपद की अन्य महिलाएं भी जागरूक हो।



▶ संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

### सिक्रेटरी एवं लेखपाल को सस्पेंड करने के दिये निर्देश

संपूर्ण समाधान दिवस तहसील करनैलगंज में जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान ग्राम चकसेनिया विकासखंड हलधरमऊ शिकायतकर्ता वंशीलाल पुत्र गुड्डे ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा को अवगत कराया कि मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर नकल के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शिकायतकर्ता को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर नकल उपलब्ध कराते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी रविनन्दन को निलंबित करने के डीपीआरओ को निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही लेखपाल जयप्रकाश को पूर्व में उच्च अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे जो संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया की लेखपाल के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने लेखपाल जयप्रकाश को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज नवीना शुक्ल, तहसीलदार करनैलगंज नरसिंह नरायन, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला कृषि अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, धर्मेंद्र गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एक्सईएन निर्माण खंड 2 बीके त्रिपाठी, एसओ करनैलगंज, कटरा बाजार, परसपुर, कौड़िया बाजार सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने राज्यपाल को संबोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बीते सोमवार को तहसील क्षेत्र के निवासी युवा अधिवक्ता जयप्रकाश यादव की मसौली बाराबंकी में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर परिजनों व क्षेत्रवासियों द्वारा गंभीर सवाल खड़ा करने के साथ ही अब अधिवक्ता संघ ने भी उक्त घटना को मौत की साजिश करार देते हुए रोष प्रकट कर अपने साथी अधिवक्ता साथी की मौत की न्यायिक निष्पक्ष जाँच कराते हुए रिपोर्ट तलब कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने और मृतक के आश्रितों को सरकार द्वारा पचास लाख रुपये की मुआवजा धनराशि दिलाने की मांग की है।

बार एसोसिएशन करनैलगंज गोंडा के अध्यक्ष व महामंत्री की अध्यक्षता में एक आपात बैठक बुधवार को तहसील कर्नलगंज में अधिवक्ता साथियों की उपस्थिति में की गई। तत्पश्चात शुक्रवार को माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित उपजिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि स्थानीय तहसील करनैलगंज के ग्राम कैथौली के युवा अधिवक्ता श्री जयप्रकाश यादव की संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हुई है जिसमें दुर्घटना को मौत का कारण बताया गया है,जबकि उपरोक्त अधिवक्ता साथी की मौत की साजिश करके दुर्घटना कराई गई है। जिसकी न्यायिक निष्पक्ष रुप से जांच कराकर रिपोर्ट तलब की जाए और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि चूंकि मृतक हमारे तहसील के मूल निवासी थे इसलिए हम सबका यह दायित्व है कि मौत का कारण स्पष्ट होना चाहिए और मृतक के आश्रितों को सरकार द्वारा 50 लाख रुपये की मुआवजा धनराशि दिलाई जाय। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी, महामंत्री ओमप्रकाश यादव, अधिवक्ता रामबाबू पाण्डेय, कर्मचंद्र मिश्रा, त्रिपुरारी नाथ चौबे, जीतलाल गोस्वामी सहित अनेकों अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान के तहत लोगों को स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवन शैली प्रदान करने हेतु टेक सत्यम एजूकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी, बहराइच उत्तर प्रदेश के द्वारा 16 जून 2023, सुबह 6:00 से 8:00 तक नियमित रूप से शहर के लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष डॉ सत्यम सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग का लाभ बताते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया और अलग-अलग रोगों के लिए अलग-अलग योग उपचार भी बताए। योगाचार्य सुशील कुमार बाजपेई द्वारा विद्यार्थियों को योग के अलग-अलग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन ही सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस शिविर में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को आयोजित कराने में लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडे, कॉलेज मैनेजमेंट एवं टेक सत्यम योगा इंस्टीट्यूट का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सैन्य विज्ञान विभाग के प्रोफेसर आर. बी. बघेल एवं संस्था की सदस्य शालिनी अग्रहरी, प्रिंसी दीक्षित एवं कॉलेज स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### व्यापारियों के लिए बेहद जरूरी है वित्तीय साक्षरता की जानकारी : वेद प्रकाश शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत बैरिया के मजरा बेहड़ा में एवोक इंडिया फाउंडेशन की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्तीय सलाहकार इंडियन बैंक वेद प्रकाश शुक्ला व विशिष्ट अतिथि एवोक इंडिया के मंडल प्रमुख पवन पाठक रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वित्तीय सलाहकार वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि लोगो में, समाज में बचत करने की आदत डालना और लोगो के अनावश्यक खर्चों को कम करने का ज्ञान देना फाइनेंसियल लिट्रेसी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बहुत बार अच्छी खासी आय वाले भी आर्थिक संकट का शिकार होते देखे गए है।इसकी मुख्य वजह उनकी आदते है। अनावश्यक खर्चा करने की आदत से अच्छी खासी कमाई वाले भी महीने के आखरी दिनों में अभावग्रस्त देखे जाते है।धुंआधार शॉपिंग, क्रेडिट कार्ड्स का अत्यधिक इस्तेमाल, मंथली बजट की कोई प्लानिंग का न होना ऐसे मुख्य कारण है जिसकी वजह से अच्छी पगार की नौकरी वाले भी महीने के आखरी दिनों में और इमरजेंसी में फाइनेंसियल क्राइसिस देखते है।फाउंडेशन के मंगल प्रमुख पवन पाठक ने प्रधानमंत्री अटल पेंशन,जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना अन्य विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर आकाश शुक्ला ने बताया कि वित्तीय साक्षरता एक ऐसा तरीका व ज्ञान संसाधन है जिससे सभी अपनी बचत को बढ़ाने की समझ विकसित करके तथा अपने खर्चों पर नियंत्रण लगाकर अपनी मौजूदा व भावी वित्तीय स्थिति को मजबूत व बेहतर कर सकते हैं। ब्लाक कोर्डिनेटर राकेश मौर्या ने लोगों को साईबर ठगी से बचने के उपाय बताए।इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुल्क राज भास्कर , मनोज मिश्रा, प्रदीप मिश्रा,भानु मिश्रा, मंशाराम समेत अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे हैं।

### शादी में शामिल होने मामा के घर गए युवक का नदी में मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के जगतापुर नदी में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक अपने मामा के यहां शादी में शामिल होने के लिए गया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रानीपुर थाना क्षेत्र के कुट्टी बाजार जिगीनिया जसकरन निवासी कमलेश गौतम (28) मनीराम दिल्ली में मजदूरी करता था। कमलेश के मामा के यहां बृहस्पतिवार को शादी समारोह कार्यक्रम था। जिस पर वह शादी में शामिल होने के लिए आया था। गुरुवार रात को वह मामा के घर गया, लेकिन मामा के यहां कमलेश नहीं पहुंचा। उसका शव हुजूरपुर थाना क्षेत्र के जगतापुर नदी में शुक्रवार शाम को पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने शव मिलने की सूचना थाने में दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिवार को सूचना दी गई। पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग किसी से दुश्मनी की बात से भी इंकार कर रहे हैं।

# किडनी फेल्योर को नहीं पड़ेगा भटकना अब वजीरगंज में मिलेगा इलाज

**वजीरगंज /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अगर किडनी फेलोर होने पर गोण्डा जिला अस्पताल 26 किलोमीटर आना पड़ता था। अगर किसी तकनीकी दिक्कत आ जाने मरीज को लखनऊ तक दौड़ लगानी पड़ती थी।

इस समस्या से निजात पाने हेतु सामाजिक सरोकार रखने वाले लोग लगातार मांग जन प्रतिनिधियों से करते चले आ रहे थे। मांग को देखते हुए।संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में डायरेक्टर पद पर 15 वर्ष तक कार्यरत है।और पिछले 5 वर्षों से वेदांता हॉस्पिटल नेफ्रोलॉजी में डायरेक्टर के पद पर रहकर प्रोफेसर डॉक्टर राजकुमार शर्मा द्वारा माह में एक बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज में निशुल्क चिकित्सा प्रदान करेंगे।यह जानकारी ग्राम प्रधान सुशील कुमार जायसवाल ने दी है।उन्होंने बताया कि जानता की सेवा हेतु डॉक्टर ने बड़ा दिल दिखाया है।क्षेत्र की जनता को बहुत फायदा मिलेगा। स्थानीय लोगों ने खुशी जताई।प्रधान के प्रयास की भी लोग तारीफ कर रहे हैं। प्रधान का सबसे बड़ा योगदान है और सराहनीय कदम क्षेत्र के लोगों को लखनऊ जाना पड़ रहा था। कई वर्षो तक पीजीआई के डायरेक्टर पद पर रहे और पिछले 5 वर्षो से मेदांता के नेफ्रोलॉजी के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉक्टर राजकुमार शर्मा द्वारा महीने में एक बार समुदायिक स्वास्थ्य वजीरगंज में निशुल्क इलाज देंगे,18 जून 2023 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुफ्त कैंप का आयोजन किया जाएगा।गरीब व असहाय लोगों का निशुल्क इलाज करा सकेंगे,प्रधान सुशील कुमार जायसवाल ने बताया की अब लोगों को लखनऊ जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।




# दो ही पद ऐसे जिसमें प्रधान शब्द जुड़ा होता है चाहे वह प्रधानमंत्री हो या फिर प्रधान : अनुपमा




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▶ चित्तौरा एवं पयागपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक

शनिवार को चित्तौरा ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित रहीं। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख हरिराम आर्य ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल ने कहा कि यह बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आप सभी प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत की बहुत ही अहम कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि दो ही पद ऐसे हैं जिसमें प्रधान शब्द जुड़ा होता है चाहे वह प्रधानमंत्री हो या फिर प्रधान। सदर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी भी कार्य को प्रगति पर तभी पहुंचा सकते हैं जब हमारा संपर्क एवं संवाद आपस में होता रहता है बिना संपर्क एवं संवाद के किसी भी कार्य को पूर्ण रूप से गति नहीं दी जा सकती। अतः आप सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधान अपने अपने प्रस्ताव को पटल पर रखेंगे और उन पर अवश्य ही विचार करके कार्य प्रारंभ होंगे और आप सभी को जनता के बीच में किए गए वादे को भी पूरा करने का पूरा अवसर होगा। आज आप सभी इस बैठक में बताए गए महत्वपूर्ण बिंदुओं को सुने और उनको नोट करके रखें जिससे आपके जो अधिकार है उन अधिकारों की आपको भली भाँति जानकारी रहे और समय-समय पर आप अपने अधिकारों का लाभ भी पा सके ऐसी पूरी व्यवस्था बनी रहेगी। बैठक के तत्पश्चात सदर विधायक ने पयागपुर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधान को संबोधित किया और उनसे जुड़ी जानकारी प्रदान की। उनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे जहां बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने की। बैठक का कुशल संचालन जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा ने किया। इस बैठक में ब्लाक प्रमुख जमुनहा शिवम जयसवाल, बीडीओ चित्तौरा संदीप कुमार त्रिपाठी, एबीएसए चित्तौरा राजकिशोर, जेबीडीओ रामलगन वर्मा, सीडीपीओ शिवशरण सैनी, एडीओ कॉपरेटिव अमर सिंह, एडीओ पंचायत अशोक कुमार श्रीवास्तव,जेईएमआई चंद्रशेखर, जेईआरईडी आनंद कुमार,एडीओ समाज कल्याण सुल्तान अहमद, एपीओ संदीप त्रिपाठी, रामरूप कोरी, पुरूषोत्तम जायसवाल, अजय प्रताप सिंह अज्जू आदि लोग उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर 344 शिकायत में 41 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

▶ डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह धामी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरता पूर्वतक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में प्राप्त 76 आवेदन पत्रों में 22 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराये गये की प्रार्थना पत्रों का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 19 में 02 कैसरगंज में प्राप्त 63 में 04, नानपारा में प्राप्त 33 में 04 , पयागपुर में प्राप्त 125 में 06 तथा तहसील महसी में प्राप्त 28 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।



### धारा 24 के निस्तारित वादों का अभियान चलाकर भूमि पैमाईश अवश्य करा दी जाये : डीएम

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों का अभियान चलाकर भूमि पैमाईश अवश्य करा दी जाय ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित समस्याओं का राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराये। बड़े मामलो में एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष स्वयं अन्य सम्बन्धित कर्मियों के साथ समस्या का समाधान कराये। प्रकरणों के निस्तारण के समय ग्राम वासियों को भी गवाह के रूप में एकत्र कर लिया जाय साथ ही सम्पूर्ण कार्यवाही की जियो टैग फोटो ग्राफी भी करायी जाय। निस्तारण आख्या के साथ जियो टैग फोटो भी उपलब्ध कराये।

### बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न



सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने 03 गर्भवती महिलाओं सरिता पाण्डेय, मोहसिना बेगम व दिव्या अग्रवाल की गोद भराई की। इसके अलावा 03 बच्चों में जैन, जुनैसा व वैशाली को अन्नप्रासन कराया तथा खिलौने का वितरण भी किया। इस अवसर पर डीपीओ राजकपूर भी मौजूद रहे।

# बिजली कटौती न करने का फरमान हवा हवाई : पूर्व विधायक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सपा के कद्दावर नेता व पूर्व विधायक यासर शाह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 22 जून तक बिजली कटौती न करने का फरमान हवा हवाई साबित हो रहा है। अघोषित विद्युत कटौती से जनता त्राहि - त्राहि कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र मे हालत बद से बदतर हो गये है। बिजली न मिलने के कारण जहाँ लोग बेहाल है, वही दूसरी तरफ आसमान से बरसती आग के चलते किसानों की सब्जियाँ , गन्ना व मेंथा की फसल के साथ धान की नर्सरी पानी न पहुँचने से सूख रही है जिससे किसान हलकान है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रितत्व कार्यकाल मे जनता के सुविधाओं के लिए बिजली क्षेत्र का जो आधारभूत ढांचा खड़ा किया था वह पूरी तरह से भाजपा सरकार की उपेक्षा व अनदेखी के चलते चरमारा गया है। उक्त वक्तव्य प्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री रहे यासर शाह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। यासर शाह ने कहा कि सपा सरकार मे ऊर्जा के क्षेत्र मे बहराइच सहित पूरे प्रदेश मे अनगिनत परियोजनाओं व कार्यो को जनता के बीच उतारा गया। बहराइच मे 33/11 के.वी.ए के 47 नये विद्युत उपकेंद्र जनपद मे स्थापित किये गये थे इसके अतिरिक्त मल्लपुर, पयागपुर, जरवल व नानपारा मे 132 के.वी.ए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के साथ साथ मल्लपुर से रिसिया व मटेरा बाजार तक 21 किलोमीटर लम्बी 38 के.वी की अतिरिक्त बिजली लाइन का निर्माण कराया गया था। जनपद बहराइच मे ग्रा0 हेमरिया मे 220 के.वी.ए के विद्युत केंद्र की स्थापना के साथ-साथ बहराइच मे भूमिगत लाइन बनाने के लिए 200 करोड़ की योजना का भी प्रस्ताव पास होकर काम शुरु हुआ था तथा जनपद की एल.टी लाइनों के जर्जर तारों को बदलने के लिए भी करोड़ो रुपये शासन द्वारा आर्वंटित किये गये है । किन्तु अब तक एल.टी लाइन के जर्जर तार न बदले जाने तथा विद्युत उपकेंद्रो के रख- रखाव व मरम्मत व खराब यांत्रिकी के न बदले जाने के कारण उत्पन्न बिजली संकट के चलते जनपद के लोगो को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यासर शाह ने आगे कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव के चलते अब जनता के सामने भाजपा नेता लगातार झूठ परोस कर उन्हे फिर से गुमराह कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सबको मकान उपलब्ध कराने के साथ साथ उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सभी गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर देने का दावा करती है यदि सरकार का यह दावा सही है तो जनपद के मिहिपुरवा के मोगलहन पुरवा मे 250 फूस के मकान जलकर कैसे राख हो गये अबतक कैसरगंज, महसी व मिहीपुरवा मे बड़े पैमाने पर चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग के कारण हजारों मकान जलकर राख मे तब्दील हो गये है और सरकार सब कुछ ठीक होने का झूठा दावा कर रही है।

# ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित लड़की को मिली नई जिंदगी

▶ ब्रेन ट्यूमर से चली गई थी आंखों की रोशनी
▶ सावित्री के लिए जीवन दान बन बैठे जिले की माटी में पले बढ़े न्यूरो सर्जन डॉ. अनुरोध पटेल
▶ आपरेशन के 10 घंटे बाद अपने बेड पर उठकर बैठ गई लड़की





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में सीनियर न्यूरो सर्जन डॉ अनुरोध पटेल ने बेहद कठिन ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर इस क्षेत्रों के लोगों में इस रोग से जुड़ी तमाम भ्रांतियों को न केवल दूर किया है। बल्कि न्यूरो से जुड़ी असाध्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों में आशा की किरण पैदा कर दी है। जिले के रूपईडीहा क्षेत्र के गांव गोकुलपुर की 19 वर्षीय सावित्री देवी को सिर में दर्द बना रहता था। कुछ दिन बाद यह दर्द इतना बढ़ा कि सावित्री का दिन का सुकून और चैन दोनों गायब हो गया। सावित्री ने इस बीमारी को लेकर कई सारे डाक्टरों की दवा की लेकिन उसे कहीं से कोई भी राहत नहीं मिली. उसकी यह समस्या और अधिक विकराल तब हो गई जब सावित्री को दोनों आंखों से दिखना बंद हो गया। जिसके बाद उसने अपने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देशराज वर्मा के सहयोग से बहराइच के बिटाना और चंद्रावती अस्पताल के न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनुरोध पटेल से मुलाकात कर अपनी बीमारी से अवगत कराया। सावित्री के लक्षणों को देखने के बाद डॉक्टर अनुरोध ने उन्हें एमआआई कराने की सलाह दी और जब एमआरआई रिपोर्ट उन्होंने देखी तो उन्होंने सावित्री को जो बताया उससे वह लगभग टूट सी गई, क्योंकि सावित्री को बीमारी ही ऐसी थी। एमआरआई रिपोर्ट के मुताबिक, सावित्री के दिमाग (ब्रेन) के वेंट्रिकल भाग में एक ट्यूमर था। उसी के कारण सावित्री को लगातार सिर में दर्द बना रहता था और उसी ट्यूमर के चलते उसकी आंखों की रोशनी भी चली गई थी। बेहद गरीब परिवार से जुड़ी सावित्री के पास इतने पैसे भी नहीं थे जिसके बूते वो अपने ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी करवा सके। वहीं उसके रिश्तेदारों ने भी उसके परिजनों को उसकी जान का खतरा बताकर और अधिक डरा रखा था। कुछ ने तो यह भी कहा कि इसकी सर्जरी में इतना पैसा लगेगा जिसे सावित्री के घर वाले नहीं खर्च कर पाएंगे, लेकिन जब उनके ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देशराज वर्मा ने उन्हें आर्थिक सहयोग का भरोसा दिया और कहा कि उन्हे डरने की जरूरत नहीं है। इस बीमारी का इलाज संभव है और उनके ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी डॉक्टर अनुरोध पटेल काफी कम खर्चे करेंगे और उनकी सर्जरी सफल भी होगी। इस भरोसे पर सावित्री का परिवार बहराइच में ही सर्जरी कराने के लिए तैयार हो गया। अब सावित्री के जीवन के लिए बेहद कठिन दौर तब शुरू हुआ। जब उसे बहराइच के बिटाना और चंद्रावती अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में दिमाग के ऑपरेशन के लिए ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर अनुरोध के कड़े परिश्रम ने लगभग साढ़े छह घंटे चले। कठिन ब्रेन ऑपरेशन के बाद जब लोगों को बताया कि सावित्री का ब्रेन ऑपरेशन सफल हुआ तो घर के लोगों ने राहत की सांस ली।डॉक्टर अनुरोध के कारनामें के बाद घर के लोगों के आश्चर्य का ठिकाना तब नहीं रहा, जब ऑपरेशन के महज दस घंटे के भीतर सावित्री अपने बेड पर उठ कर बैठी और उसने मुस्कुराते हुए अपने घर वालों को पहचान लिया। उसने सबसे पहले अपनी नम आंखों से डॉक्टर अनुरोध से मिलने की इच्छा जाहिर की और जब डॉक्टर अनुरोध उससे मिलने पहुंचे तो अपनी आंखों में खुशी के आंसू भरकर अपनी भर्राई आवाज के साथ उसने हाथ जोड़कर डॉक्टर अनुरोध का अभिवादन किया और उसको नई जिंदगी देने के लिए उन्हें बार-बार धन्यवाद दिया। यह दृश्य वार्ड में मौजूद लोगों की आंखों को भी नम कर गया। गौरतलब है कि भारत सरकार की नीति आयोग के पैरामीटर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी जरूरतों से महरूम इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित बहराइच जिले में चिकित्सा क्षेत्र की आधुनिक सुविधाओं की पूरी तरह की कमी है, जिसके चलते बहराइच समेत इसके सीमावर्ती अन्य जिलों और नेपाल के लोगों को किसी भी बड़ी बीमारी के लिए देश के अन्य क्षेत्रों में जाना पड़ता है। बहराइच के मेडिकल कॉलेज समेत सभी बड़े अस्पतालों में किसी भी बड़े ऑपरेशन को संपन्न करने के लिए न तो संसाधन हैं और न ही बड़ी बीमारियों को ठीक करने वाले बेहद प्रशिक्षित डॉक्टर ऐसे में डॉक्टर अनुरोध पटेल जो इसी बहराइच की माटी में पले-बढ़े और फिर पीजीआई चंडीगढ़ से अध्यन कर सर्जरी क्षेत्र की डिग्री एमसीएच को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। उन्होंने बहराइच में सफलता पूर्वक ब्रेन सर्जरी कर न्यूरो समस्याओं से जूझ रहे लोगों में आशा की किरण जगा दी है।

### डॉक्टर ने क्या कहा

डॉक्टर अनुरोध पटेल बताते हैं कि ब्रेन ट्यूमर के मरीज को तेज सिर दर्द, उल्टी होना, शरीर के एक भाग में कमजोरी अथवा लकवा का मार जाना आंखों की रोशनी का जाना और दिमागी कमजोरी जैसे लक्षण होते हैं। सही वक्त पर सही सलाह और मस्तिष्क की जांच से मरीज की जान बचाई जा सकती है इस केस में भी यही था।उन्होंने कहा कि सावित्री के सिर में भी भारी दर्द रहता था और उसकी आंखों की रोशनी जा चुकी थी। जब हमने उसका एमआरआई कराया तो उसकी पुष्टि हुई. लेकिन उसका ट्यूमर ब्रेन के बेहद जटिल भाग में था जिसे वेंट्रिकल कहा जाता है, इसलिए इसका ऑपरेशन बेहद रिस्की और चुनौतीपूर्ण था। हमें खुशी है कि हमारी महंत कामयाब साबित हुई और ये ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। इस ऑपरेशन को पूरा करने में साढ़े छह घंटे से अधिक समय लगा।

# केन्द्र सरकार के 9 वर्ष मानव कल्याण के लिए समर्पित रहे : धीरेन्द्र

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सरेनी विधान सभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया और कहा कि समाज विरोधी एवं भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति भाजपा की सरकार से अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। दंगा फसाद करने वाले जेल में है। श्री सिंह ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, की संकल्पना के साथ नौ वर्षों में विश्व पटल पर भारत ने हर क्षेत्र में धाक जमा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व ही है जिससे प्रभावित होकर विश्व के अन्य देशों के नेता राष्ट्राध्यक्ष भारतीय नेता के समक्ष नत मस्तक रहते है। सेवा भाव की प्रधानमंत्री की सोच व कार्य भारत का मान सम्मान बढ़ा है। पूर्व विधायक ने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण ही मोदी का लक्ष्य है। गरीब

**▸ सेवा भाव की प्रधानमंत्री की सोच व कार्य से भारत का मान सम्मान बढ़ा**

कल्याण, गरीब सशक्ती करण के लिये ये सरकार प्रभावी कार्य कर रही है, वंचितों का उनका अधिकार मिल रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जंग छेड़ रखी है। आज तकनीक के क्षेत्र में देश काफी आगे बढ़ चुका है। मोदी के कुशल शासन से अब भारत की पहचान आत्म निर्भर देश के रूप में हो रही हैं। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने



की ओर अग्रसर है।केन्द्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हों ने कहा कि बारह करोड़ लोगों को नल से जल पहुचाया गया है। उज्जवला योजना के तहत लगभग 10 करोड़ गैस कनेक्शन प्रदान किये गये, 80 करोड़ लोगो को लगातार राशन पहुचाया जा रहा है।12 करोड़ घरो में शौचालयों का निर्माण हुआ। 50 करोड़ से अधिक लोगो का आयुषमान योजना कार्ड बनाया गया । 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 रू0 प्रति वर्ष दिया जा रहा है। अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का निर्माण तेजी से चल रहा है।22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन प्रस्तावित है।इसके साथ ही केदारनाथ, बद्रीनाथ काशीविश्वनाथ, महाकालेश्वर, मथुरा, वृन्दावन एवं अन्य धार्मिक स्थलों का विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के चलते सरेनी विधान सभा क्षेत्र का भी विकास पूर्व विधायक के प्रयासों से हुआ है। क्षेत्र को दो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डलमऊ कार्तिक मेले को प्रान्तीय मेले का दर्जा, पूरे पाण्डेय से भोजपुर एवं लालगंज से सरेनी मार्ग का चौड़ी करण एवं निर्माण हुआ है। संचालन कर रहे चंद्र प्रकाश पांडे ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश एवं योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में प्रदेश का विकास तीव्र गति से हो रहा है। देश आर्थिक सामरिक रूप से मजबूत हुआ है आगामी 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में पुनः प्रचण्ड बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनायेगी। साथ ही रायबरेली लोक सभा सीट पर भी भाजपा विजय हासिल करेगी।

# आम के बंटवारे को लेकर भतीजे ने चाचा को मारी गोली हालत गंभीर

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आम के बंटवारे को लेकर चाचा व भतीजे के बीच विवाद हो गया।जिसमें भतीजे ने चाचा पर गोलियों की बौछार कर दी। जिससे चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।मामला सलोन तहसील क्षेत्र के डीह थाना अंतर्गत कोल गांव का हैं।जहां रहने वाले मिर्जा शहंशाह जमाल बेग उम्र लगभग पचास वर्ष का अपने भतीजे जियाउल हसन व शाहरुख से आम के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके बाद शनिवार दोपहर को दोनों में कहासुनी होने के बाद मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। गुस्साए दोनों भतीजों ने बंदूक से अपने चाचा



जमाल बेग पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग कर दिया।गोली लगने से जमाल पर मौके पर ही लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गये।बताया जा रहा कि पुलिस की मौजूदगी में गोलीबारी की गई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।जहां हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज की बसे बनी यमराज का वाहन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के लखनऊ रोड स्थित सेंट्रल बैंक के सामने शनिवार की दोपहर परिवहन निगम की अनियंत्रित बस ने सड़क किनारे खड़ी दो कारो में पीछे से टक्कर मार दिया। हादसे में मासूम बच्ची सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आलमबाग डिपो की बस लखनऊ से फतेहपुर जनपद सवारी भरकर जा रही थी। बस जैसे ही कस्बे के सेंट्रल बैंक के सामने पहुंची तभी अचानक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बस सड़क किनारे खड़ी दो कारों में जोरदार टक्कर मार दिया। एक कार में पीछे बैठी लखनऊ जिले के निगोंहा निवासी शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ढेकवा निवासी निधि त्रिपाठी (27) पत्नी अभिषेक त्रिपाठी, बछरावां कस्बे के गल्ला मंडी निवासी आस्था पुत्री धर्मेंद्र अवस्थी (10) वा 2 वर्षीय बालिका सुभी पुत्री मुकेश मिश्र निवासी निगोहां गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां निधि और आस्था की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस चालक लखनऊ जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कोरियारी निवासी वीरेंद्र सिंह (27) मौका पाकर मौके से फरार हो कोतवाली पहुंच कर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । दूसरी कार खाली खड़ी हुई थी । कार मालिक कोतवाली क्षेत्र के हसनगंज निवासी पवन गुप्ता किसी दुकान में सामान ले रहे थे । प्रभारी कोतवाल लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बस चालक पुलिस के कब्जे में हैं। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा ।

### 22 जून से नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर चलाया जाएगा अतिक्रमण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद रायबरेली नगर क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो पर अनाधिकृत रूप से रोड पटरी पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही/अतिक्रमण हटाये जाने के लिए नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा आठ दिनों का रूट चार्ट अतिक्रमण रोस्टर प्रस्तावित किया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 22 जून 2023 को अपराह्न 02 बजे से डिग्री कालेज से जिला अस्पताल चौराहा होते हुए बस स्टाप चौराहे तक अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार 23 जून को अपराह्न 02 बजे से पुलिस लाइन चौराहे से बस स्टेशन चौराहा होते हुए जहानाबाद पुलिस चौकी तक। 24 जून को पुलिस लाइन चौराहे से राजघाट तक। 26 जून को जहानाबाद चौकी से गल्ला मंडी होते हुए रतापुर चौराहे तक। 27 जून को राम कृपाल चौराहा से मधुबन क्रॉसिंग होते हुए घोसियाना मस्जिद पुल के नीचे तक। 28 जून घंटाघर से कैपरगंज होते हुए खोया मंडी तक। 30 जून को घंटाघर से रेलवे स्टेशन होते हुए डबल फाटक तक। 01 जुलाई को घंटाघर से सब्जी मंडी होते हुए कहारों का अड्डा तक एवं 03 जुलाई 2023 को सिविल लाईन से गोरा बाजार चौराहे तक अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### जुंआ खेलते तीन जुंआड़ी गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सोनवाखेड़ा में जुंआ खेल रहे 3 जुवारियो को पुलिस ने दबोच लिया। वहीं कई जुआं खेल रहे लोग भाग जाने में सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अबू मोहम्मद कासिम, सिपाही विकास यादव, यशपाल यादव सहित पुलिस टीम ने सोनवाखेड़ा गांव में शिवशंकर यादव के घर के सामने जुंआ खेल रहे जुआरियो की घेराबंदी की जिसमें से बलराम यादव, मोहित कुमार, पवन यादव निवासी सोनवाखेड़ा को गिरफ्तार किया गया। वहीं कई जुंआरी भाग जाने में सफल रहे। मौके पर फड़ से 2220 रुपए व तलाशी के दौरान 290 बरामद हुए। तीनों अभियुक्तों के खिलाफजुंआ अधिनियम की कार्यवाही की गई है।

### छात्रा ने नीट परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना क्षेत्र के खेमईखेड़ा निवासी शिवनारायण की बेटी प्रतिभा सिंह ने नीट की परीक्षा में 628 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। प्रतिभा की सफलता पर जहां परिवार में खुशी का माहौल है वहीं क्षेत्र के लोगों ने बेटी को शुभकामनाएं दी है। खेमईखेड़ा के रहने वाले शिवनारायण की पुत्री प्रतिभा सिंह ने अपनी पढ़ाई दिल्ली में रहकर की पिता दिल्ली में ही नौकरी करते हैं। परिवार के अन्य सदस्य लोग गांव में ही रहते हैं नीट में सफलता मिलने पर गांव में मौजूद परिवारी लोगो में खुशी का माहौल है। खेमईखेड़ा निवासी डॉ0 अवधेश पटेल ने बताया कि प्रतिभा सिंह की सफलता पर हम सभी को गर्व है। नगर पंचायत बीघापुर अध्यक्ष सुशील कुमार बाकुश ने प्रतिभा सिंह की सफलता पर फोन पर शुभकामनाएं दी। नगर पंचायत के पूर्व सदस्य सुधीर बाजपेई, दिलीप बाजपेई, समाजसेवी कृष्ण कुमार यादव, प्रधानाचार्य राजेंद्र दीक्षित, पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर द्विवेदी प्रलयंकर ने बेटी की सफलता पर शुभकामनाएं दी है।

# पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट पर लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**▸ चौकी प्रभारी मानसिंह का नया कारनामा, भा. दंड संहिता की धाराओं से खिलवाड़**

योगेश शर्मा



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** किसी व्यक्ति के अंदर ताकत का दुरुपयोग करना देखना हो तो मुराई बाग चौकी प्रभारी मानसिंह यादव से बेहतर उदाहरण नही मिल सकता जिसका ज्वलंत उदाहरण डलमऊ कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 0155 व 0156/2023 को देख सकते है जहां संपत्ति के विवाद में परिवार के दोनों पक्षो पर लूट जैसी संगीन धाराओं में अपराध पंजीकृत करते हुए अपनी साख को बढ़ाने की नाकाम कोशिश की इतना ही नही लूट की गंभीर धाराओं को खिलौने की भांति इस्तेमाल करते हुए दोनों पक्षों को शांतिभंग की धाराओं में चालान कर उपजिलामजिस्ट्रेट डलमऊ के सामने प्रस्तुत कर देते है जबकि लूट जैसी गंभीर अपराध में दर्ज धारा 392 में किया गया अपराध संज्ञेय प्रवृत्ति का गैर-जमानतीय अपराध है। और इसके लिए अपराधी को प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट के समक्ष जमानत याचिका देनी होती है जिससे चौकी प्रभारी मानसिंह अनभिज्ञ मालूम पड़ते है वैसे यहां एक बात और देखने योग्य है कि लूट में दर्ज मुक़दमे की तहरीरों को पढ़ने से पता चलता है कि मामला झुब्ध होकर रंजिश के चलते पंजीकृत किया गया है क्योंकि लूट के अभियोग को दर्ज करने से पूर्व विवेचना की बात अक्सर पुलिस विभाग के मुखारबिंदु से बड़ी आसानी से सुनी जा सकती है पर यहां तहरीर को लूट का आधार मानते हुए तत्काल अभियोग पंजीकृत कर दिया गया।

# नए नवेले अधिवक्ताओं में जोश, नियम विरुद्ध कार्य का दबाव

**▸ राजा डलदेव बार एसोसिएशन ने जारी किया बयान- एसोसिएशन धरने का हिस्सा नहीं**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण समाधान दिवस नए नवेले अधिवक्ताओं के लिए अखाड़े का पृष्ठ भूमि बनता नजर आया जहां जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए और जिंदाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे जबकि धरने में शामिल अधिवक्ताओं में ज्यादातर अधिवक्ताओं के पास मुक़दमा की पैरवी करने के लिए ही अधिकृत नही है तो प्रदर्शन किस प्रकार के मुकदमों के लिए किया जा रहा है ये एक बड़ा सवाल है जिसे क्रमवार समझना पड़ेगा. अधिवक्ता गणों के प्रदर्शन के पीछे के कारण समझना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

राजा डलदेव बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के समक्ष अधिवक्ताओं के धरने से पूर्णतः असहमति दर्ज कराते हुए अपने बयान जारी किए जिसमे पदाधिकारियों द्वारा इसे नए नवेले अधिवक्ताओं द्वारा उठाया गया व्यक्तिगत लाभ के दृष्टिगत उठाया गया कदम बताया तहसीलदार उमेश चंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के मामले निम्न है जहां राजस्व नियमावली बनाम अनैतिक दबाव एक दूसरे के आमने सामने टकरा रहे है वरासत,पट्टे की भूमि व मिनजुमला आदि मामले के गाटा सांख्या की खारिज दाखिल का अनावश्यक दबाव बनाकर कार्य कराने के रूप में देखा जा सकता है।



### गैर सीओपी प्राप्त अधिवक्ता गणों का प्रदर्शन, किसके इशारे पर हुआ प्रदर्शन

तहसीलदार उमेश चंद्र की नियुक्ति के बाद से ही लगातार उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाया पर इसमें तहसील के कई कर्मचारियों के मिलीभगत की प्रबल संभावनाओं की बू आ रही जहां नए नवेले अधिवक्ताओं के कंधों पर रखकर तहसीलदार उमेश चंद्र पर निशाना साधा जा रहा है जबकि अधिकतर अधिवक्ताओं की माने तो तहसील में न्यायालय कार्य मे कोई व्यवधान नही हो रहा है सभी न्यायिक कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है अधिवक्ता संघ की तरफ से पदाधिकारियों की तरफ से जारी बयान प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं से काफी अलग है।

### प्रस्ताव को ब्रह्मास्त्र के रूप में इस्तेमाल करते अधिवक्तागण

न्यायिक कार्य मे जो भी रुकावटें आती है उसकी सबसे बड़ी वजह अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्ताव लगाकर न्यायिक कार्य मे व्यवधान उत्पन्न करने से होता है डलमऊ तहसील में सैकड़ों ऐसी फाइलें है जिनके फ़र्देकाम पर सालों बीत जाने तक अस्सी प्रतिशत तारीखें प्रस्ताव लगाकर आगे बढ़ा दी जाती है जिनमे फरियादियों को सालों साल तक न्यायिक उम्मीद झींड होती जाती है पर अधिवक्ताओं के प्रस्ताव की प्रक्रिया नही पूर्ण होती माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों को भी अनदेखा कर हड़ताल और आयेदिन के प्रस्ताव की प्रक्रिया कर न्याय पाने की उम्मीद बाधित की जाती है।

### डलमऊ अधिवक्ता संघ अनुभव और गैरअनुभव में हुई दो फाड़

डलमऊ तहसील में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के समक्ष अधिवक्ताओं के प्रदर्शन से राजा डलदेव बार एसोसिएशन दो फाड़ होती दिखाई पड़ी जिसे अनुभव और ग़ैरनुभव के रूप में बांटा जा सकता है एक तरफ अनुभव का साथ छोड़कर गैर अनुभव प्राप्त अधिवक्ताओं ने व्यक्तिगत लाभ के मद्देनजर प्रदर्शन कर को डलमऊ के अधिवक्ता संघ ने घोर आपत्ति दर्ज कराते हुए समर्थन नही दिया जिसके बाद नए अधिवक्ताओं का प्रदर्शन बिखरा हुआ नजर आया।

# रोटरी क्लब के स्वास्थ्य शिविर का 517 मरीजों ने उठाया लाभ

**▸ जरुरतमंद को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना रोटरी क्लब का ध्येय : अरविंद श्रीवास्तव**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रोटरी क्लब, रायबरेली के द्वारा नगर के तेलियाकोट स्थित श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर प्रांगण में इंटेलेक्चुअल होम्योपैथिक ऑब्जेक्टिव सोसायटी, रायबरेली के सहयोग से एक दिवसीय निशुल्क होमियोपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मरीजों को एस. बी. एल. होमियोपैथिक मेडिकल कम्पनी द्वारा निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष आर. के. सोनी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव और इंटेलेक्चुअल होम्योपैथिक



ऑब्जेक्टिव सोसाइटी के सचिव डॉ. राजीव सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से श्री राम जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए चिकित्सकों एवं श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक पुरषोत्तम गुप्ता का स्वागत करते हुए कहा जरूरतमंद और निर्धन लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रोटरी क्लब का प्रमुख ध्येय है। रोटरी क्लब रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संचालक राजीव भार्गव ने बताया कि रोटरी सेवा सदन में निःशुल्क चिकित्सीय सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध है। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष पी. एस. सलूजा ने रोटरी क्लब एवं रोटरी सेवा सदन द्वारा चलाई जा रही सेवाओं के विषय में बताया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील त्रिवेदी, डॉ. रफत आलम, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. क्रान्ति सिंह, डॉ. अमर शुक्ला, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. आदिबा फारूकी डॉ. शैलेश कुमार ने उपस्थित रहकर सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाएं भी वितरित किया।

इस अवसर पर बासन टोला, तेलियाकोट, अहिया रायपुर, उत्तरी जहानाबाद, स्वराज नगर, गुलाब रोड, किला बाजार, खतराना एवं आसपास के लगभग एक दर्जन मोहल्लों से आए हुए 517 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें मुफ्त चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर सहायक के रूप में एस. बी. एल. कंपनी से लोकेश कुमार और प्रतीक श्रीवास्तव का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने आए हुए चिकित्सकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब द्वारा आए हुए चिकित्सकों एवं क्षेत्रीय सभासद शराफत अली का अभिनंदन भी किया गया।



### अपना दल एस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**सलोन,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपना दल एस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के सलोन प्रथम आगमन पर जगह जगह कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गौरतलब हो कि शनिवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत सलोन विधानसभा के अपना दल एस पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सलोन पवन पटेल एवं अर्जित पटेल के नेतृत्व में अपना दल एस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल का सलोन प्रथम आगमन पर जगह-जगह पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया सलोन विधानसभा के सूची ,सलोन तिराहा, गणेशगंज सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं राधा नगर में आयोजित कार्यक्रम में अभय ,जितेंद्र पटेल एवं अजय प्रधान के नेतृत्व में लोगों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को गदा भेंट किया स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने कहा कि अपना दल एस के नेतृत्व में आप सब ने जो भी भरोसा हम पर दिखाया उसे हम पूरा करके दिखाएंगे जिले में अपना दल एस संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन अनुप्रिया पटेल के द्वारा पार्टी की नीतियों को आगे ले जाने का जो बीड़ा उठाया गया है वह हम सभी साथी मिलकर पूरा करेंगे इस मौके पर अपना दल एस के जिला संरक्षक एलसी कनौजिया अभय सोनकर वीरेंद्र कनौजिया कृष्णा गौतम कमल सिंह मोहन शुक्ला सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली कटौती के संबंध में व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जब किसी भी राजनीतिक दल का कोई नेता या विधायक बिजली की समस्या को लेकर आगे नहीं आ रहा है तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने अपनी टीम के साथ अघोषित बिजली कटौती को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और सरकार के द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार बिजली की जाने की मांग की है। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बिजली अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग गर्मी से ऐसे ही पीड़ित हैं ।ऊपर से लालगंज बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जनता को अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के



निर्देशानुसार बिजली सप्लाई नहीं हो रही है। प्रदेश सरकार के आदेश के अनुसार तहसील मुख्यालय को 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली दिए जाने के सख्त निर्देश है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जनता को रोस्टर के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी केवल कनेक्शन काटने और अवैध ढंग से पैसा वसूली में लगे रहते हैं। कभी फील्ड में निकलकर जनता से यह जानकारी नहीं लेते हैं कि बिजली मिल रही है या नहीं मिल रही है। वोल्टेज भरपूर मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। आखिर उपभोक्ता बिल का भुगतान करता है। सरकार की सेवा नियमावली के अनुसार उपभोक्ता को रोस्टर से बिजली मिलनी चाहिए। अगर उपभोक्ता बिजली का बिल देता है तो उसे समय से बिजली और भरपूर वोल्टेज मिलना चाहिए। कम वोल्टेज से भी लोगों को भारी मुसीबत का सामना उठाना पड़ रहा है। कम वोल्टेज के कारण बिजली के पंखे बहुत धीरे चलते हैं जिसका कोई फायदा भी जनता को नहीं मिल रहा है।

# नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक सम्पन्न



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सफीपुर नगर पंचायत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों की पहली बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बोर्ड बैठक में करीब बीस करोड़ रुपया के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्षा गरिमा बाजपेई ने सभासदों के साथ बैठक में निर्माण कार्य, सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, आय-व्यय पर चर्चा कर विकास की रणनीति बनाई। नगर पंचायत अध्यक्षा गरिमा बाजपेई ने कहा कि नगर में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जायेंगे। शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी को दिया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी रामचंद्र मेरी ने कहा कि सभी सभासद बिना किसी भेदभाव के अपने वार्डो का विकास कराए। बैठक में प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई (राजा बेटा) लिपिक होरीलाल, सभासद उमा, शबनम, संजय कुमार, ऐनुल, नीरज कुशवाहा, खुशनुमा अभिनव शर्मा, आशमा, आपरेटर सलमान मौजूद रहे।

# तहसील समाधान दिवस पर डीएम ने सुनी समस्याएं

**आयीं 144 शिकायतो से मात्र 2 का हुआ मौके पर निस्तारण**

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु डीएम श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा की उपस्थिति में तहसील पुरवा में आयोजित जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सामान्य की समस्याएं सुनीं गयीं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पुरवा में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 110, पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 08 सहित अन्य विभागों की 12 शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 144 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। डीएम द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं ताकि सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की



पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण संतुष्टिपरक कराया जाए। शिकायतों का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से बात कर ली जाए।

अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील परिसर में जन सामान्य व किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तीकरण, निःशुल्क विधिक साक्षरता, उर्वरक बिक्री हेतु पॉस मशीन वितरण आदि शिविर/कैम्प लगाए गए। इस मौके पर डीएम द्वारा वृक्षारोपण हेतु किसान बंधुओं को फलदार पौधे तथा उर्वरक बिक्री हेतु विक्रेताओं को पॉस मशीनों का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यप्रकाश, एसडीएम पुरवा अतुल कुमार, सीओ पुरवा संतोष कुमार सिंह, उपनिदेशक कृषि मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव, डीपीआरओ निरीश चन्द्र साहू, एलडीएम सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भ्रूण के भ्रम

मनुष्य भले ही दुनिया का नीति-नियंता बनने का दंभ भरे लेकिन तमाम वैज्ञानिक उन्नति के बावजूद कुदरत के तमाम सवाल आज भी अनुत्तरित हैं। वो बात अलग है कि दुनिया पर वर्चस्व बनाने की कवायद में जुटी विश्व की महाशक्तियां बाजार प्रेरित अनुसंधानों के जरिये नये-नये दावे करती रहती हैं। भले ही औपनिवेशक सत्ताओं के दिन अब लद गये हों लेकिन वैज्ञानिक व अनुसंधान से हासिल नवीनतम ज्ञान के जरिये वे विश्व पर राज के सपने लगातार देखती रहती हैं। यह बात सर्वविदित है कि डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल को कालांतर में इसके मानवता के लिये अभिशाप साबित होने को लेकर अपराधबोध हुआ था। फिर उन्होंने दुनिया में शांति के प्रयासों को प्रोत्साहन के जरिये पश्चाताप करने का प्रयास किया। हाल ही में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उन्नत तकनीक तैयार करने वाले वैज्ञानिक ने भी इसके भयावह परिणामों को भांप कर माफी मांगी और खुद को इस प्रोजेक्ट से अलग कर लिया। परमाणु शक्ति की खोज ने हिरोशिमा व नागासाकी को जो त्रास दिया, उसने ऐसे शोध-अनुसंधान की नैतिकता पर प्रश्नचिन्ह खड़े किये हैं। अब वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने पुरुष शुक्राणु और स्त्री अंडाणुओं का इस्तेमाल किये बिना मानव भ्रूण बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है। दलील दी जा रही है कि इससे जेनेटिक डिसऑर्डर्स को समझने में मदद मिलेगी। मसलन बार-बार गर्भपात होने जैसी समस्याओं के जीव वैज्ञानिक कारणों को समझने में सहायता मिलेगी। निस्संदेह, दुनिया में तमाम नई खोजों के आविष्कार के वक्त इसका मकसद मानवता का कल्याण भी बताया गया। लेकिन जब भी कुदरत की नैसर्गिक व्यवस्था को चुनौती देने के प्रयास किये गये, उसके घातक परिणाम ही सामने आए हैं। पिछले दिनों जिस कोविड नामक महामारी ने दुनिया की आर्थिक व सामाजिक व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया, उसको लेकर चीन की लैब में विषाणु तैयार करने की बहस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पायी है। बहुत संभव है कि कालांतर में स्टेम कोशिकाओं के जरिये मॉडल मानव भ्रूण विकसित करने के प्रयासों को लेकर नैतिक व वैधानिक प्रश्नों को लेकर नई बहस शुरू हो जाये। उल्लेखनीय है कि वैज्ञानिकों ने स्टेम सेल के जरिये तीन मॉडल मानव भ्रूण तैयार कर लिये हैं। प्रथम द्रष्टया में, ये भ्रूण आरंभिक चरण के मानव भ्रूण जैसे ही हैं। जिसको लेकर कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर स्टेम सेल रिसर्च खासी उत्साहित हैं। लेकिन जानकार मान रहे हैं कि कृत्रिम भ्रूण का चिकित्सीय अनुसंधान के लिये तुरंत प्रयोग किये जाने की संभावना कम ही है। जाहिर है कि किसी कृत्रिम भ्रूण को किसी महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित करने की कोई भी कोशिश हाल-फिलहाल कानून के खिलाफ होगी। यदि तुरंत इसका इस्तेमाल नहीं हो सकेगा तो इस अनुसंधान की अगली कड़ी तलाशना भी सहज नहीं होगा। शोध अभियान से जुड़े वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि सामान्य मानव भ्रूण जैसा मॉडल तैयार करने से मानव जीवन की विकास यात्रा से जुड़े नये तथ्यों को सामने लाया जा सकेगा। जो दुनिया में कुछ आश्चर्यचकित करने वाले परिणाम सामने ला सकते हैं। बताते हैं कि इस्राइल के एक संस्थान ने चूहे के स्टेम सेल से भ्रूण तैयार करके उसमें इसके अंगों के विकास को होता देखा है, जिसकी सफलता से उत्साहित वैज्ञानिकों ने मानव भ्रूण के मॉडल तैयार करने में रुचि दिखायी है। दावा किया जा रहा है कि कैम्ब्रिज की लैब में हुए प्रयोग में चौदह दिन के सामान्य मानव भ्रूण के रूप में विकसित हुआ है। निश्चित रूप से इन प्रयासों का दुनिया में खासा विरोध होगा। समाज के लिये इससे नई चुनौतियां पैदा होंगी। खासकर धर्मगुरुओं और प्रकृतिवादियों की तरफ से कड़ा प्रतिवाद होगा, जो प्रकृति की रचनावली में मानवीय हस्तक्षेप को घातक मानते हैं। उनका मानना है कि यह कदम कृत्रिम मनुष्य तैयार करने की दिशा में पहला कदम है जो मानवता के लिये घातक साबित हो सकता है। सवाल ऐसे मानव की संवेदना को लेकर भी उठाये जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इस सफलता को मूर्त रूप देने के प्रयासों में कानूनी प्रावधानों का न होना एक बड़ी बाधा बनेगी।

# पिता आकाश से ऊंचा है जिसमें सभी लोकों के सभी देवता निवास करते हैं



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**साथियों जीवन में पिता का होना बहुत जरूरी होता है, पिता से ही बच्चों की पहचान है। उनका प्रेम अनमोल होता है, माता पिता के आशीर्वाद से दुनिया की बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है। कोई भी समस्या हो उसका समाधान पिता के पास होता है, बच्चों को पिता की महत्ता का पता जब वे खुद माता पिता बनते हैं, तो और अधिक होता है। साथियों बात अगर हम पिताजी दिवसको मनाने के इतिहास की करें तो इस दिन की शुरुआत संभवत अमेरिका से हुई थी इसकी कई कहानियों में से एक सोनेरा लुईस स्मार्ट नामक महिला नें छोटी सी उम्र में अपनी मां को खोया था और उनके पिताजी ने परिवार का पालन पोषण कर मां पिता का फर्ज अदा किया। साथियों वर्ष 1909 में, सोनोरा ने किसी सभा में मातृ दिवस के बारे में सुना। तब उन्हें यह विचार आया कि अगर मां की ममता के लिए एक दिन समर्पित किया जा सकता है, तो पिता के योगदान के लिए क्यों नहीं? उन्हें इसे आधिकारिक दिन बनाने के लिए संघर्ष किया। लोगों से बात की, जब जाकर कई स्थानीय पादरियों ने इस विचार को स्वीकार किया। ऐसा माना जाता है कि 19 जून 1910 को पहला अनौपचारिक फादर्स डे मनाया गया था।सन् 1966 में अमेरिका के राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने पिताजी दिवस मनाने की आधिकारिक घोषणा की थी।इसके बाद 1972 से अमेरिका में जून के तीसरे रविवार को पिताजी दिवस यानी पितृ दिवस मनाया जाने लगा। अत: अगर हम उपरोक्त प्रकरण का अध्ययन कर उसकाविश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पितृ देवो भव: पिताजी दिवस 18 जून 2023 पर विशेष धर्म: पिता स्वर्ग: पिता हि परमं तप:। पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता।।**

वैश्विक स्तरपर सभी देशों में जून के तीसरे सप्ताह के प्रथम रविवार को पिताजी दिवस मनाया जाता है जो इस वर्ष 18 जून 2023 को आया और हम बड़े चाव, लगन श्रद्धा, भाव से मना भी रहे हैं। इस दिवस को हर देश से लेकर हर व्यक्ति तक मनाने का अलग अलग तरीका है। यह दिन पूरी तरह से दुनिया भर के सभी पिताओं को समर्पित है। एक बच्चे के जीवन में, पिता की भूमिका अपूरणीय होती है। जो व्यक्ति हमारे जीवन में सदैव स्थिर रहेगा, हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ देगा और हमें सही रास्ते पर ले जाएगा, वही हमारे पिता हैं।

साथियों बात अगर हम पिताजी के अतुलनीय स्थान और गाथा की करें तो हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से ऊंचा है जिसमें सभी लोकों के देवता निवास करते हैं जिसे हमारे ग्रंथों महापुराणों में श्लोकों के द्वारा बताया गया है। पिता धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः।पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता।।पिता ही धर्म है, पिता ही स्वर्ग है और पिता ही सबसे श्रेष्ठ तपस्या है। पिता के प्रसन्न हो जाने पर सारे देवता प्रसन्न हो जाते हैं।पिता के महत्व को प्रदर्शित करता हुआ यह बहुत महत्वपूर्ण व सूंदर मंत्र है इसलिए अनेक पुराणों व ग्रंथों में इसका उल्लेख किया गया है।

पितृभिः ताड़ितः पुत्रः शिष्यस्तु गुरुशिक्षितःधनाहतं स्वर्ण च जायते जनमण्डनम।

श्लोक- पिता द्वारा डांटा गया पुत्र, गुरु के द्वारा शिक्षित किया गया शिष्य, सुनार के द्वारा हथौड़े से पीटा गया सोना, ये सब आभूषण ही बनते हैं।

पितृन्नमस्येदिवि ये च मूर्ताः स्वधाभुजः काम्यफलाभिसन्धौ॥ प्रदानशक्ताः सकलेप्सितानां विमुक्तिदा येऽनभिसंहितेषु ॥

मैं अपने पिता को नमन करता हूँ जो सभी देवताओं का प्रत्यक्ष रूप हैं, जो मेरी सभी आकांक्षाओं को पूर्ण करते हैं। मेरे पिता मेरे हर संकल्प को सिद्ध करने में मेरे आदर्श हैं, जो मेरी कठिनाइयों एवं चिंताओं से मुझे मुक्त करते हैं ऐसे प्रभु के रूप में विघ्नहर्ता को प्रणाम करता हूँ। ऐसे हमारे श्लोक सदियों पूर्व लिखें हुए हैं जिनसे यह विदित होता है कि भारत में पिता का स्थान देवता तुल्य है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के लिए पिता ही सुपर हीरो होने की करें तो पिता और बच्चों का रिश्ता स्नेह के साथ ही जिम्मेदारी, सुरक्षा और फिक्र का रिश्ता है। मां शिशु को 9 महीने कोख में रहती है और पिता बच्चे के आत्मनिर्भर होने तक उसकी जिम्मेदारी लेते हैं। हर पिता अपने बच्चे से प्यार करता है लेकिन उसके भविष्य को संवारने और आदर्श जीवन देने के लिए सख्ती दिखाने से भी पीछे नहीं हटता है। पिता को त्याग और समर्पण का उदाहरण कह सकते हैं। कई बच्चों के लिए उनके पिता ही सुपरहीरो होते हैं। हालांकि अक्सर बच्चे पिता के सामने अपनी इस भावना को व्यक्त करने में पिछड़ जाते हैं। पिता के प्रेम और त्याग को सम्मान देने के लिए दुनियाभर में हर साल फादर्स डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत एक बेटी ने की, जो अपने पिता से बेहद प्यार करती थी। आज हर बेटा और बेटी अपने पिता को खास महसूस कराने के लिए फादर्स डे मनाते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष के आधुनिक डिजिटल युग में पिताजी दिवस मनाने की करें तो हमें इस दिन को हर साल अपनी भारतीय संस्कृति, ग्रंथों महापुराणों में लिखे वचनों के अनुसार मनाने का संकल्प लेना होगा न कि पाश्चात्य शैली से मनाने की बात होनी चाहिए! क्योंकि हम अपने पिताजी, अब्बा जान, को सिर्फ बधाई, गुलदस्ता, कोई गिफ्ट बुके या उन्हें घुमाने फिराने ले जाने भर से और केवल एक दिवस के लिए ही नहीं होगा बल्कि हमें इस दिन संकल्प लेना है कि हमारे पिताजी अब्बा जान हमारी धरोहर हैं हमारे देवता ईश्वर अल्लाह हैं उनका सम्मान ध्यान पूजा हम उसी तरह करेंगे जैसा हमारी आस्था अपने अपने धर्म और मज़हब में है ऐसा संकल्प हमें हर साल 18 जून को दोहराना होगा। साथियों मेरा मानना है कि देवी देवता ईश्वर अल्लाह हमारी आस्था के प्रतीक हैं। हमारी आध्यात्मिकता की धरोहर हैं उनका सम्मान पूजा-पाठ भी जीवन में जरूर है, परंतु उससे पहले हमें अपने माता-पिता का ध्यान रखना होगा उनका मान सम्मान पूजा करनी होगी बाकी सब बाद में! क्योंकि हमने हमारे ही श्लोकों में पाए हैं कि इनमें ही हमारे सभी लोकों के देवता निवास करते हैं तो फिर हम कहीं और क्यों अपना ध्यान बांटे? साथियों बात अगर हम हमारे पिताजी की दैनिक जीवन में भूमिका की करें तो, कहते है कि दुनिया में मां और बच्चे का रिश्ता सबसे बड़ा होता है। मां बच्चे को जन्म देती है, उसे बड़ा करती है। लेकिन एक पिता बच्चे को सभ्य बनाने के साथ ही उसके भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाता है। बच्चे के जीवन में पिता का रोल मां जितना ही है। पिता त्याग और समर्पण का उदाहरण है। एक पिता ही बच्चे को समाज की हर बुराई से बचाता है। पिता बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद संघर्ष करते हैं। उनके भविष्य को संवारने के लिए दिशा निर्देशन करते हैं। मां तो मातृत्व न्योछावर कर देती है लेकिन बच्चे को सही मार्ग दिखाने के लिए पिता को कठोर बनना पड़ता है। पिता अक्सर बच्चे के प्रति उस तरह का प्यार जता नहीं पाते, जैसे मां जताती हैं लेकिन बिना दिखाए या जताए जीवन भर की खुशियां बच्चे को देने का काम एक पिता ही कर सकता है। पिता के इसी प्रेम, त्याग को सम्मान देने के लिए दुनिया के तमाम देशों में फादर्स डे मनाया जाता है। साथियों जीवन में पिता का होना बहुत जरूरी होता है, पिता से ही बच्चों की पहचान है। उनका प्रेम अनमोल होता है, माता पिता के आशीर्वाद से दुनिया की बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है। कोई भी समस्या हो उसका समाधान पिता के पास होता है, बच्चों को पिता की महत्ता का पता जब वे खुद माता पिता बनते हैं, तो और अधिक होता है। साथियों बात अगर हम पिताजी दिवसको मनाने के इतिहास की करें तो इस दिन की शुरुआत संभवत अमेरिका से हुई थी इसकी कई कहानियों में से एक सोनेरा लुईस स्मार्ट नामक महिला नें छोटी सी उम्र में अपनी मां को खोया था और उनके पिताजी ने परिवार का पालन पोषण कर मां पिता का फर्ज अदा किया। साथियों वर्ष 1909 में, सोनोरा ने किसी सभा में मातृ दिवस के बारे में सुना। तब उन्हें यह विचार आया कि अगर मां की ममता के लिए एक दिन समर्पित किया जा सकता है, तो पिता के योगदान के लिए क्यों नहीं? उन्हें इसे आधिकारिक दिन बनाने के लिए संघर्ष किया। लोगों से बात की, जब जाकर कई स्थानीय पादरियों ने इस विचार को स्वीकार किया। ऐसा माना जाता है कि 19 जून 1910 को पहला अनौपचारिक फादर्स डे मनाया गया था।सन् 1966 में अमेरिका के राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने पिताजी दिवस मनाने की आधिकारिक घोषणा की थी।इसके बाद 1972 से अमेरिका में जून के तीसरे रविवार को पिताजी दिवस यानी पितृ दिवस मनाया जाने लगा। अतः अगर हम उपरोक्त प्रकरण का अध्ययन कर उसकाविश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पितृ देवो भवः पिताजी दिवस 18 जून 2023 पर विशेष धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः। पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता।। पिता आकाश से ऊंचा है जिसमें सभी लोकों के सभी देवता निवास करते हैं, ग्रंथों महापुराणों में श्लोकों से ऐसा बखान हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

## विचार

# भीड़ का न्याय सामाजिक शांति को खतरा

*संजीव ठाकुर*

देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे हैं। भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फ्रि सामने आती है माब लीचिंग।वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है, आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है। और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफ वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10ः लोगों के पास देश की 58ः संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70ः भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है।

भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफकानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है।

भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफबढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है, इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है। भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था, फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए।

भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।

## साहित्य



# उमड़-घुमड़ कर आसमान में...

**अनिल मिश्र प्रहरी**

उमड़ – घुमड़ कर आसमान में
चलते मेघ घनेरे, प्यासी धरती
तड़प रही है मत कर नभ के फेरे।
आसमान चढ़ गर्जन करने में तेरा
सम्मान नहीं,सूखे खेतों में बह
जाने में कोई अपमान नहीं।
अम्बर पर मत खेल, नजर से देख
यहाँ क्या होता है, खेतों की क्यारी
पर बैठा हुआ कृषक मन रोता है।
कौड़ी – कौड़ी लुटा कृषक है,
जीने में कोई राग नहीं,
दीपक की बुझती बाती में होती
उतनी आग नहीं।
कर्ज तले है दबा, सिसकता हुआ
अन्न का दाता, गम के घोर अँधेरों
में वह चिर निद्रा सो जाता।
बूँद-बूँद अब बरस मेघ, क्यों है
इनको तड़पता, कभी क्षितिज, फिर
अम्बर पर आता कैसे है जाता?
झूम- झूमकर बरस घटा भर दे
खेतों को, सूखी नदियाँ, ताल,
दहकती इन रेतों को।
जीवन करे पुकार हार, नभ के
बंजारे, सृष्टि के आधार, तुम्हीं
सिंगार, बरस धरती पर प्यारे।

## झरोखा





# राशिफल

**मेष**:- आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**बृषभ** :- स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुन**:- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** :- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या** :- समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**तुला** :- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक** :- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु** :- नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर** :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ** :- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मीन** :- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# पंचायत चुनावों में भी हिंसा!

आदित्य नारायण

प. बंगाल में पंचायतों के चुनाव में ही जिस प्रकार की हिंसा हो रही है उससे इस राज्य के भीतरी राजनैतिक माहौल व सियासी कशीदगी का अन्दाजा आसानी से लगाया जा सकता है। यह राज्य वैचारिक मनीषियों व क्रान्तिकारियों का राज्य रहा है और इसकी बांग्ला संस्कृति की खुशबू पूरे भारत के लोगों को अपने सम्मोहन से बांधती रही है परन्तु आजादी के बाद जिस तरह यह राज्य वामपंथी विचारों खास कर मार्क्सवादी पार्टी की प्रयोगशाला बना उससे इस राज्य के औद्योगिक व वाणिज्यिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ा और अंग्रेजों के जमाने के पूरे भारत के सबसे अग्रणी राज्य माने जाने वाले प. बंगाल की गिनती आज उद्योगों से वंचित राज्यों में होने लगी। बेशक कृषि के क्षेत्र में वामपंथी पार्टियों ने अपने 37 वर्ष के लम्बे शासनकाल में कई महत्वपूर्ण भूमि बदलाव किये परन्तु कहीं न कहीं हिंसा को भी राजनैतिक तन्त्र का हिस्सा बना डाला। 2011 में जब तृणमूल कांग्रेस की नेता सुश्री ममता बनर्जी ने इस राज्य से वामपंथियों की सत्ता को 'सूखे पत्ते की तरह राजनीति के पेड़' से उखाड़ कर फेंका था तो अपेक्षा की जा रही थी कि वह वामपंथियों द्वारा पनपाई गई राजनैतिक हिंसक संस्कृति का भी 'गांधीवादी' स्वरूप में रूपान्तरण करेंगी मगर वह ऐसा नहीं कर सकीं उल्टे उनकी पार्टी के लोगों ने 'वामपंथी माडल' का अनुसरण करना शुरू कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि धरातल पर लोकतान्त्रिक प्रशासनिक संस्थानों पर 'पार्टी काडर' का कब्जा करने के वामपंथी माडल का केवल नाम बदल गया।

तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी पार्टी के झंडे तले वे ही सारे काम करने लगे जो वामपंथी संगठनों का 'काडर' किया करता था। भारत की बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली में इस तरह के माडल की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती थी क्योंकि इसके तहत प्रत्येक मतदाता स्वयंभू होता है। वह भारतीय संविधान का पालन करते हुए खुद के मिले अधिकारों का प्रयोग स्वतन्त्र होकर करता है। जब 2011 के विधानसभा चुनावों के दौरान पूरे प. बंगाल के गली-कूचों में यह नारा गूंजा था कि 'ए बारी ममता-वामपंथ होवे ना' तो उम्मीद बंधी थी कि प. बंगाल को हिंसा की राजनैतिक संस्कृति से निजात मिलेगी परन्तु परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं आया और बाद में कई दूसरे कारणों से उसका चेहरा बेशक बदल गया मगर चरित्र वही रहा। यदि पंचायत जैसे प्रारम्भिक स्तर के चुनावों में ही कोलकोता से मात्र 30 कि. मी, दूर स्थित 'भंगार' इलाके में चुनावी हिंसा में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है और जमकर आगजनी व बम बाजी होती है तो राज्य की ममता सरकार की प्रशासन पर कितनी पकड़ है इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

पंचायत चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने के दौर में ही हिंसा का जब यह आलम है तो मतदान तक पहुंचते-पहुंचते क्या खेल होगा, इस बारे में भी आसानी से सोचा जा सकता है। माना कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राज्य में पिछले सात साल से कांटे की लड़ाई चल रही है मगर जब इसके



नेता सुवेन्दु अधिकारी द्वारा उच्च न्यायालय में हिंसा को लेकर याचिका दाखिल की जाती है तो न्यायालय को आदेश पारित करना पड़ता है कि चुनाव करीने से कराने के लिए राज्य सरकार को केन्द्र से सुरक्षा बल मंगा कर उनकी तैनाती करनी चाहिए।

ममता दी जमीन की नेता हैं और उन्होंने यह रुतबा सड़कों पर संघर्ष करते हुए हांसिल किया है। अतः उन्हें यह बताने की कतई जरूरत नहीं है कि उच्च न्यायालय के इस आदेश के राजनैतिक मायने क्या निकलेंगे। उच्च न्यायालय में केवल भाजपा के नेता सुवेन्दु अधिकारी ही गये हों ऐसा भी नहीं है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को भी यह रास्ता पकड़ना पड़ा। जब एक-दूसरे की कट्टर राजनैतिक दुश्मन कांग्रेस व भाजपा को ममता दी की सरकार के खिलाफएक ही रास्ते पर आना पड़ता है तो निष्कर्ष यही निकलता है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पंचायत चुनावों में विपक्ष को कोई जगह न देने की रणनीति बना रखी है। प. बंगाल से तो लोकतन्त्र के शिलालेख इसके महान नेताओं द्वारा तैयार किये जाते रहे हैं। चाहे कांग्रेस नेता बिधान चन्द्र राय हों या पी.सी. सेन रहे हों, उन्होंने कभी भी अपने विरोधियों को उनका स्थान देने से नहीं नकारा।

वामपंथियों का राजनैतिक माडल ममता दी प. बंगाल में इसी लिए नष्ट करने में सफल हो सकीं क्योंकि वह आम जनता अर्थात मतदाता को मजबूत करके अपने संगठन को गांधीवादी स्वरूप देकर उसे उनके हितों का संरक्षक बनाना चाहती थीं। मगर वामपंथियों की तरह ही 'पार्टी कम्यून' के सहारे जमीन पर पूरे लोकतान्त्रिक प्रशासनिक ढांचे को कब्जा करने की नीति का अनुसरण प. बंगाल को ही भीतर से कमजोर बनायेगा। यदि किसी राज्य में पंचायत चुनाव भी केन्द्रीय सुरक्षा बलों के साये में कराये जाते हैं तो इससे राज्य चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा भी तार-तार होती है। यह बहुत गंभीर मसला है क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति के सन्दर्भ में केन्द्रीय चुनाव आयोग को लेकर जब भी बात होती है तो एक विपक्षी दल के रूप मे ममता बनर्जी की पार्टी इसकी भूमिका को संशय के घेरे में डालने से पीछे नहीं रहती।

जरूरी है कि पहले खुद को संशय के घेरे से ऊपर रखने के लिए राज्य चुनाव आयोग को राज्य पुलिस का अपने मन मुताबिक प्रयोग करने की खुली छूट दी जाये और राज्य चुनाव आयोग को बिना किसी भय या खतरे के अपना काम पूरी निष्पक्षता से करना चाहिए। क्योंकि सामान्यतः पंचायत चुनाव राज्य पुलिस की सुरक्षा में ही कराये जाते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# डीएम ने पीड़ितों की सुनी फरियाद, निस्तारण के दिये निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि।**

जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले में शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह व अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

- डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें




डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ पात्र एवं जरूरत लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रभी करें।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 35, पुलिस 19, विकास 08, नगर निकाय 05, डूडा 05, विधुत 04, कृषि 05, स्टांप से 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ संदीप सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे एनएचएम के 41 संविदा कर्मचारियों का तबादला

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात एनएचएम के 41 संविदा कर्मचारियों का तबादला जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष/ जिला अधिकारी के अनुमोदन के आधार पर जिला स्वास्थ्य समिति सचिव / सीएमओ खीरी डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा किया गया है। जिससे एसपीरेशन ब्लॉक पर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जा सके। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए 12 बीपीएम, 15 बीसीपीएम और 14 बैम का तबादला जिले के अंदर ही अलग-अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया है। इन सभी के द्वारा आशा और संगिनी सहित अन्य कर्मचारियों के भुगतान में देरी की शिकायतें मिल रही थीं। कारण पूछे जाने पर एक दूसरे पर दोषारोपण किया जाता है। यह सभी तबादले 9 जून 2023 को हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के क्रम में जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष / जिला अधिकारी के अनुमोदन के आधार पर किए गए हैं। जिससे मुख्यमंत्री जी के उद्देश्य के अनुसार एसपीरेशन ब्लॉक को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि एनएचएम के अंतर्गत तैनात समस्त संविदा कर्मचारियों के तबादले का अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति के पास होता है।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने अधिकारियों संग की बैठक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. सुचिता चतुर्वेदी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरुआत में आयोग की सदस्य ने उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। बैठक का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोग की सदस्य डॉ सुचिता चतुर्वेदी ने योजना के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित करके मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ पात्र बच्चों को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कोरोना के कारण निराश्रित हुए बच्चों के भरण पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा पर जोर देते हुए समय-समय पर उनका हाल-चाल लेने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए सदस्य डा. सुचिता चतुर्वेदी ने निर्देश दिया कि पीकू वार्ड, एनआरसी, सीएचसी केन्द्र व ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें ताकि बच्चों को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। बालश्रम पर प्रभावी अंकुश के लिए आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित करने का सुझाव देते हुए बालश्रम से सम्बन्धित मामलों में कड़ी कार्रवाई कराये जाने की भी अपेक्षा की। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि प्रदेश को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाये जाने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ धनी राम, बाल कल्याण समिति के सदस्य एसपी सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एट के पास पलटी रोडवेज बस, दर्जनों यात्री घायल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश रोड़वेज बस चालक की घोर लापरवाही के चलते एट थाना क्षेत्र के अंर्तगत पड़ने वाले झांसी-उरई हाईवे पर तेजगति से आ रही बस के अचानक पलट जाने से उसमें सवार दर्जनों यात्री घायल हो गये।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने का काम किया। लेकिन इस दौरान किसी भी उच्च अधिकारी ने घटना स्थल पर जाकर घटना की सत्यता की जांच करके दोषी पर कार्यवाही करने की जहमत नही उठाई है।फ़िलहाल बस सवार यात्रियों को मामूली चोटें आयी जिन्हें बाद उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया।

# जिला अधिवक्ता संघ ने किया सांकेतिक धरने का आयोजन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस उत्पीड़न के विरोध में भरी हुंकार




जिला अधिवक्ता संघ, लखीमपुर खीरी के सम्मानित सदस्य रमाकांत मिश्र एड. व संतोष शर्मा एड. तथा सत्येंद्र राजवंशी एड. के पुलिस उत्पीड़न के विरोध में आज जिला अधिवक्ता संघ के आवाहन पर संघ के सम्मानित सदस्य अजय कुमार शुक्ला एड. पूर्व अध्यक्ष /सदस्य , बार कार्उसिल ऑफ उ. प्र. एवं महामंत्री मनोज कुमार जयसवाल एड. के नेतृत्व में जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी के सम्मानित सदस्यगण ने संघ परिसर में सांकेतिक धरना दिया। महामंत्री मनोज कुमार जयसवाल एड. ने चेतावनी दी कि तत्काल प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक बनाते हुए महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, तथा अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर जनपद की पुलिस के कृत्यों से अवगत कराएगा। धरना प्रदर्शन में संघ के सम्मानित सदस्य रमाकांत मिश्र एड., कमला कांत दीक्षित एड., सरोज कुमार श्रीवास्तव एड., श्री सुखबीर सिंह चौहान एड., विमलेंद्र प्रताप मिश्र एड., घनश्याम त्रिवेदी एड., दीपेंद्र सिंह एड., अनोज कुमार बाजपेई एड., अमित कुमार एड., मथुरा प्रसाद अवस्थी एड., महेंद्र तिवारी अंकुर एड., संतोष शर्मा एड., अफसर अली एड., विकास कुमार निषाद एड., विनय कुमार तिवारी एड., विनय कुमार तिवारी एड., आर. अली (राजू खान) एड., अनूप कुमार अवस्थी ऐड., विष्णु गोपाल सक्सेना एड., गौरव बाजपेई एड., श्री मो. आसिफ खान एड., कमलेश कुमार मिश्र एड.,अजय कुमार श्रीवास्तव एड., अमरकेश एड., अशोक कुमार मिश्र एड., राम नारायण त्रिवेदी एड. बृजेश त्रिवेदी एड., आनंद कुमार सोनी एड., नितिन कुमार गुप्ता एड., खली उल्ला खां एड., जावेद अली एड., गोपाल जयसवाल एड., शफीकुरहमान खा एड., अरुण कुमार सिंह एड., चंद्र प्रकाश बाजपेई एड., मनोज सिंह एड. हिमांशु तिवारी एड॰ सहित वरिष्ठ एंड कनिष्ठ अधिवक्ता गण शामिल हुए।

## खबरें एक नजर में

### यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूकता अभियान का आयोजन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 17 जून 2023 को यातायात पुलिस जनपद खीरी द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत इंडियन आयल गैस प्लांट निकट छाउछ में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उन्हे अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ गैस टैंकर को लाने-ले जाने वाले ड्राइवरों को आन रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया गया एवं यातायात नियमों के पालन करने, यातायात संकेत, रोड के संकेत, ड्राइवर के संकेत तथा यातायात संबंधी अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 42 फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायतें

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील उरई में आमजन की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शेष शिकायतों को गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम सदर सौरभ पांडेय ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं प्रकरणों को देखें वह मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक डॉ शिवाकांत द्विवेदी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### यमुना में डूबे किशोर का शव बीस घंटे बाद पानी में उतराता मिला

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कुठौंद थाना अंतर्गत पतराही के पास यमुना नदी में डूबे 15 वर्षीय किशोर का शव पानी में उतराता हुआ मिला है। हालांकि उसके तीन अन्य साथियों को डूबने से ग्रामीणों ने बचा लिया था। कुठौंद थानांतर्गत पुलिस चौकी कंझारी के ग्राम पतराही में यमुना के किनारे बकरी चराते समय नदी की जलधारा में डूबने से 15 वर्ष किशोर लोकेश उर्फ लल्लू पुत्र बालकराम की मृत्यु हो गई जिसका शव 20 घंटे बाद यमुना नदी में उतराता हुआ मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार को सुबह 10 बजे ग्राम पतराही के चार किशोर बालक अपनी अपनी बकरियां चराने हेतु यमुना तट पर गए थे अत्यधिक गर्मी से पीड़ित बच्चों ने यमुना नदी में स्नान करने के उद्देश्य उसके जल में प्रवेश किया, अधिक गहराई व तीव्र धार में तैरना ना आने के कारण बच्चे पानी में डूबने लगे उसी समय यमुना तट पर मौजूद ग्रामीणों ने पानी में छलांग लगाकर किसी तरह तीन बच्चों को डूबने से बचा लिया लेकिन 15 वर्ष लोकेश बहुत खोजने पर भी नहीं मिला। घटना की सूचना कुठौंद पुलिस को दी गई। सूचना पाकर एसएचओ कुठौंद अखिलेश द्विवेदी ने गोताखोरों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों की मदद से पानी में लापता लोकेश की देर रात तक खोज की लेकिन वह नहीं मिला। शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीण यमुना तट पर पहुंच गए उसी समय घटनास्थल से कुछ दूर लोकेश का शव पानी में उतराता हुआ मिला। शव मिलने की सूचना प्राप्त होने पर उसके परिजनों में करुण क्रंदन गूंजने लगा। मृतक लोकेश का शव मिलने की सूचना कुठौंद थाना पुलिस को दे दी गई है। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

**शिक्षा, संस्कार और जीवन मूल्यों के साथ नई पीढ़ी के युवक-युवतियों को दी दिशा**

# सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द की रखी गई खूबसूरत मिसाल

- अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में आयोजित हुआ परिचय सम्मेलन




**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जहां एक और मौजूदा सामाजिक हालात नई जीवनशैली और बदलाव की और संकेत दे रहे हैं तो वही अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा ने नई पीढ़ी को शिक्षा संस्कार और जीवन मूल्यों के साथ जोड़कर उनके जीवन की सार्थकता को साबित करने का बीड़ा उठाया है बीते लंबे समय से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के जरिए एकता आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय क्षितिज पर प्रतिभाओं को पहुंचाना ही सभा का लक्ष्य है अपने दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम दिन सभा द्वारा दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें युवक युवती परिचय सम्मेलन आकर्षण का केंद्र रहा।

अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार पोरवाल के निर्देशन में आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना और गणेश वंदना के साथ शुरू किया गया इस मौके पर समाज के युवक-युवतियों द्वारा मंच पर अपनी प्रतिभा और हुनर के साथ-साथ एक दूसरे को अपना परिचय दिया गया समारोह में जिस तरह से युवक-युवतियों ने मंच को साझा करते हुए पूरे उत्साह और शालीनता के साथ अपने जीवन के नए अध्याय की ओर चलने का उपक्रम किया वह बेहद ही सराहनीय रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे जिन्होंने समाज की नई पीढ़ी का जमकर उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व महासभा द्वारा नगर में शोभा यात्रा निकाली गई जो कि नगर के सिटी सेंटर से प्रारंभ होकर मुख्य राजमार्ग होते हुए राठ रोड स्थित शताब्दी महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई शोभा यात्रा के दौरान सभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश पुरवार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामप्रकाश पुरवार देवेंद्र गुप्ता हरि हरनाथ गुप्ता कैप्टन सुबोध गुप्ता डॉ श्रीमती अर्चना गुप्ता डॉ आर के गुप्ता इंजीनियर सुरेश कुमार प्रदीप कुमार गोविंदपुर बार श्रीमती तृप्ति पुरवार श्रीमती कविता पुरवार राकेश गुप्ता लालू सर मनीष कुमार गुप्ता झांसी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गैलेक्सी कोचिंग पर गाज, डीआईओएस ने तत्काल बंद कराया संचालन

- अग्निशमन अधिकारी के निरीक्षण में नहीं मिले आग के बचाव के उपाय
- डीआईओएस ने जांच में पाया कि उक्त कोचिंग का पंजीकरण भी नहीं है

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

करमेर रोड पर संचालित गैलेक्सी कोचिंग को डीआईओएस ने तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश दिये हैं। ऐसा न करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बताते चलें कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी चन्द्रशेखर यादव ने 22 मई को करमेर रोड पर संचालित गैलेक्सी कोचिंग का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने देखा कि कोचिंग के भूतल में एयर कंडीशन कमरों में क्लास चल रहीं थीं जबकि वहां पर आग से बचाव के लिये कोई व्यवस्था नहीं थी। इसकी रिपोर्ट उन्होंने डीआईओएस को दी। डीआईओएस ने जांच में पाया कि उक्त कोचिंग का पंजीकरण भी नहीं है। डीआईओएस राजकुमार पंडित ने अग्निशमन संबंधी लापरवाही और पंजीकरण न होने के मद्देनजर तत्काल प्रभाव से कोचिंग बंद करने के आदेश दिये। ऐसा न करने पर विधिक कार्रवाई के साथ जुर्माना भी वसूल करने की चेतावनी दी।

# बुंदेली सेना ने मुख्य सचिव स्वास्थ्य को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बुंदेली सेना के बुंदेलखण्ड संयोजक आश्रय सिंह उर्फ गप्पू ने राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना मांग की ताकि एक्सीडेंट के मरीजों को झांसी-कानपुर रिफर न होना पड़े। चूंकि दोनो ही उपचार की जगह लगभग उरई से 120 किमी दूरी पर है। उन्होंने यह भी मांग की कि राजकीय मेडिकल कालेज जालौन में हृदय रोग विभाग को प्रारंभ किया जाये एवम सिटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि उरई शहरी क्षेत्र में अधिकृत मतदाता 1 लाख 81 हजार व आबादी लगभग साढ़े चार लाख है। अत बुंदेली सेना जनपद जालौन की समग्र लगभग 13 लाख की आबादी की तरफ से अनुरोध करती है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेण्टर, हृदय रोग विभाग, सिटी स्कैन की सुविधा, न्यूरोलॉजी जैसी सुविधाएं प्रारंभ की जाए जिस से जनता को कानपुर, लखनऊ जाने को मजबूर ना होना पड़े। राजकीय मेडिकल कालेज में डॉक्टरों की संख्या में इजाफा किया जाए ताकि लोगों तक उपचार आसानी से पहुंच सके। बुंदेली सेना ने स्थानीय लोगों का विषय रखते हुए मांग कि गरीबों, महिलाओं व बुजुर्गों की जांच निःशुल्क हो एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों व आउट सोर्सिंग के माध्यम से रखे जाने वाले कार्मिक बुन्देलखण्ड के स्थानीय हो। मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बुंदेली सेना को आश्वासन दिया कि मांगों को जल्द ही पूरा किया जायेगा व चिकित्सा के क्षेत्र में बुन्देलखण्ड में विकास किया जाएगा।

# बसपा मिशनरियों ने लालाराम को हटाने की फिर भरी हुंकार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- निकाय चुनाव में टिकट के बदले रुपयों की वसूली के लगाये आरोप
- बसपा जिलाध्यक्ष की सांठगांठ से टिकट वितरण में की थी धांधली



शनिवार को बसपा के मिशनरी कार्यकर्ताओं की बैठक में बुंदेलखंड कोआर्डिनेटर लालाराम हटाओ बुंदेलखंड बचाओ जैसे नारों के बीच शुरू हुई जिसमें वक्ताओं ने निकाय चुनाव में लालाराम अहिरवार ने बसपा जिलाध्यक्ष से सांठगांठ कर बड़े पैमाने पर टिकट बंटवारे में धांधली जैसे गंभीर आरोप भी लगाये। मीटिंग में साफ तौर पर कहा गया जब कि पार्टी लालाराम अहिरवार को बुंदेलखंड से बाहर का रास्ता नहीं दिखाती वह लगातार विरोध का झंडा लहराते रहेंगे। मीटिंग को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि बुंदेलखंड कोआर्डिनेटर लालाराम अहिरवार को अबिलंब हटाया जाये। नगर निकाय चुनाव में नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में चेयरमैन व बार्ड सभासद प्रत्याशियों से कितनी सहयोग राशि प्राप्त की और पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कितनी राशि जमा की गयी इस बात का खुलासा किया जाये। निकाय चुनाव में प्रत्याशियों को टिकट देने के बाद किसी प्रत्याशी को जिताने के लिये कोई ठोस रणनीति नहीं बनायी गयी ऐसा क्यों? पार्टी में ओबीसी व मॉइनॉटरी की भागेदारी जनपद में भी होनी चाहिये। विधानसभा अध्यक्ष अपने लैटरपैड पर किसी भी कार्यकर्ता को छह वर्ष के लिये पार्टी से निष्कासित नहीं कर सकता। यह अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष के पास ऐसी अनुशासनहीनता पर कार्यवाही की जाये। जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को ही पदाधिकारी बनाया जाये जिससे पार्टी को मजबूती प्रदान हो सके। विगत वर्षों में हुये जिला पंचायत एवं विधानसभा चुनावों में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया था यदि जिला पंचायत चुनावों में आर्थिक दृष्टिकोण न अपनाकर मिशनरी एवं अच्छी छवि वाले कार्यकर्ताओं को टिकट दिये जाते तो जिला पंचायत अध्यक्ष बसपा का बना होता। मीटिंग में रामसनेही, उदयवीर सिंह, विजय दोहरे, मुलायम सिंह, कीरत सिंह दोहरे, जयप्रकाश, सुरेंद्र विक्रम वेद, प्रमोद गौतम, शिवशंकर कुशवाहा, सत्यभान सिंह, सुनील दोहरे, दौलत सिंह, बृजेश, किशन चौधरी, कल्लू यादव, प्रदीप कुमार, राकेश अहिरवार पाली, रामसिंह, सुरेश प्रजापति सहित अनेकों मिशनरी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इलाज के उपरांत बच्चे की हुई मौत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

- डॉक्टर पर लगा लापरवाही का आरोप

सीतापुर में पत्रकार दिवाकर शास्त्री के बच्चे को तेज बुखार आ जाने के कारण दिवाकर शास्त्री द्वारा डॉक्टर सुनील वैश्य को दिनांक 10 06 2023 को समय लगभग 11:50 बजे दिखाया गया डॉक्टर ने बच्चे का इलाज किया और सारी दवाई अपने यहां स्थित मेडिकल स्टोर से ही लेने को कहा प्रार्थी द्वारा डॉक्टर की फीस देने के उपरांत उन्हीं के मेडिकल स्टोर से दवा खरीद ली गई जैसे ही इलाज करने के बाद बच्चा घर पहुंचा बच्चे के पूरे शरीर पर छाले पड़ गए उसके बाद प्रार्थी द्वारा डॉक्टर सुनील वैश्य को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा लो डाक्टर द्वारा बताया गया कि मैं तो आपको ही अच्छा डॉक्टर समझ कर दिखाया था तो मैं अब जाकर किसको दिखाऊं और आपकी दवा से मेरे बच्चे को जो इंफेक्शन हुआ है। डॉक्टर ने बताया कि मैं डॉक्टर हूं मैंने इलाज किया है बच्चा मरे या जिंदा रहे इससे हमारा कोई लेना.देना नहीं है यदि हमारी दवा समझ में नहीं आती तो किसी दूसरे को जाकर दिखा लो बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती रही डॉक्टर सुनील वैश्य की घोर लापरवाही एवं गलत इलाज के कारण बच्चों की हालत अत्यंत बिगड़ गई प्रार्थी ने बीसीएम अस्पताल में अपने बच्चों को ले जाकर एडमिट कराया तो पता चला गलत दवा होने के कारण साइड इफेक्ट हो गया है इसलिए पूरे शरीर पर छाले पड़ गए हैं पूर्व में जो डॉक्टर के द्वारा दवा दी गई थी वह दवा काफी गर्म थी जिससे बच्चों के फेफड़ों में इंफेक्शन हो गया और वहां पर 24 घंटा एडमिट होने के बाद प्रार्थी का बच्चा नहीं बच सका प्रार्थी शासन व प्रशासन से गुहार लगा रहा है कि डॉक्टर सुनील वैश्य पर तत्काल जांच करवा कर डॉक्टर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करवाने की कार्रवाई की जाए जिससे अन्य बच्चों के साथ ऐसी पुनरावृत्ति ना हो सके जब सीतापुर के पत्रकार दिवाकर शास्त्री के बेटे के साथ ऐसी घटना हो सकती है तो आम जनमानस के साथ डॉक्टर किस प्रकार पेश आते होंगे यह भी एक सोचने का विषय है।

# खड़े ट्रक में डम्फर की भिड़ंत, दो की मौत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर पीछे से आ रहे डंपर ने आगे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि डंपर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में घायल चालक व परिचालक की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही मौत हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

चित्रकूट की ओर से एक डंपर औरैया की ओर जा रहा था। किमी संख्या 210 के पास एक ट्रक एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ा था। रात्रि करीब 4 बजे जब डंपर उक्त स्थान पर पहुंचा तो चालक आगे खड़े ट्रक को देख नहीं सका और उसने आगे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर लटक गया। मौके से निकल रहे ट्रक चालकों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल चालक ऋषि यादव पुत्र उदयवीर सिंह व हेल्पर लवकुश यादव पुत्र विश्राम सिंह निवासीगण तोरका थाना करहल मैनपुरी को निकालकर सीएचसी पहुंचाया। लेकिन सीएचसी पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध चला अभियान

**बिसवां-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सी एच सी अधीक्षक बिसवां डा0 अमित कपूर ने अपनी टीम के साथ सदरपुर थाना क्षेत्र के देबियापुर चौराहे पर चल रही अवैध क्लिनिक पर छापा मारा। छापे के दौरान झोलाछाप डॉक्टर मोहम्मद आजम पुत्र अनवर निवासी मास्टरबाग कसमण्डा एक दुकान में मरीजों का इलाज करते मिले। मौके पर तीन मरीजों को इलाज दिया जा रहा था जो टीम पहुंचते ही वह भाग गये।टीम द्वारा विस्तृत जांच करने पर पता चला कि आजम द्वारा बगैर लाइसेंस व डिग्री के क्लीनिक चलाया जा रहा था जिसमें संदिग्ध दवाइयां व इंजेक्शन मौके पर पाए गए। मौके पर यह भी देखा गया कि झोलाछाप डॉक्टर द्वारा जांच व अन्य इलाज के लिये प्राईवेट अस्पतालों में भेजकर कमीशन में भारी घालमेल कर मरीजों का दोहन किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आजम से जवाब मांगा गया तथा क्लीनिक को सीज कर दिया गया।जांच टीम में अधीक्षक डा0 अमित कपूर के अलावा हेल्थ सुपरवाइजर एम.एम.त्रिवेदी व राजेश कुमार मौजूद रहे। इस दौरान छापे की खबर पाकर अन्य संदिग्ध झोलाछाप डॉक्टर दुकानें बंद कर भाग गये।इस सम्बन्ध में अधीक्षक डॉ अमित कपूर ने बताया कि उन्हें विस्वस्त सूत्रों से जानकारी हुई थी कि देबियापुर चौराहे पर कई झोलाछाप डॉक्टर अपनी अवैध क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं तथा कुछ मरीजों को शहरों के अन्य प्राईवेट अस्पतालों में भेजकर जांचें व इलाज करवाने के लिए भेज रहे हैं और मरीजों से भारी रकम वसूल रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को देबियापुर चौराहे पर पहुंच कर झोलाछाप डॉक्टर मो0आजम की क्लीनिक पर छापा मारा तथा अवैध रूप से चल रही क्लीनिक को सीज किया गया है। उससे जवाब मांगा गया है। बाकी झोलाछाप अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। किसी भी झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक नहीं चलने दी जायेगी। ऐसे लोगों के खिलाफदण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### तहसील दिवस में ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाए गंभीर आरोप

# रिश्वतखोरी के बाद भी कार्य नहीं कर रहा लेखपाल....

## तहसील दिवस में ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाए गम्भीर आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को हैदरगढ़ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सिद्धौर विकास क्षेत्र नकटा सेहरिया ग्राम पंचायत से आए माता प्रसाद ने हल्का लेखपाल पर 15 हजार रुपये लेने के बाद भी वरासत न करने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने उक्त लेखपाल के विरुद्ध उप जिलाधिकारी को निलंबन की कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।

आज दोपहर जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में हैदर गढ़ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था इसी दौरान नकटा सहरिया निवासी माता प्रसाद पहुंचे और डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी अब तक वरासत ना होने की जानकारी देते हुए आरोप लगाया कि लेखपाल को पांच हजार ऑनलाइन तथा 10 हजार रुपये नगद देने के बाद भी अब तक वरासत नहीं की गई है। लेखपाल द्वारा 50 रुपयों की मांग की जा रही है। इसी क्रम में सेमरी ग्राम पंचायत की महिला प्रधान चंद्रा देवी ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में हल्का लेखपाल प्रणय भूषण शुक्ला पर सरकारी कार्यों में सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए बताया कि 6 जून को पंचायत भवन में आहूत बैठक में लेखपाल ने हिस्सा नहीं लिया जिसकी वजह से यहां पर सैकड़ों की संख्या में भूमि के सत्यापन के लिए आए किसानों को निराश होना पड़ा।

इस बैठक में किसान सम्मान निधि के लिए किसानों की भूमि का सत्यापन होना था यही नहीं गाटा संख्या 211 पर निराश्रित गौ आश्रय केंद्र दर्ज है जिसकी पैमाइश के लिए कई बार लेखपाल से कहा गया फिर भी आज तक लेखपाल द्वारा पैमाइश नहीं की गई। ग्रामीणों द्वारा राजस्व कार्यों के सुचारु संचालन के लिए उक्त लेखपाल का स्थानांतरण कर किसी दूसरे लेखपाल की नियुक्ति की मांग की गई। ग्राम पंचायत सेमरी निवासी मार्फत अली पुत्र सुबराती ने लेखपाल पर आरोप लगाया कि भूमि सत्यापन के लिए छह हजार रुपए दो माह पूर्व मांगा गया था जिसमें से वह एक हजार रुपये दे चुके हैं फिर भी लेखपाल प्रणव भूषण शुक्ला द्वारा उनकी भूमि का सत्यापन नहीं किया जा रहा है।

लेखपाल के विरुद्ध आई शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को उक्त लेखपाल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## 212 शिकायतें डीएम के समक्ष पेश, 28 का निस्तारण

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में 240 फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कार्यवाही की गुहार लगाई। सबसे ज्यादा 103 शिकायतें राजस्व विभाग की रही तो उसके बाद पुलिस विभाग से सम्बंधित 52 शिकायतें जिलाधिकारी के सामने पेश हुई। विकास विभाग की 22 शिकायतें, बिजली, आपूर्ति विभाग की तीन तीन शिकायतें और अन्य 30 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष पेश हुई, जिनमे से 28 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## डीएम ने शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हैदरगढ़ में सुनी फरियादियों की शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये निर्देश हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिलनी चाहिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी हैदरगढ़, परियोजना निदेशक डीआरडीए , जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार हैदरगढ़ , जिला सूचना अधिकारी , जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चेयरमैन ने विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**चोपन, समृद्धि न्यूज़**

शनिवार को स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 में सीसी सड़क, कवर्ड नाली व वार्ड चार में वाटर कूलर का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने विधि विधान से नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा की नगर के विकास में सड़क व नाली की भी अहम भूमिका होती है। घरों के नाबदान का पानी खुले में बहने से बीमारी फैलती है। जगह-जगह गंदगी रहती है। नाली बनने से एक जगह पानी इकट्ठा नहीं होगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।आगे कहा की कई योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी जिसका शिलान्यास किया जा रहा है। नगरवासियों को इसका लाभ मिले इसके लिये नगर पंचायत तत्परता के साथ कार्य कर रही है। जल्द ही नगर पंचायत के सभी वार्डों में सड़क व नाली सहित हर वो विकास कार्य कराया जाएगा जिससे जनता को लाभ हो। वही वार्ड 4 में लग रहे वाटर कूलर से आने जाने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,सभासद दिव्य प्रकाश सिंह, अनिकेत रावत, अमित सिंह, दिनेश जैन, दिनेश पांडेय, घनश्याम चौधरी, श्यामसुंदर मिश्रा, जीतू सिंह, सुशील साहनी, सलीम कुरेशी, तसव्वर अली, राधारमण पांडेय, राकेश सिंह, लिपिक अंकित पांडेय, छोटू जायसवाल, संतोष वर्मा, मंसूर आलम, जितेंद्र पासवान,धर्मेंद्र विश्वकर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## दुद्धी को जिला बनाए जाने में देरी को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

### शासन सत्ता केंद्र से राज्य तक भाजपा का, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख, चेयरमैन सभी भाजपा का पर जिला बनाएं जाने की मांग पीछे

**दुद्धी सोनभद्र (समृद्धि न्यूज़)।** न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ता गणों ने मुंसिफ कोट गेट के पास प्रदर्शन करते हुए कहा कि जनपद सोनभद्र मुख्यालय मुख्यमंत्री का आगमन हुआ था परंतु अति पिछड़े क्षेत्र दुद्धी को जिला बनाए जाने की दशकों से चली आ रही मांग को गंभीरता से नहीं लिए जाने को लेकर दुद्धी तहसील की जनता ने गहरा क्षोभ व्याप्त है। लोकसभा चुनाव से पूर्व अगर सरकार द्वारा दुद्धी को जिला बनाए जाने की घोषणा नहीं की जाती तो इसका खामियाजा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है द्य जनता द्वारा पहली बार भारतीय जनता पार्टी का विधायक, ब्लॉक प्रमुख, नगर पंचायत चेयरमैन से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष सांसद सभी भारतीय जनता पार्टी के हैं यहां तक कि जनपद सोनभद्र के चारों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का विधायक विधायक चुनकर जनता द्वारा भेजा गया , जिससे शासन सत्ता मिलने के बाद चुनावी वादा भाजपा पूरा करेगी परन्तु अभी तक दुर्भाग्यवश वादा पुरा नहीं हो सका है। प्रदर्शन अधिवक्तागण खुदी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में करते हुए जनहित की मांग को स्वीकार करने की पुरजोर वकालत की है और कहा है समय रहते अगर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव घातक साबित हो सकता है।




## उपजिलाधिकारी के समक्ष पेश हुए 57 शिकायतें, तीन का निस्तारण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल 57 शिकायतें आई। जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे अधिक राजस्व विभाग से संबंधित 19 शिकायतें आई। वहीं पुलिस विभाग से संबंधित 6 विकास विभाग की 9 एवं पूर्ति विभाग से सम्बंधित 17 शिकायतें दर्ज की गई हैं। विद्युत विभाग की 2 तथा कृषि एवं प्रबंधक अग्रणी बैंक, अधिषाशी अधिकारी टिकैतनगर,व प्रोवेशन विभाग से संबंधित एक एक शिकायत आई। राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में उपस्थित सभी विभागों से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ने कहा समाधान दिवस में आई शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। तहसील दिवस में मौजूद एडिशन एस पी आशुतोष मिश्रा तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार ने भी लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार, ,पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## रेल दुर्घटना में मरे पशु को रेल पटरी से नहीं हटाया बदबू से जीना हुआ दुश्वर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

लखनऊ बनारस रेलखंड की पेचरुवा रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन दुर्घटना में मरे गोवंश के शव को अब तक हटाया नहीं जा सका है जिससे उठने वाली भयंकर बदबू ग्रामीणों दुकानदारों परेशान कर रही है। इस मामले की जानकारी उपजिलाधिकारी को देने के बाद भी अब तक गोवंश के शव को हटाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम 6ः00 बजे पिक्चर रिवर रेलवे क्रॉसिंग गेट पर ट्रेन से हुए एक्सीडेंट में गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई थी इसके बाद से गोवंश का शव क्रासिंग के निकट ही पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना महेंद्र सिंह एवं मोहम्मद नसीम द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित आर महाजन को दी गई मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ को तत्काल सख्त कार्यवाही के आदेश दिए लेकिन समाचार भेजे जाने तक गोवंश के शव का निस्तारण नहीं हो सका था।

## दिव्यांग भाइयों ने डीएम से की शिकायत, नहीं मिली कोई सुविधा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

थाना सुबेहा के रुकनुद्दीनपुर गांव से आए तीन सगे भाई बहनों ने जिलाधिकारी से विकलांग होने के बावजूद अब तक शासन प्रशासन से कोई भी सुविधा न मिलने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद जिला विकलांग कल्याण अधिकारी से आवश्यक कार्यवाही कर सुविधाएं दिलाने के निर्देश दिए।

गांव निवासी सगे भाई आकाश व विकास तथा बहन सृष्टि सिंह पुत्र पुत्रीगण स्वर्गीय अंबिका बख्श सिंह ने बताया कि उनके पिता की मौत हो चुकी है उनकी मां हर समय बीमार रहती हैं जिसकी वजह से परिवार की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है कई बार अधिकारियों एवं सांसद विधायक को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी आज तक किसी तरह की सहायता नहीं मिल सकी हैं। पीड़ितों ने विकलांग प्रमाण पत्र के साथ-साथ आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की गुहार लगाई है।



## अग्निकांड के पीड़ितों को क्षेत्रीय विधायक ने दिलाया मदद का भरोसा

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने अग्निकण्ड पीड़ित दर्जनो परिवार जनों से मुलाकात कर राहत सामग्री देकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। विधानसभा रामनगर के बेहटा तमंशेपुर में पांच दिन पूर्व आग की चपेट से दर्जनों लोगों के घरों में रखी सामना जलकर राख हो गया था।जिसकी मदद के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई शनिवार को पीड़ितो के घर पहुंच कर राहत सामग्री देने के साथ प्रशासन से मिलने वाले हार सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैजान किदवई, विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा, सुरेश यादव प्रधान,जय सिंह, सरोज वर्मा वीडीसी, शंकर, जगदीश निषाद, संदीप वर्मा, साहिबान सिद्दीकी, संजय निषाद, राजकुमार यादव,शिवा निषाद,राजू निषाद सहित लोग मौजूद थे।



## तहसील समाधान दिवस पर 46 मामले आए चार मामले का निस्तारण

**दुद्धी सोनभद्र (समृद्धि न्यूज़)।** तहसील सभागार में आज शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में 46 मामले आए। जिसमें 4 मामले का निस्तारण किया गया। तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे आशुतोष दुबे ने किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तहसील दिवस पर आए जन शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर जाकर अधिकारी 1 सप्ताह में गुणवत्ता परक निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के पड़े शिकायती प्रार्थना पत्रों पर अगर अधिकारी गंभीरता से जांच पड़ताल कर सही निस्तारण नहीं करेंगे तो अधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर दी जाएगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी पिपरी के अलावा तहसील दिवस पर तहसील स्तरीय अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कुंए में डूबकर किशोरी की मौत

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

अमवार चौकी क्षेत्र के बघाडू मे आज सुबह कुआँ मे गिरकर किशोरी गीता कुमारी पुत्री जोधा सिंह उम्र लगभग 15 वर्ष की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि किशोरी भोर मे शौच के लिये बाहर निकली लेकिन एक घंटे बाद भी वापस नही आयी तो परिजन आस- पास खोजबीन करने लगे। घर से लगभग 200 मीटर के दुरी पर कुआँ के पास किशोरी का चप्पल व दुपट्टा पड़ा मिला, जिसके बाद कुआँ से परिजनों ने शव को बाहर निकालकर पुलिस प्रशासन को सुचना दिया। मौके पर पहुचे चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच- पडताल मे जुट गये है।



## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने गोसाईगंज विधायक से लिया आशीर्वाद

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



शनिवार को समाजवादी व्यापार सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता नंदू ने गोसाईगंज विधायक अभय सिंह से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और संगठन विस्तार पर चर्चा की।

इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि व्यापार और व्यापारी हित के लिए अब तक जितने भी ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, वे केवल समाजवादी पार्टी की सरकार में ही हुए हैं।इसलिए देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ व्यापारियों के लिए समाजवादी पार्टी ही सच्ची हितैषी पार्टी है। विधायक श्री सिंह ने समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष नन्द कुमार गुप्ता व सभा के अन्य पदाधिकारियों से व्यापारियो का समर्थन लेकर आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी को भारी समर्थन दिलाकर विजयश्री दिलाने की अपील की।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नन्द कुमार गुप्ता नंदू, संतोष गुप्ता, विमलेन्द्र श्रीवास्तव, छोटू सोनी, मंगल गुप्ता व विजय साहू सहित सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

## गायब मन्दबुद्धि महिला का शव बाग से बरामद

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** शुक्रवार की दोपहर घर से गायब हुई 60 वर्षीय मंदबुद्धि महिला का शव कृष्ण दत्त पांडे की बाग से बरामद हुआ। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद अग्रिम कार्यवाही कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के भियामऊ गांव निवासी भवानी प्रसाद कनौजिया की 70 वर्षीय पत्नी फूला देवी शुक्रवार की सुबह 11ः00 बजे घर से निकली थी काफी देर बीत जाने के बाद घर वापस न लौटने पर खोजबीन शुरू की गई परंतु पता नहीं लग सका था। शनिवार की सुबह शौच के लिए निकले भियामऊ गांव के ग्रामीणों को गांव निवासी कृष्ण दत्त पांडे की बाग एक महिला का शव पड़ा मिला। यह सूचना देखते ही देखते पूरे गांव में फैल गयी। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सब को अपने कब्जे में ले लिया पंचनामा भरने के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## राम भवन व ज्ञानमती ने किया नामांकन

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी ने जिला योजना समिति के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त कोर्ट पर पार्षद राम भवन यादव व पार्षद ज्ञानमती पासवान ने नामांकन किया है।इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि जिला योजना की चुनाव में समाजवादी पार्टी के दोनों पार्षद भारी मतों से चुनाव जीतेंगे।महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि जिला योजना समिति में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का चुनाव जीतना तय है।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अमित शुक्ला,वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, जिला सचिव गौरव पांडेय,जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन, पार्षद विशाल पाल,पार्षद अर्जुन यादव सोमू,राकेश यादव पार्षद धर्मवीर मुकेश कोरी पार्षद वकार अखिलेश चतुर्वेदी वीरेंद्र गौतम डॉ घनश्याम यादव जगन्नाथ यादव पार्षद राशिद सलीम घोसी मिर्जा सनी कौशल यादव आदि लोग शामिल रहे।

## मांगों का ज्ञापन लेखपालों ने एसडीएम को सौंपा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** लेखपालों ने मुख्य सचिव को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष वर्मा की अगुवाई में तहसील अध्यक्ष महेन्द्र जयसवाल के साथ लेखपालों ने एसडीएम विश्व मित्र सिंह को सौंपे गए ज्ञापन मांग पत्र में कहा है कि शासनादेश के मुताबिक पारिवारिक परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक राजस्व लेखपाल अंतर्मडलीय प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके साथ ही लेखपाल भर्ती प्रक्रिया में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन शीघ्र कराकर उनकी नियुक्ति की जाए। इस अवसर पर शुभेन्द्र अवस्थी संदीप वर्मा आनंद कुमार अजय रावत अवधेश कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## पांच राशि पड़िया पुलिस ने किया बरामद दो अभियुक्त गिरफ्तार



**चोपन/ सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को चोपन पुलिस द्वारा एक अदद पिकप वाहन संख्या क्र65 छ्ज्ञ 4170 से ले जा रहे 05 राशि पड़िया को बरामद किया गया तथा मौके से 02 नफर अभियुक्त असरफ अली पुत्र नईम निवासी बहुअरा थाना चकिया जनपद चंदौली तथा मोहम्मद अहमद उर्फ रोहित अली पुत्र शलीम निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-115/2023 धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह,उ0नि0 राजेश प्रताप सिंह चौकी प्रभारी डाला, हे0का0 संतोष कुमार सिंह थाना चौकी डाला सामिल रहे।

## दहेज हत्या के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0मनकापुर पुलिस ने मु0अ0सं0-284/2023, धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डी0पी0 ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शिव कुमार व अभियुक्ता ननका उर्फ अमृता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है उक्त अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के पुत्री की दहेज के लिए प्रताडित करते हुए हत्या किया गया था। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी पिंटू (23) पुत्र शिरोमन ने शुक्रवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। मटौंध थाना क्षेत्र के करछा गांव निवासी श्याम मिश्र (24) पुत्र राकेश मिश्र ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बबेरू कस्बे के भांटी गांव निवासी हीरामनि (20) पत्नी हरीमूरत ने घरवालों की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, तब घरवालों को पता चला। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 2100 रुपए छिन जाने पर युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

**बांदा।** मजदूरी करके अपने घर लौट रहे युवक की जेब में पड़े 2100 रुपए गांव के ही नशेड़ियों ने छीन लिए। इसी से परेशान होकर युवक कमरे के अंदर घुस गया और उसने पंखे की हुक पर रस्सी से फांसी लगा ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंची मां ने देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। फंद्रा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी मोहन (20) पुत्र बब्बू सूरत में रहकर मजदूरी करता था। वह सात माह पहले घर आया था। घर पर ही रहकर मजदूरी करता है। वह मजदूरी करके घर लौट रहा था, तभी रास्ते में गांव के ही दो युवक उसे मिल गए और रोक लिया। छीना-झपटी करने लगे। इस दौरान दोनो युवकों ने मोहन की जेब में पड़े 2100 रुपए छीन लिए। इससे वह नाराज होकर शनिवार की दोपहर कमरे के अंदर घुस गया और रस्सी के जरिए पंखे की हुक से फांसी लगा ली। घर के बाहर बैठी मां ने देखा कि दरवाजे बंद हैं। जंगले से झांककर देखा तो वह फंद्दे पर लटक रहा था। मां ने शोर मचाया। आसपास के युवक मौके पर पहुंच गए। खिड़की तोड़कर कमरे में घुसे युवकों ने फंद्रा काटकर उसे नीचे उतार लिया।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

▸ 39 शिकायतों के सामने सिर्फ 4 का निस्तारण



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**जनपद** महोबा के तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम मनोज कुमार, एसपी अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत् आदि विभागों से सम्बंधित कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इन शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारिओं को निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाये। शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से बात भी की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें।अतः शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि शिकायत का निस्तारण सही नहीं पाया गया तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डी. के. गर्ग, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ जितेंद्र सिंह सहित जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रूस यूक्रेन युद्ध में विदेशों तक में दिखी हिंदुस्तानी झंडे की हनकः सदर विधायक

▸ सांसद व एमएलसी की मौजूदगी में प्रेसवार्ता कर गिनाई गई सरकार की उपलब्धियां




**महोबा। समृद्धि न्यूज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं समर्पण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय महोबा में विधानसभा स्तरीय प्रेस वार्ता सदर विधायक राकेश गोस्वामी द्वारा आयोजित एवं संबोधित की गई। सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधान परिषद सदस्य जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर एवं अन्य की उपस्थिति में सदर विधायक ने 9 वर्षो में आम जनमानस के लिए कराए गए कार्यो के विषय में जानकारी दी गई। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश हर आपदा में देशवासियों के साथ खड़ा है, उनकी सेवा में दिन-रात जुटा है। भारत ने वो दिन भी देखा है, जब पोलियो, टेटनस और बीसीजी जैसे टीकों को भारत आने में 50 से ज्यादा साल लग गए थे। लेकिन मोदी सरकार ने रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का कोरोना वायरस का टीकाकरण करने का लगभग असंभव कार्य हासिल किया,ड्रोन से वैक्सीन डिलिवरी दुर्गम इलाकों में भारत सरकार ने सुनिश्चित कराई। स्वतंत्र भारत के इतिहास में इससे पहले गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति नहीं देखी गई। घर-घर जल पहुँचने से कितने लाभ हुए, पहले जो बेटियां दूर पानी लाने जाती थी अब वो अपनी पढ़ाई को समय दे पा रही हैं क्योंकि अब उन्हें पानी लाने नहीं जाना पड़ता है। शौचालय के निर्माण से महिलाओं के प्रति अपराध घटे बीमारियों से दूरी बढ़ी और पर्यावरण को भी फायदा पहुँच रहा है। सदर विधायक ने क्षेत्रीय सांसद की उपस्थिति में सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की तथा 2024 में पुनः मोदी सरकार चुनने का आग्रह किया।

## खबरें एक नजर में

### बीके रेशम बहन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

**इटावा।** मानवीय मूल्यों को अपने में समाहित कर दूसरों की प्रेरणा स्रोत बनने वाली ब्रम्हाकुमारी रेशम बहन जी को आज उनके 24वें स्मृति दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिविल लाइन शाखा पर तहेदिल से याद किया गया।उनकी स्मृति में केंद्र पर प्रातः योग एवं स्नेह मिलन का कार्यक्रम रखा गया।जिसमें मुख्यालय माउंट आबू से पधारे बी.के.प्रेम तथा बी.के.राजेश ने भाग लिया। सभी ने पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बी.के.प्रीति बहन ने उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह बाल्यकाल से ही प्रभु प्रेमी रही उनका ममतामई आकर्षक व्यक्तित्व अनेक व्यक्तियों की जीवनधारा बदलने में सफल हुआ।उनका मानना था कि मोमबत्ती की भांति खुद जलकर भी दूसरों का मार्ग प्रशस्त करें।आप केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं वरन उत्कृष्ट समाजसेविका भी थी और उनका यह संदेश था कि जो करना है अभी कर लो यह वक्त जा रहा है।बी.के.रेशम बहन को नमन करते हुए केंद्र प्रभारी बीके नीलम ने कहा कि दुनिया से जाने वाले केवल अपने श्रेष्ठ कर्मो के पदचिन्ह ही मानव ह्रदय पर छोड़ जाते हैं, इसलिए हम सभी का यह कर्तव्य है कि वर्तमान में श्रेष्ठ कर्म करके भविष्य को सुधारें।हमारे जाने के बाद भी लोग हमारे द्वारा किए गए कार्यो से प्रेरणा लेकर लाभान्वित हो सके तभी हमारा जीवन सार्थक होगा।कार्यक्रम में नियमित सदस्यों के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### टैक्स अधिवक्ताओं ने एडीशनल कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**इटावा।** जिला कर अभिभाषक संघ की ओर से एडिशनल कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर वकीलों ने व्यापारियों की समस्याओं के निदान की मांग की है। इसमें प्रमुख रूप से पंजीयन में अनावश्यक प्रपत्र मांगे जाने का मुद्दा उठाया गया है और यह कहा गया है कि पंजीयन के लिए अनावश्यक प्रपत्र न मांगे जाएं इससे परेशानी होती है। यह भी कहा गया है कि कर निर्धारण आदेश के साथ डिमांड नोटिस जारी नहीं किए जाते हैं इस मुद्दे को कई बार उठाया गया इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में वसूली से पहले समुचित समय के साथ नोटिस देने की बात उठाई गई है। इसमें कहा गया है कि अधिकांश व्यापारिक ईमेल के जानकार नहीं है। व्यापारियों के पंजीयन में पुराने ईमेल पड़े हैं जिनसे उनको नोटिस तथा नए आदेशों की जानकारी नहीं हो पाती। यह भी कहा गया है कि असिस्टेंट कलेक्टर संग्रह की ओर से नोटिस दिए जा रहे हैं उनमें भी 2 दिन से 4 दिन का समय दिया जा रहा है जो अपर्याप्त हैं। इतने कम समय में व्यापारी कानूनी कार्रवाई नहीं कर पाते। पुराना बकाया का मुद्दा भी उठाया है और कहा है कि इसके लिए अमीन दबाव बनाते हैं जिससे व्यापारी परेशान होते हैं। इसके साथ ही रिफंड और पंजीयन निरस्त्रीकरण के मामले भी इस ज्ञापन में उठाए गए हैं। ज्ञापन देने वालों में संघ के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, महामंत्री ज्ञानेंद्र चौधरी के साथ उपाध्यक्ष रुपेंद्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल तथा अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

### छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**इटावा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय अनु. जाति छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ है। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र जनपद में नियमित रूप से महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा हो तथा समाज कल्याण विभाग तथा कल्याण सेक्टर के अन्य विभाग द्वारा वितरित की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना में छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखता हो। दिव्यांग कोटे से सम्बन्धित छात्रों, उच्च कक्षा में अध्ययनरत् छात्रों, विद्यालय से स्थायी निवास से अधिक दूरी जैसे बिन्दुओं को वरीयता दी जायेगी। शासनादेश के अनुसार छात्रावास में उपलब्ध सीटों का 70 प्रतिशत अनु0 जाति जनजाति तथा 30 प्रतिशत पिछड़े सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित होगा। संचालित छात्रावासों राजकीय अनु0जाति छात्रावास सदर, आगरा रोड, सराय दयानत, नगला खादर, मोढी भरथना एवं गंगापुरा बसरेहर इटावा में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म राजकीय अनु. जाति छात्रावास सरैयाचुंगी के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में समय 10 बजे से 5 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन प्राप्त व जमा करने की अन्तिम तिथि 30 जुलाई तक है। इच्छुक छात्र आवेदन कर सकते है। साक्षात्कार हेतु सूचना पृथक से दी जायेगी ।

### हाइवे पर ट्रक पिकअप की भिड़ंत में चार लोग घायल

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र नेशनल हाईवे पर शिवम कोल्ड स्टोर के ठीक सामने शनिवार की दोपहर समय करीब 2 बजे कानपुर की ओर से आ रही इटावा की ओर जा रही पिकअप का टायर फटने से हाईवे मेन लाइन पर खड़ी थी जिसमें तेज गति से आ रहे पीछे ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर पिकअप में बैठे परिवारी जन गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल एसआई कासिफ हनीफ द्वारा घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।घायल आलिम निवासी रामगढ़ फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि पत्नी शबनम उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्री साकिया व पुत्र आकिब हम लोग जनपद आदर्श नगर छत्तीसगढ़ में कबाड़ी का काम करते थे द्य काम अलका होने की वजह हम लोग परिवार सहित सामान को पिकअप में लादकर अपने घर वापस आ रहे थे जिसमें ट्रक की टक्कर द्वारा पत्नी व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई।

### अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने किया पैदल गश्त

**इटावा।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना वैदपुरा पुलिस के साथ जनपद की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना वैदपुरा क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया । पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों को चेक किया एवं आमजन से संवाद करते हुए उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया।

# चरखारी ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**चरखारी (महोबा)। समृद्धि न्यूज**




**चरखारी** ब्लॉक सभागार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया जिसमे ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य, रोजगार सेवक ,पंचायत सहायक, सचिव व लेखपाल आदि कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे,

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल सरंक्षण कार्य क्रम को लेकर ट्रेनर जगत सिंह, धर्मजीत, शालिनी सिंह, आदि ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के उपस्थित जन प्रतिनिधियों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने एवम पेयजल के अपव्यय को रोकने हेतू, जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन करने के लिए मिशन मोड पर एक एक व्यक्ति को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया,ताकी हर घर जल योजना को सफलता पूर्वक लागू किया जा सके, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुंआ, ब्रजपुरा,गोरखा, बल्लाएं, आदि ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की, प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया, प्रशिक्षणार्थियों में पुष्पा, शिफा खातून, गीता देवी, रघुराज, आशा रानी, गीता, उपेंद्र, माया देवी, सत्यपाल विमला देवी, आशा देवी, बलवान, जानकी आदि विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किय॥

### मरणोपरांत नेत्रदान सहित देह दान का संकल्प लिया

**इटावा।** जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष स्मृति शेष पद्म नाना चुडास्मा जी के जन्म दिवस पर जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिव राज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन, ऊषा यादव अध्यक्ष फेडरेशन सुषमा यादव एवं ललित सक्सैना फेडरेशन आफीसर ने युग दधीचि-देह दान अभियान के तहत उत्तर प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई में अध्ययन रत शिक्षार्थियों के अनुसंधान हेतु एवं अन्ध दिव्यांगों को नेत्र दान हेतु मरणोपरांत नेत्रदान सहित देह दान का संकल्प किया। इस पावन सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य हेतु जायण्ट्स परिवार ने शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई के एनाटोमी विभागाध्यक्ष डॉ नित्यानंद श्रीवास्तव एवं प्रगति कुलपति डॉ रमाकांत यादव ने डॉ शिव राज सिंह यादव के निर्देशन में जायण्टस दतावली परिवार के चार सदस्यों द्वारा युग दधीचि देह दान अभियान में देह दान सन्कलप सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

# पुलिस ने बालिकाओं छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया

**इटावा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाए जा रहे 15 दिवसीय महिला सुरक्षा विशेष अभियान के क्रम मे विभिन्न थानो पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिकाओं छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय के द्वारा बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड व थाने पर नियुक्त महिला आरक्षी द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव स्कूल, कॉलेज में बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम व थाने में महिला आरक्षी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेज, भीड-भाड़ वाले स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महत्वपूर्ण कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन अभियान के तहत हेल्प लाइन नंबर

को प्रयोग करने एवं प्रदेश शासन की कल्याणकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन* के संबंध मे बारे में जानकारी देकर इन योजनाओ का लाभ लेनें हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# किशोरी ने दुष्कर्म के बाद खाया जहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**महोबा।** जनपद महोबा के कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है।

बतादें कि कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी रात को जब अपने घर में सो रही थी आरोप है कि तभी युवक ने उसके घर में घुसकर घिनौने कृत्य को अंजाम देने का प्रयास किया जिससे क्षुब्ध होकर किशोरी ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर मौत को गले लगा लिया। वहीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के द्वारा बताया गया कि किशोरी के द्वारा सोते समय जबरन घर में घुसे व्यक्ति द्वारा घिनौने कृत्य का प्रयास किया गया जिससे क्षुब्ध होकर किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतिका के परिजनों की मिली तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों की पैनल टीम करेगी। हालाकि इस मामले में जल्द ही आरोपी के गिरफ्तार होने की भी बात एसपी ने कही है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज**




**विकास** खंड पनवाड़ी के थाना महोबकंठ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरेण्डा बुजुर्ग के पास हरपालपुर से घुटई की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन के उत्तर पूर्व सिंग्नल के पास दिनांक 14/15.06.2023 की रात्रि में मृतक प्रवेश पुत्र भरतलाल यादव उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम नाऊपहाड़िया थाना हरपालपुर जिला छतरपुर( म0प्र0 ) का शव मिला था जिसका स्थानीय पुलिस टीम द्वारा पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी थी उक्त घटना के सम्बन्ध में मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था । मुकदमा पंजीकृत होने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं सम्बन्धित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पर 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय के नेतृत्व में गठित प्रथम टीम के द्वारा अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर नामित अभियुक्त विपिन यादव पुत्र वीरसिंह यादव उम्र 23 वर्ष को बगरौनी तिराहा से एवं उपनिरीक्षक रामआसरे सरोज के नेतृत्व में गठित द्वितीय टीम के द्वारा नामित अभियुक्ता कल्पना यादव पत्नी स्व0 प्रवेश यादव उम्र करीब 28 वर्ष को ग्राम नाऊपहाड़िया से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण द्वारा पूंछताछ में बताया गया कि मृतक प्रवेश यादव व अभियुक्त विपिन यादव ग्राम व थाना बानपुर जिला ललितपुर में एक साथ काम करते थे व एक ही कमरे में रहते थे दोनो आपस में दोस्त थे । इस कारण अभियुक्त विपिन यादव मृतक प्रवेश के घर पर भी आने जाने लगा था इसी दौरान अभियुक्त विपिन यादव की मृतक की पत्नी /अभियुक्ता कल्पना से नजदीकियां हो गयी और दोनो में प्रेम प्रसंग हो गया तथा कल्पना यादव अपने पति प्रवेश यादव द्वारा अक्सर मारपीट करने से अपने आप को काफी अपमानित महसूस करती थी एवं इस बात की शिकायत बार-बार अपने प्रेमी विपिन यादव से करती थी, दिनांक 10.06.2023 को विपिन यादव इसके घर आकर रुका था इसी से एक दिन पहले ही प्रवेश यादव द्वारा अपनी पत्नी कल्पना को काफी मारा - पीटा गया था । इसी प्रेम प्रसंग एवं पति द्वारा बार बार मारपीट करने से तंग आकर मृतक की पत्नी कल्पना यादव द्वारा अभियुक्त विपिन से मिलकर अपने पति प्रवेश यादव की हत्या करने की योजना बनायी तथा दिनांक 13.06.2023 की रात्रि में अभियुक्त विपिन यादव द्वारा मृतक को फोन कर शराब पीने के लिये बरेण्डा बुजुर्ग के पास स्थित ट्रैन पटरी के किनारे बुलाया गया था । अभियुक्त विपिन यादव अपने साथ पूर्व से एक लोहे का करीब 05 किलो वजनी बांट रखे हुये था शराब पीने के दौरान मौके का फायदा उठाकर अभियुक्त विपिन यादव द्वारा मृतक के सिर पर पीछे से बांट से और पत्थर से प्रहार किये जिससे मौके पर ही प्रवेश यादव की मृत्यु हो गयी।

# नगर पंचायत इकदिल बोर्ड की प्रथम बैठक सम्पन्न

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**आदर्श नगर** पंचायत इकदिल की शनिवार को नगर पंचायत इकदिल के सभागार में प्रथम बोर्ड बैठक नगर पंचायत इकदिल की अध्यक्ष फूलन देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उक्त बोर्ड बैठक में निम्न प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृत प्रदान की गयी। नगर पंचायत इकदिल की प्रकाश व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट एवं रिपेरिंग का सामान क्रय किये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। नगर पंचायत इकदिल की सीमान्तर्गत जीर्ण-शीर्ण सड़के एवं नाला, नाली आदि निर्माण किये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। सीमा विस्तारित क्षेत्र में बरातघर बनाये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। नगर पंचायत इकदिल में शुद्ध पेयजल व्यवस्था के लिए हैण्डपम्प मरम्मत का सामान क्रय एवं सफाई व्यवस्था के लिए कलई चूना क्रय किये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। नगर पंचायत इकदिल सीमान्तर्गत शमशानघाट एवं मार्ग निर्माण का कार्य कराये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। नगर पंचायत इकदिल सीमान्तर्गत बने पुराने शमशानघाटों की रिपेरिंग एवं रास्ता का निर्माण कार्य कराये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की याल पेन्टिंग का कार्य कराये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। नगर पंचायत इकदिल में बने बरातघरों का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी द्य अन्य प्रस्ताव पर सभासदों की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त बोर्ड बैठक में संजय कुमार अधिशासी अधिकारी, सभासद नरेंद्र सिंह, नीलम, सोमवती, रजनी देवी, प्रेम शंकर, दिलावर सिंह, नदीम, सुनील कुमार, आशा देवी, इन्द्र पाल, अफजाल, राम प्रबल, रुबी, फिरोज अहमद सदस्य नगर पंचायत इकदिल, नगर पंचायत इकदिल के लिपिक नितिन कुमार, प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक का किया गया आयोजन

बकेवर/इटावा। नगर पंचायत बकेवर के नवगठित बोर्ड की प्रथम बैठक नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन विवेक यादव उर्फ सनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आधा दर्जन से अधिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुए।

बकेवर नगर पंचायत की पहली बैठक नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ईओ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। बोर्ड बैठक में सभासद रोहित कुमार, निर्मला देवी, विकास रमन, तारावती, अमर सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, उर्मिला देवी, नजमुल खां, कान्ती देवी, दीपक राजपूत, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, मुहम्मद कामिल के द्वारा एक स्वर से नगर की सीमा विस्तार का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया इसके अलावा नगर की क्षतिग्रस्त गलियों के निर्माण व कुछ नई गलियों के निर्माण को लेकर भी प्रस्ताव पास हुआ। नगला बनी गाँव के बने मुख्य सम्पर्क मार्ग को डामरीकरण से सीसी मार्ग का निर्माण कराने का व नगला बनी से निकले नगर के मुख्य नाला की लार्ड मदर स्कूल तक सफाई के साथ ही पक्का बनवाने का एक प्रस्ताव पास हुआ। नगर पंचायत में पिछले दस सालों से जमे कबाड़ की नीलामी कराने का प्रस्ताव पास हुआ नगर पंचायत के तालाबों की मछली पालन के लिए ठेके की नीलामी का प्रस्ताव रखा गया जो सर्वसम्मति से पास हुआ। बैठक में नगर पंचायत के द्वारा शपथ ग्रहण के ठीक पहले करीब 38 लाख की खरीदारी गयी थी उक्त लाइटे नगर में रोशनी व्यवस्था के लिए खरीदी गई थी। चेयरमैन विवेक यादव ने बताया कि नई लाइटों की स्थिति सभासदों के द्वारा बताई गई कि लाइट लगने के कुछ दिन में ही खराब हो रही हैं।



# 141 करोड़ की लागत से बदली जाएगी जिले की विद्युत की व्यवस्था

- छिबरामऊ और कन्नौज में एक-एक तथा तिर्वा में दो नए विद्युत उपकेन्द्रों का होगा निर्माण
- 110 आंशिक पूर्ण मजरों में कराया जाएगा विद्युतीकरण का कार्य, जर्जर एवं खुले तारों को बदलने की होगी कार्यवाही
- दक्षिणी विद्युत निगम के एमडी अमित कुमार ने कलेक्टेऊट के गांधी सभागार में विद्युत कार्यो की समीक्षा बैठक में विभागीय अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिले में** 141 करोड़ की लागत से विद्युत की व्यवस्था बदली जाएगी। जनपद में 4 नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण होगा, जिसमें छिबरामऊ में एक तथा तिर्वा में दो और कन्नौज में एक नया विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा जर्जर एवं खुले तारों को जल्द ही बदलने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं नगर निकाय विस्तार में जोड़े गए गांव में विद्युत का कार्य कराया जाएगा तथा सौभाग्य योजना फेज 3 के तहत 110 आंशिक पूर्ण मजरों में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाएगा। उक्त जानकारी शनिवार को दक्षिणी विद्युत निगम के एमडी अमित कुमार ने कलेक्टेऊट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की मौजूदगी में दी।

कलेक्टेऊट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए एमडी अमित कुमार ने कहा कि विद्युत सप्लाई की स्थिति ठीक होने चाहिए। लो वोल्टेज की अधिक शिकायतें प्राप्त होती है। उक्त समस्या का निराकरण किया जाए। उन्होने कहा कि विद्युत कनेक्शन देने से पहले यह देख लिया जाये कि वायरिंग के समय अर्थिंग की व्यवस्था दी गई है अथवा नहीं। यह देखने के उपरांत ही कनेक्शन जारी किया जाए और इस संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जाए। विद्युत चोरी करते हुए पकड़े जाने वाले को विद्युत कनेक्शन देते समय घोषणा पत्र के साथ कनेक्शन दिया जाए। कहा कि डिस्ट्रिक्ट विद्युत कंट्रोल रूम नंबर 9415124139 जारी है, इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि रात में 7 से 11 बजे तक अधिकतर हाई लोडिंग हो जाती है, इससे यह स्पष्ट होता है कि रात में अवैध तरीके से कटिया लगाने का कार्य किया जाता है। हाई लोड वाली एरिया का अभियान चलाकर भ्रमण कर विद्युत चोरी पर विराम लगाया जाए। कहा कि अधिकतर पाया यह जा रहा है कि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है। उन्होने निर्देश दिए कि विद्युत विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी फोन अवश्य रिसीव करें और जो भी शिकायत प्राप्त हो, उसका समय से निस्तारण करें। कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी रात्रि निवास अपने मुख्यालय पर ही करेंगे, अन्यथा संज्ञान में आने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा राजस्व वसूली के समय अमीन का भी सहयोग लिया जाए। रेवेन्यू बढ़ता हुआ दिखना चाहिए। विद्युत संविदा कर्मियों को बीमा एजेंसी से रजिस्ट्रेशन कराने की कार्यवाही करा ली जाये। ताकि दुर्घटना होने पर परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। बैठक में डीएम ने कहा कि विद्युत कर्मी हमेशा अपडेट रहें। शिकायतकर्ता द्वारा विद्युत निस्तारण के संबंध में की गई शिकायत को संज्ञान में लेकर समस्या का निराकरण तत्काल कराएं तथा शिकायतकर्ता को सूचित करें कि समस्या के निस्तारण में इतना समय लग जाएगा। उन्होंने कहा कि हाई एवं लो वोल्टेज के निर्धारण पर कार्रवाई की जाए। विद्युत दुर्घटना का मुआवजा समय से दिया जाए। ट्रांसफार्मर वाले स्थान पर सुरक्षा घेरा दिया जाए। बरसात के समय अधिकतर ट्रांसफार्मर के पास अर्थिंग की समस्या रहती है, इस संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, निदेशक तकनीकी बृजमोहन शर्मा, अधीक्षण अभियंता वाणिज्य रामप्रकाश, मुख्य अभियंता कानपुर जोन मोहम्मद असलम हुसैन, अधीक्षण अभियंता विद्युत मधु कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता कन्नौज मोहम्मद शादाब अहमद, अधिशासी अभियंता छिबरामऊ रविंद्र कुमार समेत विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक में मौजूद दक्षिणी विद्युत निगम के एमडी अमित कुमार व डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल समृद्धि न्यूज

# मोदी सरकार की योजना से पूरे देश की जनता को फायदा मिला: सुब्रत पाठक





लाभार्थी सम्मेलन में मौजूद सांसद सुब्रत पाठक व सदर विधायक असीम अरुण एवं कार्यकर्ता व लाभार्थी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मोदी** सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला मुख्यालय मकरन्दनगर जीटी रोड स्थित एक होटल में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजित हुआ। इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक व सदर विधायक असीम अरुण ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर लाभार्थियों से चर्चा की।

सांसद सुब्रत पाठक ने मोदी सरकार द्वारा पिछले 9 वर्षों में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में मोदी जी ने हर गरीब को छत, हर घर शौचालय, किसान सम्मान निधि, सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी सैकड़ों योजनाओं से गरीब जन का कल्याण करने का काम किया है। मोदी सरकार की योजना से पूरे देश की जनता को फायदा मिला है। उन्होने कहा कि हमने बिना भेदभाव के हर गरीब को उसकी आवश्यकता अनुसार योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने कहा की पिछली सरकारें कुछ लोगों को ध्यान रखकर योजनाएं बनाया करतीं थीं, इससे अधिकांश जनता लाभ से वंचित रह जाती थी। सदर विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने अपने सम्बोधन मे कहा कि पहले की सरकारें भ्रष्टाचार और जातिवाद सोच रखकर शासन करती थी। यह योगी सरकार में दूर हुआ। मोदी जी के शासनकाल में भारत खुशहाल और समृद्ध हो रहा है। पूरे विश्व के ताकतवर नेता आज हमारे देश के प्रधानमंत्री की सराहना कर रहे हैं और उन्हें एक मजबूत लीडर के रूप में देखते हैं। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने बताया की पिछले 9 वर्षों में मोदी जी के कुशल नेतृत्व के चलते भारत आज किसी भी विरोधी ताकत से आंख से आंख मिलाकर बात करता है। मोदी सरकार लगातार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के एजेन्डे पर काम कर रही है। लाभार्थी सम्मेलन में जिला महामंत्री हरि वक्श सिंह, वीर सिंह भदौरिया, श्यामू राजपूत, अशोक सिंह, सांसद प्रतिनिधि सचिन चतुर्वेदी, विशाल शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा, विक्रम त्रिपाठी, आरएस कठेरिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## गौमांस सहित एक युवक को दबोचा दो फरार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गौमांस सहित गिरफ्तार कर लिया है। दो युवक मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। शनिवार की सुबह अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु गस्त करते समय उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर काली नदी पुल के नीचे जसोदा से थ्री व्हीलर पर डेढ़ कुंटल गौमांस बरामद किया। इस मौके पर पुलिस ने जुबैर पुत्र हनीफनिवासी जलालाबाद को धर दबोचा एवं पुलिस को आता देख दो युवक मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## सराय दौलत कांड में पुलिसिया कार्रवाई से हड़कंप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सराय दौलत में हुए कांड के बाद पुलिस कार्रवाई को देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। जिसको लेकर सराय दौलत की महिलाओं ने कोतवाली में आकर अपने पतियों एवं परिवार के अन्य सदस्यों को बेकसूर बताया एवं कोतवाली प्रभारी से मिलकर वार्ता की। एक सप्ताह पूर्व सराय दौलत में युवक की मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सड़क पर जाम लगाकर रोडवेज बस में आग लगाकर पुलिस पर पथराव कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने 62 नामजद एवं 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें गांव की 20 से 25 महिलाओं ने आकर कोतवाली प्रभारी से अपने पुत्रों व पतियों एवं परिवार के सदस्यों के मुकदमे में गलत नाम होने की बात कही। जिस पर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने मामले की जांच कर रहे द्वितीय कोतवाल संजय शुक्ला को बुलाकर सही तरीके से जांच कर असली आरोपियों को चिन्हित करने के आदेश दिए। जिस पर महिलाए कोतवाली प्रभारी के आश्वासन पर अपने घरों को लौट गए।

## मां बेटे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी वाद विवाद को लेकर आरोपियों ने मां बेटे के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनगवां निवासी गोलू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही नरवीर और उसकी पत्नी रितु ने मामूली विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी मां बबली देवी को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच उप निरीक्षक प्रदीप कुमार को सौंपी है।

## बंटवारे के विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीन के बंटवारे को लेकर आरोपियों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी सचिन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के राजवीर, रामदास और रशिम देवी ने जमीन के बंटवारे को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच उप निरीक्षक हाकिम सिंह को सौंप दी है।

## पति-पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में होने वाले आए दिन के झगड़े फसाद को लेकर देवर भाभी में कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि शनिवार को शाम करीब 6 बजे देवरो ने भाई और भाभी को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला अल्लामा इस्लामनगर निवासी सैजुद्दीन पुत्र कुतुबुद्दीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके भाई उसकी पत्नी के साथ आए दिन झगड़ा फसाद करते हैं। शनिवार की शाम करीब 6 बजे जब पत्नी घर पर अकेली थी। तो दोनों युवक हमारी पत्नी से गाली गलौज व मारपीट कर रहे थे। मौके पर पहुंचकर जब पीड़ित ने विरोध किया उक्त युवकों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सास-बहू से घर में घुसकर की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दबंगों ने घर में घुसकर सास बहू के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझपूर्वा निवासी सबीना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मोहल्ले के ही मुरसलीन, जीशान, चुन्नी और हिना ने मामूली विवाद को लेकर उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज की। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी सास नजमा को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक तरुण सिंह भदोरिया को सौंपी है।

## विद्युत करंट लगने से युवक की मौत

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना मल्लावां के ग्राम रहीमपुर निवासी 20 वर्षीय युवक सूरज पुत्र रामू, जोकि बाला जी बर्फ फैक्टरी का कर्मचारी था, जो करंट लगने से झुलस गया था, जिसे शनिवार को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

# पीड़ितों को मिलेगी 24 घंटे न्याय की सुविधा: एसपी

- एसपी ने कोतवाली में किया रिसेप्शन कक्ष का उद्घाटन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**पीड़ितों** के लिए कोतवाली परिसर में रिसेप्शन कक्ष का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि के अलावा भाजपा नेता व स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

शनिवार को कोतवाली परिसर में रिसेप्शन कक्ष का उद्घाटन प्राचीन राम मंदिर के महंत पंडित राकेश चंद्र दुबे ने पूजन करवा कर एसपी कुवर अनुपम सिंह के हाथों से फीता कटवा कर कराया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रिसेप्शन कक्ष पीड़ितों के लिए 24 घंटे खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास से पीड़ितों की समस्या का कोतवाली में शीघ्र निस्तारण होगा। उन्होंने कोतवाली प्रभारी को शीघ्र समस्याओं के निस्तारण के आदेश दिए। साथ ही साथ पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर शिवा गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पुच्ची ठाकुर, राजीव ठाकुर, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार, छिबरामऊ सीओ दीपक दुबे, सीओ सदर प्रियंका बाजपेई, कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा सहित पुलिस टीम मौजूद रही।




उद्घाटन के बाद जनता को संबोधित करते एसपी समृद्धि न्यूज

# अज्ञात बाइक सवारों ने रोडवेज बस पर किया पथराव

- बस के चालक, परिचालक सहित यात्री घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**कानपुर** से दिल्ली जा रही फजलगंज रोडवेज डिपो की बस पर तीन अज्ञात बाइक सवारों ने अचानक पथराव कर दिया। जिससे बस के आगे के शीशे टूट गए और बस के चालक और परिचालक घायल हो गए। घटना के बाद चालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को जनपद उन्नाव के पोस्ट माछी निवासी बस चालक अजीत मिश्रा पुत्र सतीश मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि दोपहर करीब 02 बजे वह कानपुर से फजलगंज डिपो की बस लेकर दिल्ली की ओर जा रहा था। तभी गुरसहायगंज पूर्वी बाईपास पर लाल रंग की मोटरसाइकिल अपाचे पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उसकी बस पर पथराव कर दिया। जिससे उसके बस के आगे लगे शीशे टूट गए और बस चालक अजीत एवं परिचालक आदित्य घायल हो गए। वही बस में यात्रा कर रहे 27 यात्रियों में हडकम्प मच गया। जबकि बस में सवार प्रशांत पाठक को भी चोटे आई हैं। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।




कोतवाली के बाहर खड़ी क्षतिग्रस्त रोडवेज बस

## जामुन के पेड़ से गिरकर नौ वर्षीय बालिका घायल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर में जामुन के पेड़ से गिरकर एक 9 वर्षीय बालिका गम्भीर रुप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर निवासी रामआसरे की 9 वर्षीय पुत्री आरती पेड़ पर लगे जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ गई, अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई।

# रोड पर मक्का फैलाकर सुखाने वाले आठ किसानों पर की गई कार्रवाई

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**रोड पर** मक्का फैलाकर सुखाने वाले आठ किसानों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धारा 34 के तहत कार्यवाही की है। गौरतलब है कि सड़क पर किसानों द्वारा मक्का व मूंगफली फैलाकर सुखाई जा रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बीते दिवस डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को निर्देशित किया था, कि किसानों को अवगत कराया जाए कि रोड पर मक्का आदि सुखाने के लिए न फैलाएं। डीएम के आदेश के बाद अधिकारी और कर्मचारी लगातार किसानों को इस सम्बन्ध में जागरुक कर रहे थे, इसके बावजूद किसान लगातार सड़कों पर मक्का आदि सुखाने से बाज नही आ रहे हैं। रोड पर मक्का फैलाकर सुखाने की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियान चलाया गया, जिसके तहत सदर कोतवाली पुलिस ने सर्वेश पुत्र रामचन्द्र सक्सेना कमलेश राठौर पुत्र पातीराम निवासी ग्राम बलारपुर, अभिषेक कटियार पुत्र मुकेश कटियार निवासी ग्राम मानपुर, हरीश चंद्र पुत्र शिवरतन निवासी ग्राम सुल्तानपुर, मोहित कुमार पुत्र जयनंदन, श्रीनिवास पुत्र रामप्रकाश व अर्जुन पुत्र रामसनेही, रामू पुत्र कैलाश चंद्र निवासी गण ग्राम नेरा को हिरासत में लेकर धारा 34 के तहत कार्यवाही की है।

## गंगा में डूब रहे युवक को गोताखोरों ने निकाला, कानपुर रेफर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अपनी दादी के दाह संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा स्नान करते समय गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को गंगा से निकाला। युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना रसूलाबाद के ग्राम भोलापुर निवासी 28 वर्षीय रामबाबू पुत्र राममेश्वर शनिवार को परिजनों के साथ अपनी दादी के दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने महादेवी गंगा घाट आया था। यहां गंगा में स्नान करते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। युवक को डूबता देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय गोताखोरों ने गंगा में छंलाग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद रामबाबू को गंगा से बाहर निकाला। युवक की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने आनन-फानन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

## राशन वितरण के दौरान कर्मचारी से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहल्ले के लोगों ने दुकान पर राशन बांट रहे युवक के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासी संजीव कुमार दोहरे ने पुलिस को बताया है कि नगर के मोहल्ला गांधी नगर में वह सुगर लाल पाल की उचित दर विक्रेता सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर कार्य करता है। शनिवार की दोपहर वह नट मोहल्ले की महिलाओं को राशन वितरित कर रहा था। तभी मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने उसकी दुकान पर आकर उसके साथ जातिसूचक अभद्रता करते हुए घर पर आकर अंगूठा लगवाने की बात कही और ना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी भी दी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निराश्रित गौवंशों को संरक्षित रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता: डीएम

- सभी ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत के नाम का बोर्ड लगवाए जाने के निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गाधी सभागार में निराश्रित गौवंश, आयुष्मान कार्ड, आपरेशन कायाकाल्प के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निराश्रित गौवंशों को संरक्षित रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। निराश्रित गौवंशों को हरा चारा हेतु नैपियर घास लगायी जाए। निर्माणाधीन गौशालाओं कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में कैम्प लगवाकर कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाये। सभी ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत के नाम का बोर्ड लगवायें। अभियान चलाकर जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त खंड विकास अधिकारी एव पशु चिकित्साधिकारी निरंतर अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर देखें यदि कोई गोवंश बाहर घूम रहे हैं तो उनको गौशाला में संरक्षित किया जाए। कहा कि यह कार्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। गौवंशों को हरे चारे के संबंध मे निर्देश दिये कि नैपियर घास को अधिक से अधिक स्थानों पर उगाई जाये, जिससे गौवंशों को मात्रा में हरा चारा मिल सके। उन्होने गाँवशों के चारा आदि के सं

बंध में जानकारी की जिसमें बताया गया कि समस्त आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने जनपद में आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि ग्राम पंचायतवार सूची समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करवा दे, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प लगवाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित करायें। इस कार्य में लापारवाही करने वाले के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएंगी। कहा कि प्रत्येक ब्लाक में एक-एक नंदी गौशाला अवश्य बनायी जाये। समस्त पशु बाजार के मालिकों को नोटिस जारी कि जाये कि बाजार में कोई भी निराश्रित गौवंश न छोड़ा जाये। जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए कहा कि कायाकल्प के अन्तर्गत जो कार्य शेष है उनको जल्द से जल्द पूर्ण करायें। कहा कि जिन विद्यालयों में टाइल्स लगाने का टाइलीकरण कार्य नही हुआ है, उन विद्यालयों में जल्द से जल्द टाइल्स लगवाने का कार्य सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त पशु चिकित्सक मौजूद रहे।




बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल समृद्धि न्यूज

# तीन दर्जन बीज दुकानों पर छापेमारी, पांच लाइसेंस निलंबित, चार को नोटिस जारी

▸ 38 दुकानों पर की छापेमारी, 23 के लिए गये नमूने, मचा हड़कंप



बीज की दुकानपर छापेमारी करते कृषि विभाग के अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी द्वारा जनपदों के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्यों पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर कृषि विभाग एवं अन्य विभागों की टीम गठित कर छापेमारी का आदेश दिये। जिसके क्रम में टीम ने 38 दुकानों पर छापेमारी की तथा 23 नमूने लिये गये। जिन्हें जांच के लिए भेजा गया। समुचित अभिलेख न दिखाने व प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के पर पांच विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिया गया, जबकि चार को कारण बताओ नोटिस दिया गया।

जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने अवगत कराया कि टीम ने 38 दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान नवाबगंज अचरा रोड स्थित गुप्ता बीज भण्डार, कायमगंज रेलवे रोड स्थित राजन बीज एजेंसी, नवाबगंज बाइपास स्थित काव्या कृषि सेवा केंद्र, रेलवे रोड स्थित कृष्णा ट्रेडर्स, नवाबगंज स्थित विजय खाद भंडार का लाइसेंस निलंबित कर दिया। इसके अलावा अभिलेख अपूर्ण होने पर प्रतिज्ञा खाद भंडार उम्मरपुर, केएस बीज भंडार नवाबगंज, गुप्ता बीज भंडार मोहम्मदाबाद रोड नवाबगंज एवं हर्ष खाद एवं बीज भंडार नवाबगंज को कारण बताओ नोटिस दिया गया। टीम ने बताया कि 23 दुकानों से नमूने भरे गए है। जिन्हें जांच हेतु भेजा।

# मारपीट में चार को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज जानमाल की धमकी देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु चंद्र वैश्य ने 4 लोगों को दोषी करार देते हुए ती-तीन वर्ष का कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने अभियुक्त विक्की, किशन, दीपू व दिनेश को धारा 323 के अरोप में छह-छह मह का कारावास व 500-500 के अर्थ दंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर 15-15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त विकी किशन को 364 में एक 1 वर्ष का कारावास व 1-1 हजार रुपये के अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास व विक्की, किशन, दीपू, दिनेश को धारा 308 में प्रत्येक व्यक्ति को तीन-तीन वर्ष का कारावास पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अदा न करने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास, विक्की, किशन दीपू, दिनेश को धारा 506 में एक 1 वर्ष कारावास व 1000 अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर एक 1 माह का कारावास भुगतना होगा। धारा 504 में चारों आरोपी को दोषमुक्त किया गया। वादी मातादीन निवासी सोता बहादुरपुर कोतवाली फर्रुखाबाद ने 5 अक्टूबर 2010 में मुकदमा दर्ज किया था। उसकी भाभी शौच के लिए खेत की ओर गई थी, तभी आरोपियों ने हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर एक राय होकर मेरी भाभी और भाई के साथ मारपीट की जानमाल की धमकी दी थी। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी।

## कोटेदार के चुनाव में गुप्त मतदान कराए जाने की मांग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोटेदार का चुनाव हाथ उठाकर कराया जाता है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। गुप्त मतदान कराए जाने की की मांग ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को मांग पत्र देकर चुनाव मत पेटियों द्वारा कराए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर चैन में कोटेदार लज्जाराम द्वारा कुछ माह पूर्व इस्तीफा दे दिया गया। जिसका ग्राम प्रधान सतीश और सचिव अरुण फौजी द्वारा 15 जून को मुनादी करवा कर चुनाव होना तय हुआ था। जिसमें ग्राम प्रधान बाहर चले जाने उसे बैठक स्थगित कर दी गई थी। कुछ ग्रामीणों ने शनिवार को खंड विकास अधिकारी मोहम्मद समीम अशरफ को ग्रामीणों ने शनिवार को प्रार्थना पत्र दिया और मांग कि की गुप्त मतदान कराया जाए और विद्यालय में कराया जाए, पंचायत घर में न कराया जाए।

# न0पा0का0 ईओ ने खराब फ्रीजरों को कराया सही



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भीषण कर्मी के चलते कायमगज नगर पालिका अधिशाषी अधिकरी धनुष धारी उर्फ डी0डी0 सिंह ने नगर में भ्रमण कर पालिका के फ्रीजर चेक किये। निरीक्षण के दौरान 10 फ्रीजर सही पाये गये तथा 4 फ्रीजर खराब थे। जिन्हे अधिशासी अधिकारी ने तुरन्त सही कराया और फ्रीजर का पानी चलाकर चेक किया। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी में लोगों को फ्रीजर के ठंडे पानी से राहत मिलेगी। जिससे लोगों को पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस दौरान आरआई अन्शुमन शुक्ला, जेई प्रशान्त कुमार, वरिष्ठ लेखाकार, वरिष्ठ लिपिक विजय कुमार सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

## मारपीट की एनसीआर दर्ज

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के चिलांका निवासी अजय पाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि अपनी दुकान से वापस घर जा रहा था, तभी राजबहादुर पुत्र फकीरे लाल, राहुल, राहुल का साला, राहुल की पत्नी ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# महाजनसंपर्क अभियान के तहत गिनाई सरकार की उपलब्धियां



नारायन आश्रम में भाजपा की बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 09 वर्ष पूर्ण होने पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को नारायण आश्रम पांचालघाट विधानसभा अमृतपुर में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, जिला अध्यक्ष भाजपा रुपेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भूदेव राजपूत, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, धर्मेंद्र राजपूत, नवाबगंज मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, अमृतपुर अनुराग सिंह ने भाग लिया। इस दौरान केंद्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा की गयी। साथ ही कहा गया कि इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचायें। जिससे लोग जन कल्याणकारी योजनाओं को जान सकें और उनका पूरा लाभ ले सकें। इस मौके पर भाजपाई मौजूद रहे।

## जिला योजना समिति के चुनाव के लिए दस लोगों ने की दावेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला योजना समिति के चुनाव के लिए 10 लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अनारक्षित वर्ग खंड (क) बृजेश कुमार पुत्र सुभाष चंद्र शुक्ला मोहल्ला बजाजा फतेहगढ, व भारतीय जनता पार्टी दुर्गा नगर से सभासद बिटाना देवी पत्नी रामवीर सिंह, नीलम निवासी बारह पत्थर कंपिल, वही खंड (क) अनारक्षित वर्ग महिला सीमा पत्नी अतुल निवासी विषारी देवी नगर संकिसा बसंतपुर, खंड (क) अनुसूचित जाति महिला से बबली पत्नी कमलेश कुमार निवासी कबीर नगर मोहम्मदाबाद, पूनम देवी पत्नी उमेश कुमार जटवार, जदीद, खंड का अन्य पिछड़ा वर्ग संजीव बाथम पुत्र लाल सिंह बाथम किदवई नगर, निर्मला शाक्य पत्नी अशोक कुमार निवासी रकाबगंज खुर्द, जूली पत्नी राजीव सिंह निवासी काशीराम कॉलोनी, अनुराग यादव पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी इंदिरा नगर कमालगंज ने अपने-अपने नामंकन पत्र दाखिल किया। मतदान 25 जून वह मतगणना उसी दिन 3 बजे से प्रारंभ होगी और परिणाम देर शाम तक आ जाएगा।

# रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया मोहम्मदाबाद का डाक बंगला

▸ फसलें तैयार की जा रहीं, लेकिन फुलवारी के लिए नहीं है पानी



जर्जर हालत में डाक बंगला

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद का डाक बंगला खंडहर में तब्दील हो गया है। अब यह अराजकतत्वों की शरणस्थली बन गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अंग्रेजों ने जन समस्यायों का सुगमता से निस्तारण के लिए कस्बा के दक्षिण पूर्व में एक भव्य इमारत बनाकर अतिथिग्रह का रुप दिया था। अंग्रेजों के जाने के बाद अभी कुछ वर्ष पूर्व तक इस सरकारी गेस्ट हाउस में अधिकारी और मंत्रीगण आकर रुकते थे। आज यह डाक बंगला रखरखाव के अभाव में जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। इसके रखरखाव की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग के कंधों पर है। मौजूदा समय में यहां स्थित भूमि पर घुईया, तरोई और हरा चारा इन खेतों में खड़ा है, जबकि गेंहू की फसल काटी जा चुकी है। वहीं इमारत की छत पर बड़े-बड़े पीपल के पेड़ खड़े है। झील झांकड़ से इमारत ढक गयी। इमारत के किबाड़, चौखट और खिड़कियां कब चोरी हो गये हैं। कोई बताने को तैयार नहीं है। शराबियों और अपराधियों की शरणस्थली यह स्थान बन गया है। अतिथिग्रह की इस दुर्दशा के सम्बन्ध में जब रनर विजय कश्यप, जिलेदार राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इसकी मरम्मत के लिए अभी तक कुछ भी धन मुहैया नहीं कराया गया है। इसकी जमीन पर फसल उगाने की पूछने पर वह कन्नी काटने लगे। वहीं कितनी बड़ी बिडम्बना है कि इनकी फसल के लिए तो चाहर दीवारी में लगे सरकारी नलकूप से पानी मुहैया है, वहीं फुलवारी बिना पानी के सूख रहे है।

# खबरें चलते-चलते

## युवा कांग्रेसियों की भारत जोड़ो यात्रा आज

**फर्रुखाबाद (सं)।** 18 जून रविवार को युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष शुभम तिवारी के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन से पूर्व उनकी सोच के अनुसार नफरत, बेरोजगारी, महंगाई के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा गुरगांव देवी मंदिर से लालगेट फौब्बारे तक आयोजित होगी। यात्रा सुबह 8 बजे प्रारम्भ होगी। यह जानकारी युवा जिलाध्यक्ष शुभम तिवारी ने दी है।

## सेलेब्रिटी मीट अप कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद (सं)।** युवा जन कल्याण विकास समिति के तत्वावधान में वाई.जे.के.वी.एस. क्लब द्वारा सेलेब्रिटी मीट अप कार्यक्रम का आयोजन 18 जून दिन रविवार को प्रातः 10 बजे नगर के उत्सव गेस्ट हाउस में होगा। यह जानकारी आयोजक संजीव बाथम ने दी है।

## काकुत्स्थ विकास महासभा की बैठक आज

**फर्रुखाबाद (सं)।** काकुत्स्थ विकास महासभा की जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 18 जून दिन रविवार प्रातः 10 बजे जिलाध्यक्ष डॉ0 जागेश्वर प्रसाद सक्सेन के आवास पर मदारवाड़ी में सम्पन्न होगी।

## संस्कार भारती की कार्यशाला का समापन उत्सव आज

**फर्रुखाबाद (सं)।** संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन 18 जून को प्रातः 8 बजे सम्पन्न होगा। सचिव दिलीप कश्यप ने बताया विभिन्न विधाओं की कला के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी होंगी।

## द राइजिंग स्टार डांस कम्पटीशन का सेमीफाइनल आज

**फर्रुखाबाद (सं)।** द राइजिंग स्टार डांस कम्पटीशन का सेमीफाइनल कार्यक्रम एनएकेपी डिग्री कालेज में 18 जून शाम 4 बजे होगा।

# संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन, बच्चों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र



प्रमाण पत्र के साथ बच्चे तथा मौजूद संस्था के पदाधिकारी

▸ प्रमाण पत्र पाकर बच्चे खुशी से झूमे
▸ समाजसेवियों ने की संस्था के कार्यों की सराहना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की कला संस्कृति ग्रीष्मावकाश कार्यशाला में विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही आई टेस्ट के लिए टोकन का वितरण किया गया। नगर के सेनापति स्ट्रीट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मावकाश कार्यशाला में प्रतिदिन कथक, ढोलक, सौंदर्य कला, मेंहदी, सिलाई नृत्य आदि का प्रशिक्षण देकर बच्चों को हुनरमंद बनाया जा रहा है। साथ ही समाज और संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को कार्यशाला समापन की तैयारियों को रूपरेखा तय की गई। प्रशिक्षण ले रहे विभिन्न विधाओं के बच्चों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र पाकर बच्चे फूले नहीं समाये। वहीं संस्था के कार्यों की समाजसेवयों ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, अरविंद दीक्षित, मनोज मिश्रा, डॉक्टर राकेश गंगवार, डॉक्टर रविंद्र, अनुभव सारस्वत, अर्पण शाक्य, डॉक्टर ज्योति गुप्ता, सुरेंद्र पाण्डेय, संजय गर्ग, अर्चना द्विवेदी, सुनीता सक्सेना, डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव, कवि दिलीप कश्यप सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें, नौ का हुआ निस्तारण




तहसील दिवस में शिकायतें सुनते डीएम

▸ ज्यादातर मामले जमीन से संबंधित आये

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील दिवस डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 152. शिकायतें आयीं। जिसमें से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कायमगंज तहसील सभागार मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गयाष जिस की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय सिह ने दूर दराज से आये फरियादियों की शिकायतें सुनकर सम्वन्धित अधिकारी को जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधिक्षक अशोक कुमार मीणा भी मौजूद रहे। क्षेत्र के गाँव बढ़ार मजरा जिनौल निवासी अजय कुमार पुत्र छोटे लाल ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव विल्सड़ी निवासी ओमशिव चतुर्वेदी ने पूर्व प्रधान व पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार उर्फ राधाकृष्ण ने फर्जी पता दर्शाकर तीन लाइसेंस करा लिये।

वहीं नवावगंज याना क्षेत्र के गॉव वलीपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र गब्बर सिंह ने डीएम से शिकायती पत्र देकर कहा कि हमारा जमीन के बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। जिसमें मुझे स्टे मिल गया। इसी बात को लेकर विपक्षियों ने मारापीटा। इस मौके पर एसडीएम संजय सिंह, सीओ सोहराव आलम, तहसीलदार सन्तोष कुमार कुशवाहा, बीडीओ मोहम्मद आरिफ व नायव तहसीलदार मौजूद रहे।

# क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण




प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद बीडीओ व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से सरकार से संस्था उजाला वेलफेयर सोसाइटी ने जिले के विकास खण्ड शमसाबाद मे आयोजित दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, जिपं सदस्य, सामाजिक अभिरूचि रखने वाले नागरिकों के क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में जिला समन्वय अनिल जयसवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य अतिथि बीडीओ मो0 शमीम, अशरफ ब्लाक प्रमुख सुषमा वर्मा, ए0पी0ओ0 कुलदीप सिंह यादव एवं ब्लाक क्वार्डिनेटर सोनू जयसवाल मौजूद रहे। संचालन पूजा सिंह ने किया।

# हनुमानजी के स्वरुप बंदरों को भोजन कराने से सूर्य भगवान प्रसन्न होते हैं: चंद्रपाल यादव



बंदरों को चना खिलाते सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव प्रतिदिन गंगा स्नान करते हैं। साथ ही बंदरों को चना खिलाते हैं। यह कार्य वह पिछले कई वर्षो से लगातार करते चले आ रहे हैं। बंदरों को हनुमानजी का स्वरुप माना गया है। बंदरों को केला, चना, गुड़ व फल आदि खिलाने से पुण्य मिलता है, क्योंकि जिस तरह से भूखों को खाना खिलाया जाता है और पुण्य मिलता है, उसी तरह बंदरों को बंदरों को भोजन कराना और फल खिलाना शुभ माना गाया है। बंदरों को खाना खिलाने से सूर्य भगवान प्रसन्न होते हैं। ऐसा सपना लाखों में एक इंसान को होता है। जो बंदरों को खिलाता है। साथ ही इस भोजन से बंदरों की भी किस्मत चमक जाती है। शारीरिक व मानसिक कष्ट अपने आप दूर होने लगते हैं। ऐसी मान्यता है कि भूत, प्रेत आदि ऐसे लोगों से दूर रहते हैं। जो हनुमानजी के स्वरुप माने गये बंदरों को फल, चना आदि खिलाते हैं। रामायण में बानर सेना का उल्लेख है है कि वह पर्वतों व जंगलों में रहते थे। उनकी सेवा करने वाला कभी सुख समृद्धि से वंचित नहीं रहता है। सनातन धर्म में हर व्यक्ति को इस तरह की सेवा कार्य करने का अवसर मिलता है। जो इस पुनीत कार्य में लग जाता है रामायण के अनुसार उन्हें मनवांछित फल मिलता है। चंद्रपाल यादव ने बताया बचपन से ही हम बंदरों को चना आदि खिलाते चले आ रहे हैं। इन दिनों मैंने यह कार्य रोजाना शुरु कर दिया है और अपने जीवन में इनको भोजन कराना अपना लक्ष्य मान लिया है। यह कार्य शारीरिक क्षमता के अनुसार जारी रखेंगे। ऐसा करने से मन को अंदर से अनुभूति मिलती है और कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।

# थानों में भी विधिक सेवा सुचारु करने के दिये गये निर्देश



पुलिस कर्मियों के साथ बैठक लेते न्यायिक अधिकारी नरेन्द्र प्रकाश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कोतवाली फतेहगढ़, मोहम्मदाबाद, मऊदवाजा, फर्रुखाबाद, कमालगंज महिला थानाध्यक्ष संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता अपर जिला जज नरेंद्र प्रकाश ने की। मासिक कार्य योजना एवं राष्ट्रीय लीगल एण्ड क्लीनिक विनियम के अनुसार तहसील एवं थाना स्तर पर लीगल क्लीनिक के माध्यम से विधिक सेवा कार्यक्रमों को संचालित कराया जाना है।इस संचालन के लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। नामिका अधिवक्ता विधि स्वयं सेवक उचित स्थान पर व्यवस्था हेतु फर्नीचर डालकर तहसील व थाना दिवस में भागीदारी सुनिश्चित करें। इस मौके पर कपिल कुमार, राजेश राय, शशीकला, सुहेल खान, अमरपाल मौजूद रहे।

# एनसीसी शिविर में आग बुझाने के सिखाए गए तरीके



कैडेटों को आग बुझाने का ड्रिल शस्त्र प्रशिक्षण देते अधिकारी

▸ साथ ही अन्य आपदाओं व उनसे निपटने के गुर भी सिखाये गये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ द्वारा आयोजित एनसीसी कैंप जो कि कैंप कमांडेंट कर्नल रोमिल शर्मा के नेतृत्व में 11 जून से 20 जून तक संचालित हो रहा है। कैंप में विभिन्न कॉलेज, स्कूलों से आए बालक, बालिका कैडेट्स पीटी वा योगाभ्यास, ड्रिल शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, मानचित्र अध्ययन, बाधा प्रशिक्षण, खेलकूद आदि क्रियाकलाप व प्रशिक्षण में सिखलाई ले रहे हैं।

विभिन्न विषयों पर एएनओ व पीआई स्टाफ द्वारा व्याख्यान दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज अग्निशमन विभाग फतेहगढ़ से आई टीम ने बच्चों को आग के प्रकार, आग लगने के कारण व बुझाने के तरीके सिखाएं। टीम प्रभारी एफएसएसओ शिव प्रताप के नेतृत्व में टीम ने आगजनी की घटनाएं एलपीजी सिलेंडर की आग पर काबू पाने के तरीके का प्रदर्शन भी किया।

साथ ही अन्य आपदाओं व उनसे निपटने के गुर सिखाए। टीम के अन्य सदस्यों में एलएफएम विनोद सिंह एवं एफएम वीरेश कुमार, अभिमन्यु सिंह, आशीष उपाध्याय शामिल थे। इस दौरान कैप्टन संदीप माधव, थर्ड अफसर अमित नोएल दयाल, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, सूबेदार कमलेश व सुरेश कुमार, हवलदार हरजिंदर व दिनेश आदि के अला वा एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन के बाहर पुराने मॉडल शाप में पड़ा मिला शव

▸ नहीं हो सकी शिनाख्त, शव को भेजा गया मोर्चरी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन के बाहर बने पुराने मॉडल शॉप के अंडरग्राउंड की सीढ़ियों पर लोगों ने शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को बाहर निकालकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन के बाहर बने पुराने मॉडल शॉप के अंदर से बदबू आने पर लोगों ने मॉडल शॉप अंडरग्राउंड की सीढ़ियों पर देखा तो एक शव पड़ा था। इस दौरान लोगों की भीड़ लर्ग और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के लिए प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। ऐसा लग रहा था कि शव लगभग 3-4 दिन से पड़ा हुआ है।

## खेत पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** खेत पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। क्षेत्र के गांव गंगपुर निवासी नरेंद्र ने दी तहरीर में बताया कि उनका खेत गांव से कुछ दूरी पर स्थित है। शनिवार दोपहर गांव निवासी आधा दर्जन लोग असलहों के बल पर खेत को जोतने लगे। सूचना मिलने पर नरेंद्र ने खेत पर जाकर देखा तो उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सभी ने नरेंद्र की लाठी-डंडों से पिटाई कर। जिससे नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजनों को आता देख सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# थाना गेट के सामने दबंग ने कांस्टेबिल को लात घूसों से पीटा

▸ फल का मोलभाव करने के दौरान घटी घटना
▸ पुलिस ने आरोपी युवक का शांतिभंग में किया चालान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** फल के मोलभाव करने पर ठेली विक्रेता ने कांस्टेबिल को थाने के गेट के सामने लात-घूसों से जमकर पीटा। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर आरोपी युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव पाहला निवासी सुशील कुमार यादव पुत्र पुत्र महावीर यादव जो की श्याम नगर कानपुर में कांस्टेबिल के पद पर तैनात है। छुट्टी में अपने गांव आया था। शनिवार को वह कमालगंज से फल खरीदने सब्जी मंडी में ठेली पर फल लगाये मोनू पुत्र कन्हैया निवासी जवाहर नगर से मोलभाव में गाली-गलौज होने लगी। देखते ही देखते दोनों में हाथापाई होने लगी। घटना की तहरीर कांस्टेबिल सुशील ने थाने में दी। पुलिस ने ठेली वाले मोनू को थाने बुलाया। जहां दोनों में समझौता हो गया। समझौते के बाद थाने के गेट पर फिर से दोनों में विवाद होने लगा। ठेली संचालक मोनू ने कांस्टेबिल सुशील की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। पुलिस ने आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

## युवती को ले जाने में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** घर में घुसकर मारपीट कर युवती को ले जाने के मालले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नेकपुर कलां निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनकी 21 वर्षीय बड़ी पुत्री अपनी छोटी बहन के साथ घर पर थी, तभी रात्रि 8:30 बजे दो अज्ञात युवक घर में घुस आये और मारपीट की बड़ी पुत्री को अपना साथ ले गये। घर पहुंचने पर छोटी पुत्री ने घटना बतायी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# टप्पेबाजों ने युवक की जेब काटकर 15 हजार रुपये किये पार



टप्पेबाजी का शिकार पीड़ित

▸ टेंपो से पुत्र की फीस जमा करने जा रहा था पीड़ित
▸ पुलिस ने तहरीर के आधार पर टेंपो चालक को लिया हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुत्र की फीस जमा करने टेंपों से जो युवक की टप्पेबाजों ने जेब काटकर पीड़ित के 15 हजार रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने टेंपों चालक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा थाना राजारामपुर के गांव नगला गनु निवासी सुबोध कुमार पुत्र रणवीर सिंह जो शमशाबाद रेलवे स्टेशन से उतरकर टेंपों द्वारा कस्बा नवाबगंज में अपने एक रिश्तेदार के यहां आकर पुत्र की आईटीआई की फीस जमा करने फर्रुखाबाद जाने के लिए नवाबगंज जा रहे थे। पीड़ित जैसे ही टेंपों में बैठा तो उसके साथ एक व्यक्ति और भी बैठ गया। थोड़ा आगे चलकर दूसरा व्यक्ति भी बैठ गया। जैसे ही टेंपो चला वैसे ही युवक जोर-जोर से चिल्लाने लगा तथा टेंपो रोकने के लिए आवाज लगायी। चाकल ने टेंपों रोक दिया, तभी दोनों युवक टेंपों से नीचे उतरे और पीछे चल रही अपाचे बाइक पर बैठकर फरार हो गये। पीड़ित ने पैंट की तरफ देखा तो जेब कटी थी। उसने हाथ डाला तो उसके 15 हजार रुपये गायब थे। घटना की सूचना एक रिश्तेदार इंटर कालेज के प्रिंसिपल को दी। पीड़ित ने अपने रिश्तेदार के साथ थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने टेंपों चालक को हिरासत में ले लिया। दरोगा प्रमोद यादव ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## मोपेड व साइकिल की भिड़ंत में दंपत्ति घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मोपेड व साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में मोपेड सवार दंपत्ति गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अचरा निवासी रामवीर पुत्र पूरन लाल मोपेड से अपनी पत्नी सुमन के साथ नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव करनपुर की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम बांसमई के पास उनकी मोपेड अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे साइकिल सवार से जा टकरायी। जिससे मोपेड सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया।

# ब्लॉक प्रमुख ने बैठक में पांच करोड़ के प्रस्ताव पर लगायी मोहर



बैठक लेंती ब्लाक प्रमुख सुषमा राजपूत व मौजूद बीडीओ आदि

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों के साथ ब्लॉक प्रमुख ने बैठक कर 5 करोड़ के प्रस्ताव पर मोहर लगा दी। ब्लाक प्रमुख सुषमा राजपूत ने ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ब्लॉक परिसर में बैठक की। क्षेत्र पंचायत सदस्यों से गांव में समस्याओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में 100 काम में 5 करोड़ के प्रस्ताव पास हुए। जिसमें नाला, सड़क और पशु अस्पताल की मरम्मत कराए जाने के लिए रखे गए। बैठक में 96 प्रधानों में 60 प्रधान मौजूद हुए। 95 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में 70 क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। बीडीओ शमीम अशरफ ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से गांव में बाल श्रम रोकने के लिए आग्रह किया और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से बच्चों को शिक्षा दिलाए जाने की सलाह दी। नरेगा या और किसी काम में कम उम्र के बच्चों से काम ना करें, केवल बच्चों को स्कूल जाने की सलाह दें।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ससुर रामकिशोर राजपूत, ग्राम प्रधान इकलाख अहमद, सरनाम सिंह, सुदेश गंगवार सहित तमाम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# युवक की मौत के मामले में कार्यवाही न होने पर परिजनों ने घेरा थाना

▸ थानाध्यक्ष ने कार्यवाही का आश्वासन देकर परिजनों को किया शांत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में हुई मौत के मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। जानकारी होते ही परिजन थाने पहुंचकर घेराव किया और कार्यवाही की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष ने कार्यवाही का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

थाना कादरीगेट निवासी चंदन सक्सेना का पुत्र करन सिंह छह माह पूर्व नरकसा निवासी सचिन चौरसिया के आरओ प्लांट में मजदूरी का कार्य करता था। वह अहमदाबाद काम करने चला गया था। चार दिन पूर्व ही करन घर लौटा था। बीते दो तीन पूर्व सचिन करन को घर से ई-रिक्शा से पांचाल घाट की कहकर ले गया था। कुछ देर बाद सचिन ने फोन पर सूचना दी कि जमापुर मोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें करन गंभीर रुप से घायल हो गया है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने करन को उपचार के लिए लोहिया लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुत्र की हत्या किये जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और छोड़ दिया। जिसकी जानकारी होने पर परिजन शुक्रवार की रात्रि कादरीगेट थाने पहुंचकर घेराव किया और कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने उत्तेजित परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। थानाध्यक्ष बोले के जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस ने दो युवकों को तीन पानी की पंप व इंजन के सामान सहित दबोचा

**कंपिल (सं.)।** शनिवार सुबह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर दो युवकों को तीन पानी की पंप व इंजन के अन्य सामान सहित दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में युवकों ने अपने नाम राजू उर्फ राजीव निवासी शकरुल्लापुर थाना नवाबगंज व नरवीर वाल्मीकि निवासी मोहल्ला नई वस्ती कोतवाली कायमगंज बताया है। दोपहर बाद दोनों आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया गया।

## खबरें चलते-चलते

### आमने-सामने बाइक भिड़ंत में युवक घायल

**कमालगंज (सं.)।** आमने-सामने बाइक भिड़ंत युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर निवासी उषा देवी पत्नी कमलेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 16 जून को मैं अपने पति कमलेश कुमार के साथ बाइक संख्या यूपी 76एन/9731 दवा लेने जा रही थी। रास्ते में अलाउद्दीनपुर के सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार संख्या यूपी 76बी/6232 ने तेजी एवं लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे मेरा पति घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक पर बैठे तीन युवक शराब के नशे में थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### मार्ग दुर्घटना में बोलेरो चालक पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं)।** बोलेरो व ई-रिक्शा की हुई आमने-सामने भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। मृतक के भाई ने बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरापुर निवासी ओमकार पुत्र रामगोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 14 जून को शाम 9:30 बजे उसका भाई जितेंद्र पुत्र रामगोपाल परिवार के शिवरतन पुत्र जबर सिंह, अरुण कुमार पुत्र नेमसिंह पल्लेदारी के लिए कोल्ड में जा रहे थे। जैसे ही यह लोग क्षेत्र के एक होटल के पास पहुंचे, तभी कमालगंज की तरफ से आ रही बोलेरो संख्या यूपी 32 सीजे/7385 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से गलत साइड में आकर ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें जितेंद्र एवं शिवरतन और अरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों लोहिया अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सक ने जितेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया और दोनों घायलों को रेफर कर दिया। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। दुर्घटना में ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फूड प्वाजनिंग होने से कई बारातियों की हालत बिगडी

**कमालगंज (सं.)।** बारात में खाना खाने के बाद वापस लौटे बारातियों की हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव खुदागंज निवासी आकाश पुत्र करनपाल की बारात जिला एटा के ग्राम मल्लमा गयी थी। बारात में खाने के बाद कुलदीप, परवेज पाल उमेश पाल इत्यादि लोग बस से बापस खुदागंज आ गये। सुबह 3 बजे लगभग करनपाल के रिश्तेदार धमेन्द्र, पलक, नाव्या, जीतू, सम्राट पाल निवासी खानपुर फफूंद जिला औरैया एवं निशांत निवासी बहादुरपुर दिल्ली और सूरज निवासी फतेहाबाद औरैया व अमान, विवेक निवासी खुदागंज सभी को उल्टी व दस्त चालू हो गये। उपचार के लिए खुदागंज स्थित निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। सुधार न होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर विकास पटेल ने अपनी टीम के साथ सभी का इलाज किया। दो की हालत गंभीर होने पर धमेन्द्र एवं जीतू को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### मुकदमे में समझौता न करने पर आरोपी दे रही धमकी

#### एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** मुकदमे में समझौता न करने पर दबंगों द्वारा जानमाल की धमकी देने व पुरानी फेसबुक आईडी व नये एकाउंट बनाकर युवती को बदनाम करने के मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के पुल मण्डी निवासी फूलमती पत्नी रघुवीर ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि पुत्री के साथ हुई घटना के मामले में पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी अतुल को जेल भेज दिया गया है। इसी रंजिश में अतुल का मामा इन्द्रेश व अतुल के पिता सकटे लाल, मां नामालूम, भाई नन्हे व लाल सिंह आये दिन घर पर आकर मुकदमा वापस लेने व समझौता का दबाव बना रहे है। मना करने पर उसके व उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दे रहे है। आये दिन आरोपीगण झगड़ा फसाद करते है। बीते दिनों उक्त लोगों ने पुरानी फेसबुक आइडी व नये एकाउंट बनाकर पुत्री को बदनाम करने की नियत से उसकी फोटो आइडी पर लगा रहे है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### जेवर को लेकर देवरानी को जेठानी ने पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** जेठानी द्वारा शादी में मिले जेवर रख लेने की बात कहकर देवरानी को जेठानी ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर जेठ व जेठानी के विरुद्ध तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदेला निवासी निशाता देवी पत्नी लाल मान ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह मैं अपने घर में झाड़ू लगा रही थी, तभी उनके ही जेठानी आई और अपने घर में धूल जाने की बात कहकर गाली-गलौज करने लगी। जब पीड़िता ने जेठानी के गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त आरोपी पीड़िता पर शादी में मिली ज्वेलरी रख लेने की बात कहकर मारपीट करने लगे। जिसमें जेठानी तथा जेठ द्वारा पीड़िता के अनुसार लाठी-डंडों से मारपीट करने की बात दर्शायी गई। मारपीट में पीड़िता घायल हो गई। पीड़िता अपने पति के साथ थाने पहुंची और पुलिस को आरोपी जेठानी सुदामा देवी पत्नी प्रकाश तथा जेठ प्रकाश के विरुद्ध तहरीर दी। नवाबगंज पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण हेतु नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# अचानक गांव में पहुंचा मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

▸ टीम ने काली नदी में छुड़वाया



मगरमच्छ को पकड़ती वन विभाग की टीम

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** अचानक गांव में मगरमच्छ को देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पुहंची पुलिस ने जांच कर घटना के संबंध में वन अधिकारियों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने मगरमच्छ को पकड़कर काली नदी में छोड़वा दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम साहसपुर में बीती रात्रि 1 बजे अचानक नदी से निकलकर मगरमच्छ गांव पहुंच गया। गांव के ही गुरुदेव बाथम के मकान के पीछे लगे इंजन पर रात्रि लगभग 2 बजे खेत की रखवाली करने वाले ग्रामीणों को एक विशालकाय मगरमच्छ को देख ग्रामीण एकदम डर गये। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को ट्रैक्टर पर लादकर गांव से लगभग 5 किलो मीटर दूर काली नदी में छोड़ दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## तिलक समारोह से एक दिन पहले दुल्हन प्रेमी के साथ फरार, पिता ने समाधान दिवस में लगायी गुहार



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तिलक समारोह के 1 दिन पहले दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दूल्हा बोला अगर मेरी शादी इसी लड़की से हुई तो आत्महत्या कर लूंगा। अमृतपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर उप जिला अधिकारी रविंद्र सिंह ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रहे थे, तभी एक मामला ऐसा आया, जिसमें तिलक समारोह से 1 दिन पहले ही दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 7 मई को सगाई हुई थी। 17 जून को तिलक चढ़ने वाला था। 22 जून को बारात आनी थी। यह बात जब दूल्हा व उनके परिजनों को पता लगी तो वहां राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमापुर पहुंचे तो उनको दुल्हन नहीं मिली। अगले ही दिन दुल्हन के परिजनों ने ढूंढा, लेकिन कोई पता नहीं चला। दूल्हे ने शादी से इनकार करते हुए कहा कि अगर मेरी शादी इस लड़की से हुई तो मैं आत्महत्या कर लूंगा। थाना नवाबगंज के ग्राम सिरमौरा निवासी पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर ने बताया कि जांच की जा रही है। आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सूचना

मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम विनीता राजपूत (VINEETA RAJPUT) गलत अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विनीता VINITA दर्ज है, जो सही है। मेरे पति के अभिलेखों में मेरा नाम विनीता VINITA दर्ज किया जाये।

**विनीता पत्नी सैन्य संख्या 18002049K हविलदार जयवीर सिंह 62 इन्जीनियर यूनिट, निवासी ग्राम हरसिंहपुर पोस्ट खलवारा, जिला फर्रुखाबाद।**

# नवागंतुक एसडीएम ने सुनी ग्रामीणों की फरियाद



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एसडीएम

▸ आयीं कुल 34 शिकायतों में किसी का नहीं हुआ निस्तारण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील अमृतपुर संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अमृतपुर तहसील में नवनियुक्त उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने फरियादियों की फरियाद को सुना। जिसमें कुल 34 शिकायतों में किसी का नहीं हो सका निस्तारण। सर्वाधिक शिकायतें भूमि से संबंधित आई। पीड़ित बृजेंद्र सिंह पुत्र रक्ष पाल निवासी रामपुर जोगराजपुर ने अपनी पैतृक जमीन पर घूरा डालकर अवैध कब्जा कर लेने के संबंध में, राजेश सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी माखन नगला ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने हेतु, रामतारा पत्नी श्रीपाल निवासी कलेक्टरगंज ने दबंगई से पीड़िता की गैलरी में दरवाजा रखने, रामसुखी पत्नी स्वर्गीय राम भजन निवासी ताजपुर ने शिकायत कर दर्शाया कि उसे मृतक दिखाकर पेंशन काट देने के संबंध में, प्रमोद सिंह पुत्र नौरंग सिंह निवासी ग्राम व थाना अमृतपुर ने खेत से रात में अवैध खनन करने के संबंध में, जयपाल सिंह पुत्र देशराज निवासी हमीरपुर परतापुर ने राजस्व निरीक्षक द्वारा पैमाइश की गई जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा ना छोड़ने के संबंध में, सुरेश सिंह पुत्र महेंद्र पाल सिंह ने चक मार्ग पर अवैध कब्जा कर लेने के संबंध में, प्रताप सिंह पुत्र देवी सहाय निवासी मोहद्दीपुर ने चक मार्ग खुलवाने के संबंध में शिकायत की। वहीं ग्राम सभा कुम्हरौर में संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मृदुल कुमार सक्सेना ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उनके संविलियन विद्यालय में मिड-डे-मील खातों का संचालन ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से हो रहा है। जिसमें प्रधान पति द्वारा मिड-डे-मील चेकों पर होने नहीं दिया जा रहा है। इससे मिड-डे-मील संचालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। मिड-डे-मील खातों को एकल करवाने की मांग की।

उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह ने कहा कि जो भी शिकायतें आई हैं उन सभी का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कह कि तहसील क्षेत्र के जो भी लोगों की समस्याएं तहसील संबंधित हैं वो सीधे तहसील आकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रवींद्रनाथ राय ने भी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित थानों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अमृतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल, राजेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर, पशु चिकित्सक डॉ0 पूरन चंद, पूर्ति निरीक्षक नेहा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व राजस्व कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

# दर्जा प्राप्त मंत्री ने परखी प्रधानमंत्री आवास योजना योजना की हकीकत

▸ आवास नेम प्लेट ना लगी होने तथा गालियों में गंदगी देखकर अधिकारियों को लगायी फटकार



पीएम आवासों का निरीक्षण करतीं पूजा पाल

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा राजेपुर में निरीक्षण के दौरान दर्जा प्राप्त मंत्री पूजा बाल्मीकि ने प्रधानमंत्री आवास में नेम प्लेट ना लगी होने, नालियों में गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की।

जानकारी के अनुसार शनिवार को दर्जा प्राप्त मंत्री पूजा बाल्मीकि ने विकास खंड राजेपुर का औचक निरीक्षण करने के बाद कस्बा राजेपुर में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का जायजा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हरि बिहारी पुत्र रामस्वरूप तथा नीलू पत्नी अशोक से बैठकर वार्ता की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने आवासों में नेम प्लेट ना लगी देखकर मंत्री का पारा चढ़ गया।

मंत्री ने वहां पर मौजूद संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए नेम प्लेट लगवाने के साथ कस्बा में नालियों में भरी गंदगी को देखकर शीघ्र साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। इस मौका पर बीडीओ कौशल कुमार गुप्ता, एडीओ अजीत पाठक, एपीओ राशिद खान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।